सूर्योदय 5:52 सूर्यास्त 6:56

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.5 न्यू | 24.0 अधि |
| धर्मशाला | 19.0 न्यू | 29.4 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80436.84 |
| निफ्टी | 24541.15 |
| सोना 69,980 | चांदी 84,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | सोमवार, 19 अगस्त 2024 | 4 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 242, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### के. कविता की जमानत याचिका पर सुनवाई आज



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धनशोधन मामलों में बीआरएस नेता के. कविता की जमानत याचिकाओं पर मंगलवार को सुनवाई करेगा। कोर्ट ने 12 अगस्त को के. कविता की जमानत याचिकाओं पर सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय ईडी से जवाब मांगा था। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ उनकी याचिकाओं पर सुनवाई करेगी।

### पैतोंगतार्न शिनावात्रा थाईलैंड की पीएम बनीं



**बैंकॉक।** थाइलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनावात्रा की बेटी पैतोंगतार्न शिनावात्रा रविवार को शाही मंजूरी पत्र मिलने के बाद देश की प्रधानमंत्री बनीं। थाइलैंड की संसद ने पैतोंगतार्न शिनावात्रा को शुक्रवार को देश की नई प्रधानमंत्री चुना था। पूर्ववती प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन को इससे दो दिन पहले संवैधानिक न्यायालय ने नैतिकता उल्लंघन के कारण पद से हटा दिया था। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने थाईलैंड की प्रधानमंत्री बनने पर पैतोंगतार्न शिनावात्रा को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करने के लिए उनके साथ मिलकर काम करने को लेकर आशान्वित हैं।

### राजस्थान के अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी

**जयपुर।** राजस्थान के कई अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। ई-मेल भेजने वाले ने दावा किया कि अस्पताल के बिस्तरों के नीचे और स्नानागार में बम रखे गए हैं। जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने चार अस्पतालों को धमकी मिली। इससे पहले जयपुर हवाई अड्डे और विद्यालयों में भी बम होने की इस तरह की धमकियां मिली थीं।

### रूस में लगे भूकंप के तेज झटके, 7.0 रही तीव्रता



**मॉस्को।** रूस में रविवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 7 दर्ज की गई। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे ने बताया कि भूकंप सतह से 18 मील (29 किलोमीटर) नीचे आया। इसका केंद्र पेट्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की से लगभग 63 मील (102 किलोमीटर) पूर्व में था। भूकंप में किसी की मौत या घायल होने की खबर नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार, भूकंप वाली जगह के पास तटीय इलाकों में कई घंटों तक समुद्र के जलस्तर में उतार-चढ़ाव हो सकता है।

# स्कूलों में 'डाक' के लिए भर्ती होंगे आउटसोर्स कर्मी : सुक्खू

## मुख्यमंत्री बोले- नशे के खात्मे के लिए 1200 'सुपर कमांडो' रखे जाएंगे

**विक्रम ढटवालिया, दोसड़का (हमीरपुर)**



हाथ हिलाकर अभिवादन स्वीकार करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

- टीचरों को बांटे टैबलेट बाल पौष्टिक आहार योजना का किया शुभारंभ
- कहा- प्रदेश में महाविद्यालयों का होगा युक्तिकरण

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रविवार को हमीरपुर में शिक्षा विभाग की दो योजनाओं प्राथमिक स्कूल शिक्षकों को टैबलेट वितरण और मुख्यमंत्री बाल पौष्टिक आहार योजना का शुभारंभ किया। उन्होंने टीचरा को टैबलेट बांटे।

सीएम ने कहा कि नशे के चुंगल से बच्चों को बचाने के लिए प्रदेश में 1200 सुपर कमांडो भर्ती किए जाएंगे। ये नशे के मामलों पर ही स्पेशल काम करेंगे। उन्होंने कहा कि स्कूलों में बार-बार के तबादलों म्युचुअल ट्रांसफर आदि से 5000 टीचर तो सालभर में ट्रांसफर ही चलते रहते हैं। इस प्रथा को बंद कर दिया है। सुक्खू ने कहा कि स्कूलों में आउटसोर्स आधार पर स्टाफ की भर्ती की जाएगी, ताकि अध्यापक डाक बनाने के काम से दूर रहें और बच्चों की पढ़ाई पर कोई असर न पड़े। पांच से कम विद्यार्थियों वाले स्कूलों को मर्ज किया जा रहा है। महाविद्यालयों का युक्तिकरण होगा। इस अवसर पर तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी, विधायक सुरेश कुमार, कैप्टन रणजीत सिंह राणा, विवेक शर्मा और कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष रामचंद्र पठानिया आदि मौजूद रहे।

### छह माह में नर्सों और डॉक्टर्स की होंगी नियुक्तियां

सुक्खू ने कहा कि 6 माह के भीतर नर्सों और डॉक्टर्स की नियुक्तियां प्रदेश के अस्पतालों में करके कमी को पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 75 साल से ज्यादा उम्र वाले पेंशन भोगियों को सारा बकाया देने का ऐलान कर दिया है। केंद्र सरकार के पास एनपीएस फंड का नौ हजार करोड़ से अधिक का पैसा फंसा हुआ है। यदि यह जल्दी मिल जाता है तो फिर कर्मचारियों को ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

### स्कूलों में बच्चों को सप्ताह में एक दिन मिलेंगे फल

**सुक्खू** ने कहा कि मुख्यमंत्री बाल पौष्टिक आहार योजना से प्रदेश के 15,181 स्कूलों के नर्सरी से आठवीं कक्षा तक के बच्चों को लाभ मिलेगा। बच्चों की पसंद को ध्यान में रखते हुए सप्ताह में एक बार उबले हुए अंडे या फल दिए जाएंगे। स्थानीय बाजार से ताजे फल खरीदे जाएंगे। इस योजना के लिए 12.75 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बजट आवंटित किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को शैक्षणिक भ्रमण पर विदेश भेजा जा रहा है। प्रथम चरण में नवीन शिक्षण प्रणालियों जानने के लिए 217 शिक्षकों को सिंगापुर भेजा गया। प्रदेश में शिक्षा अधोसंरचना के विकास पर भी विशेष बल दिया जा रहा है। सीएम ने शिक्षकों की मौजूदगी में उन्हें एरिया देने के लिए अभी 6 महीना का और इंतजार करने का दम भरवाया। डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत राज्यभर में 17,510 प्राथमिक शिक्षकों को टैबलेट दिए जाएंगे।

# कोलकाता रेप-मर्डर केस: सुप्रीम कोर्ट ने लिया संज्ञान, सुनवाई कल

## सीबीआई ने की घटनास्थल की 3डी मैपिंग, देशभर में विरोध-प्रदर्शन जारी

**एजेंसी, कोलकाता**

**कोलकाता** में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर केस पर सुप्रीम कोर्ट ने रविवार को स्वत: संज्ञान लिया है। 20 अगस्त को सुबह 10.30 बजे चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच सुनवाई करेगी।

कलकत्ता हाईकोर्ट न्यायालय ने इस मामले की जांच पुलिस से सीबीआई को स्थानांतरित किया था। जूनियर डॉक्टर से कथित बलात्कार और हत्या की वारदात के बाद देशभर में व्यापक स्तर पर विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। वहीं, सीबीआई टीम ने मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड की 3डी लेजर मैपिंग की। मामले की जांच कर रही सीबीआई ने बताया कि आरोपी संजय का साइकोलॉजिकल टेस्ट किया गया।

सेंट्रल फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी से मनोवैज्ञानिक और व्यवहार विश्लेषकों की 5 मेंबर्स की टीम यह टेस्ट कर रही है। इससे पता चल सकता है कि जघन्य अपराध को लेकर आरोपी संजय की क्या मानसिकता थी। 9 अगस्त को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर का रेप के बाद हत्या की थी। 14 अगस्त की देर रात अस्पताल में हिंसा हुई, जिसके बाद डॉक्टरों ने प्रदर्शन तेज किया।

### देशभर में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित




**ट्रेनी** डॉक्टर के रेप-मर्डर मामले में न्याय की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे पश्चिम बंगाल सहित देशभर के जूनियर डॉक्टर की हड़ताल रविवार को भी जारी रही, जिससे 10वें दिन भी स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुई हैं। डॉक्टरों का कहना है कि जब तक हमारी बहन को न्याय नहीं मिल जाता और सरकार हमारी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं कर देती, हम अपना विरोध जारी रखेंगे।

### धारा-163(2) लागू

**मेडिकल** कॉलेज के आसपास किसी भी तरह के धरना-प्रदर्शन करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह प्रतिबंध सात दिन तक जारी रहेगा। प्रशासन ने कानून व्यवस्था को लेकर मिली गंभीर रिपोर्ट के बाद यह कदम उठाया है। अस्पताल के आसपास विरोध-प्रदर्शन, रैली, धरना आदि देने की इजाजत नहीं होगी। प्रशासन ने धारा-163(2) लगा दी है।

### पूर्व प्रिंसिपल से तीसरे दिन भी पूछताछ

**सीबीआई** आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष से तीसरे दिन रविवार को भी पूछताछ की। सीबीआई कॉल डिटेल और चैट की जानकारियां जुटा रही है।

### पूर्व सांसद और दो चिकित्सक तलब

**महिला** चिकित्सक की पहचान उजागर करने और अफवाह फैलाने के आरोप में भाजपा की पूर्व सांसद लॉकेट चटर्जी और दो चिकित्सकों डॉ. कुणाल सरकार और डॉ. सुवर्ण गोस्वामी को समन जारी कर पुलिस मुख्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है। वहीं, गलत सूचना फैलाने के आरोप में 57 अन्य लोगों को भी समन जारी किया है।

# उदयपुर में तनाव: अस्पताल में नारेबाजी इमरजेंसी वार्ड में जबरन घुसने की कोशिश

**एजेंसी, जयपुर**

- बच्चे की मां की तबीयत बिगड़ी भर्ती, पीड़ित की हालत नाजुक
- रविवार को भी मोबाइल इंटरनेट सेवाएं रही बंद



**राजस्थान** के उदयपुर में सरकारी स्कूल के 10वीं कक्षा के छात्र की ओर से अपने सहपाठी को चाकू घोंपने की घटना के बाद भड़के सांप्रदायिक तनाव के बीच जिले के कई इलाकों में रविवार को भी मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद रहीं।

वहीं, घायल छात्र से मिलने को लेकर परिवार और प्रशासन के बीच तनातनी हुई। बच्चे के परिवार सहित अन्य लोगों ने जबरन एमबी हॉस्पिटल के इमरजेंसी वार्ड में घुसने की कोशिश की है। इसी वार्ड में घायल स्टूडेंट का इलाज चल रहा है। वार्ड में नहीं जाने देने से नाराज लोग अंदर ही नारेबाजी करने लगे। इस बीच घायल बच्चे की मां की भी तबीयत बिगड़ गई। बेसुध होने पर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया। मां ने सुबह प्रशासन पर आरोप लगाए थे कि उन्होंने कहा कि बच्चे से नहीं मिलने दे रहे। इसके बाद मां के साथ बड़ी संख्या में लोग शहर के मुखर्जी नगर से रैली निकालते हुए हॉस्पिटल पहुंचे थे। यहां पुलिस अधीक्षक की समझाने पर लोग शांत हो गए थे। उदयपुर पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने कहा कि कुछ भ्रम था कि परिवार के सदस्य घायल छात्र से नहीं मिल सकते, लेकिन उन्हें मिलने की अनुमति है। घायल छात्र की हालत गंभीर है। जल्द ही छात्र के स्वास्थ्य के संबंध में मेडिकल बुलेटिन भी जारी किया जाएगा।

# हिमाचल में पटवारी और कानूनगो ने फिर बंद की ऑनलाइन सेवाएं

- अतिरिक्त मुख्य सचिव राजस्व के साथ कल करेंगे बैठक

**शिमला।** प्रदेश में पटवारी-कानूनगो ने फिर ऑनलाइन सेवाएं बंद कर दी हैं। 15 अगस्त को देहरा में मनाए गए राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान महासंघ के पदाधिकारियों की मुख्यमंत्री सुक्खू के साथ बैठक हुई थी, जिसमें महासंघ ने स्टेट कैडर सहित अन्य मांगों को लेकर मिले आश्वासन के बाद ऑनलाइन सेवाएं देने का निर्णय लिया था। प्रदेश मंत्रिमंडल की 12 जुलाई को हुई बैठक में पटवारी और कानूनगो को जिला से स्टेट कैडर में किए जाने का निर्णय लिया था, जिससे नाराज संयुक्त ग्रामीण एवं राजस्व अधिकारी एवं कानूनगो महासंघ ने 15 जुलाई से लोगों को ऑनलाइन सेवाएं न देने निर्णय लिया था। वहीं, लोगों की परेशानियों को देखते हुए 20 अगस्त को अतिरिक्त मुख्य सचिव राजस्व ओंकार शर्मा और महासंघ की मीटिंग होगी।

# अनंत ज्ञान की रिपोर्टर को देवता के गुर ने शांगल मार किया घायल

**अनंत ज्ञान, उदयपुर (लाहौल-स्पीति)**

- लाइव कवरेज करने से रोका
- पुलिस ने पूछताछ के लिए बुलाया आरोपी

**लाहौल**-स्पीति के सुप्रसिद्ध राज्य स्तरीय पोरी मेले के अंतिम दिन रविवार को अनंत ज्ञान की रिपोर्टर कमलेश वर्मा को देवता के गुर ने शांगल मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। कुल्लू और लाहौल-स्पीति जिले की ब्यूरो चीफ कमलेश वर्मा देव कारज की लाइव कवरेज कर रही थी। इस दौरान देवता का गुर आया और उसने कमलेश के सिर पर जोर से शांगल मार दिया।

कमलेश को सिर और हाथ पर गहरी चोटें लगी हैं। उनके दांत का जबड़ा भी हिल गया है। मंगलसूत्र भी टेढ़ा हो गया है। देव कारज की लाइव कवरेज मंदिर परिसर के अंदर करने की मनाही है, लेकिन यह कवरेज मंदिर परिसर के बाहर की जा रही थी। आयोजकों ने इस बाबत कोई हिदायत जारी नहीं की थी। दूसरे टीवी चैनलों के रिपोर्टर भी कवरेज कर रहे थे, लेकिन अनंत ज्ञान की रिपोर्टर पर ही शांगल मारना कई सवाल खड़े कर गया है। यहां से मणिमहेश यात्रा के लिए जत्था रवाना हो रहा था। कमलेश ने इस बाबत पुलिस से शिकायत दर्ज की है। उदयपुर थाने के प्रभारी मुकुल और एक अन्य पुलिस कर्मचारी प्रमोद कटोच ने बताया कि पुलिस आरोपी देवता के गुर को पूछताछ के लिए बुलाएगी, उसके बाद ही सारे मामले का पटाक्षेप हो पाएगा।

# यूपी के बुलंदशहर में पिकअप व बस में टक्कर, 10 की मौत, 27 जख्मी



**एजेंसी, बुलंदशहर (उप्र)**

**बुलंदशहर** के सलेमपुर थाना क्षेत्र में रविवार को पिकअप और निजी बस की टक्कर में 10 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 27 यात्री घायल हो गए। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि रविवार को पिकअप और निजी बस के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। उन्होंने कहा कि पिकअप वैन गाजियाबाद से संभल की तरफ जा रही थी तभी यह दुर्घटना हुई। इस हादसे में कुल 37 यात्री घायल हुए, जिसमें 10 लोगों की मौत हो गई।

उन्होंने कहा कि 27 घायलों का विभिन्न अस्पतालों में उपचार चल रहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने मामले का संज्ञान लिया और उन्हें और अन्य अधिकारियों को घायलों के लिए सर्वोत्तम चिकित्सा उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- समस्या का समाधान नहीं हुआ तो सड़कों पर उतरेंगे पेंशनर्स -पेज 3
- बल्ह के बजाय जाहू में बने अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा -पेज 9
- विधायक व मंत्री कर्नल शांडिल के वोट से बनेगा सोलन का मेयर -पेज 12
- सीएए से लाखों लोगों को मिलेगा न्याय : शाह -पेज 13
- विनेश फोगाट का सपना, बलाली गांव के पहलवान तोड़ें रिकॉर्ड -पेज 14











## न्यूज ब्रीफ

### समेज के लोगों को दी एक लाख रुपए की मदद



**दशमी रावत, रोहड़ू।** संजीवनी सहारा समिति रोहड़ू एक सामाजिक संस्था है, जिसका उद्देश्य सदैव गरीब, अहसाय व जरूरतमंद लोगों की सहायता करना है। समिति ने शनिवार को उपमंडल रोहड़ू के समेज गांव के बाढ़ पीड़ित प्रभात नेगी, आलोक नेगी, गोपाल सिंह, बहादुर सिंह, सुमित्रा देवी, सुभाष, चतर सिंह, संतोष, अशोक, सुरज कुमार, राजेश, प्रीतिका कुमारी, लता देवी, जय सिंह, भोला, राजकुमार, चंद्र सिंह आदि की एक लाख रूपए देकर आर्थिक सहायता की है।

समिति के सदस्यों ने बाढ़ पीड़ित परिवारों से उनके दुःख दर्द को सुना और भगवान से प्रार्थना की कि इस मुश्किल घड़ी में भगवान उनको दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। संजीवनी सहारा समिति अभी तक लगभग पचास लाख रुपए तक की आर्थिक मदद कर चुकी है।

### कोटी मेले में कपिल शर्मा की नाटी पर झूमे लोग

**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला )।** प्रदेश के प्रसिद्ध लोकगायक कपिल शर्मा ने कोटी मेले में एक से बढ़कर एक पहाड़ी नाटी सुनाकर मेले में आए लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया ।इस मेले में पहली बार कोई उच्च कोटी का कलाकार ने अपनी प्रतिभा का प्रर्दशन किया ।मेले का शुभारंभ स्थानीय पंचायत प्रधान रमेश शर्मा ने ध्वजारोहण के साथ किया। रमेश शर्मा ने बताया कि तीन दिवसीय मेले में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें बॉलीवॉल की 35 और कबड्डी की 30 टीमों ने भाग लिया । बॉलीवाल में सैंज ने लखोटी की टीम को फाईनल में हराकर ट्रॉफी जीती । इसी प्रकार कबडडी में राजपुरा ने प्रथम और यूथ क्लब कोटी ने दूसरे स्थान पर रही। सांस्कृतिक संध्या में कृषि एंव ग्रामीण बैंक के पूर्व निदेशक केश्व चौहान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। पंचायत प्रधान रमेश और बीडीसी सदस्य अरविंद ने विजेता और उप विजेता को पुरस्कार वितरित किए ।




### देमुल गांव को दी थ्रेशिंग मशीनों की सौगात



**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश का अति दुर्गम क्षेत्र देमुल को जाइका वानिकी परियोजना ने थ्रेशिंग मशीनों की सौगात दी। काजा से 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित देमुल गांव के लोग दरअसल जौ की फसल को ताड़ने के लिए गदों का इस्तेमाल करते थे। इससे निजात दिलाने के लिए यहां के ग्रामीणों ने जाइका वानिकी परियोजना के समक्ष थ्रेशिंग मशीनों की मांग की थी, जिसे पूरी हो गई। देमुल 70 घरों वाला गांव है और जाइका वानिकी परियोजना ने डीजल से ऑपरेट होने वाली दो थ्रेशिंग मशीनें वितरित की। वण्य प्राणी मंडल स्पीति के एसीएफ चमन लाल ठाकुर की अध्यक्षता में लोगों को थ्रेशिंग मशीनें बांटी।

### जुखाला कॉलेज में जागरूकता शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय जुखाला में शनिवार को प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह की अध्यक्षता में मासिक धर्म स्वास्थ्य एवं स्वच्छता का एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने भाग लिया। यह जागरूकता शिविर रेड रिबन क्लब के सौजन्य से आयोजित किया गया। इस अवसर पर रेड रिबन क्लब के प्रभारी प्रोफेसर डिंपल चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने महाविद्यालय की छात्राओं को मासिक धर्म और स्वच्छता का पाठ पढ़ाया व इससे उत्पन्न होने वाले भयंकर रोगों के बारे में महाविद्यालय की छात्रों को लाभान्वित किया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस अभियान पर भी प्रकाश डाला गया जो कि अगस्त के महीने में आयोजित किया जाता है। युवा दिवस के जरिए युवाओं की आवाज कार्यों और उनकी सार्थक पहल को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने का मौका मिलता है। युवाओं की मानसिक और सामाजिक विकास की पहल के लिए इस दिवस का आयोजन किया जाता है।



### ग्राम सुधार समिति पट्टा ने मोक्षधाम में रोपे पौधे



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** ग्राम पंचायत पट्टा के अंतर्गत आने वाले गांव पट्टा में ग्राम सुधार समिति पट्टा के द्वारा समिति के प्रधान हरि सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में ग्रामीणों के सहयोग से मोक्षधाम में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत पट्टा प्रधान रविपाल ठाकुर भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। समिति प्रधान हरि सिंह ठाकुर ने कहा कि वृक्ष धरती पर सुखी जीवन का आधार हैं इसलिए हर एक व्यक्ति को अपने जीवन में हर वर्ष कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए, ताकि पर्यावरण हमेशा सुद्ध एवं साफ-सुथरा रह सके। वहीं, प्रधान रवि पाल ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा पीपल, शीशम, बरगद, अर्जुन, बिल, आमला इत्यादि के लगभग 50 पौधे लगाए गए। इस अवसर पर ग्रामीणों में मुख्य रूप से श्याम लाल ठाकुर, हंसराज ठाकुर, सुभाष ठाकुर महेंद्र बिट्टू जोध सिंह, अरविंद ठाकुर, जगराय सिंह, रामलाल धीमान, सुभाष धीमान, जगदीश राणा, शक्ति सिंह, राजू,चिंतराम, सतीश ठाकुर, प्रभुराम विनोद कुमार, हरि सिंह उपस्थित रहे।

### स्विमिंग पूल बनाने को खेल मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** गत दिवस युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा का बिलासपुर पहुंचने पर स्विमिंग एसोसिएशन ऑफ जिला बिलासपुर के जिला अध्यक्ष इशान अख्तर के नेतृत्व में वाटर स्पोर्ट्स के पदाधिकारियों ने भव्य स्वागत किया। स्विमिंग एसोसिएशन ऑफ जिला बिलासपुर के जिला अध्यक्ष इशान अख्तर ने युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि स्विमिंग एसोसिएशन ऑफ जिला बिलासपुर पिछले कई वर्षो से जिला बिलासपुर के स्विमिंग के इच्छुक खिलाड़ियों को हिमाचल प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन के बैनर तले राष्ट्रीय स्तर पर मंच प्रदान करने में प्रयासरत है। लेकिन जिला बिलासपुर में स्विमिंग पूल ना होने के कारण खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं, इसलिए आपसे सादर निवेदन है कि बिलासपुर में उचित जगह पर अंतरराष्ट्रीय स्तरीय स्विमिंग पुल का निर्माण किया जाए, ताकि भविष्य में बिलासपुर में राज्य स्तरीय, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तरीय चैंपियनशिप आयोजन करवाया जा सके।



# बहनें आज भाइयों की कलाई पर बांधेगीं राखी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

रक्षाबंधन, भारतीय सांस्कृतिक और धार्मिक परंपरा का महत्वपूर्ण त्योहार है, जिसे भाई-बहन के रिश्ते को मजबूत करने के लिए मनाया जाता है। यह त्योहार हर साल श्रावण मास की पूर्णिमा को बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती हैं और उनके लंबी उम्र और खुशहाली की कामना करती हैं, जबकि भाई अपनी बहनों को उपहार देकर उन्हें सुरक्षा का आश्वासन देते हैं। अच्छे मुहूर्त अथवा भद्रा रहित काल में भाई की कलाई पर राखी बांधने से भाई को कार्य सिद्धि और विजय प्राप्त होती है।

इस साल 19 अगस्त यानी आज सोमवार को रक्षाबंधन मनाया जा रहा है। इस साल रक्षाबंधन के दिन भद्रा सुबह 5 बजकर 53 मिनट से आरंभ हो जाएगी, जो दोपहर 1 बजकर 32 मिनट पर समाप्त होगी। पंचांग के अनुसार इस साल राखी बांधने का शुभ मुहूर्त 19 अगस्त को दोपहर 1:30 से लेकर रात्रि 9:07 तक रहेगा। इस मुहूर्त में आप भाई को राखी बांध सकती है। वास्तु के अनुसार घर का मुख्य द्वार वह प्रमुख स्थान है जहां से सकारात्मक ऊर्जा आपके घर के भीतर प्रवेश करती है, जो आपकी और भाई की समृद्धि के लिए मददगार हो सकती है।

रक्षाबंधन के दिन मुख्य द्वार पर ताजे फूलों और पत्तियों से बनी बंधनवार लगाएं और रंगोली से घर को सजाएं। पूजा के लिए एक थाली में स्वास्तिक बनाकर उसमें चंदन, रोली, अक्षत, राखी, मिठाई, और कुछ ताजे फूलों के बीच में एक घी का दीया रखें। दीपक प्रज्वलित कर सर्वप्रथम अपने ईष्टदेव को तिलक लगाकर राखी बांधें और आरती उतारकर मिठाई का भोग लगाएं। फिर भाई को पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख करके बैठाएं।

अब भाई के माथे पर रोली-चंदन और अक्षत का तिलक लगाकर उसके हाथ में नारियल दें। इसके बाद भाई की दाहिनी कलाई पर राखी बांधें। भाई की आरती उतारकर मिठाई खिलाएं और उनके उत्तम स्वास्थ्य और उज्जवल भविष्य के लिए भगवान से प्रार्थना करें।





बाजारों में राखियों की खरीददारी करती हुई महिलाएं।

#### राखी बांधने के नियम

**धार्मिक** मान्यताओं के अनुसार पुरुषों और अविवाहित कन्याओं को दाएं हाथ में रक्षासूत्र बांधना चाहिए वहीं विवाहित स्त्रियों के लिए बाएं हाथ में राखी बांधने का विधान है। भाइयों को राखी बंधवाते समय उस हाथ की मुट्ठी को बंद रखकर दूसरा हाथ सिर पर रखना चाहिए।

वास्तु शास्त्र में काले रंग को औपचारिकता, बुराई, नीरसता और नकारात्मक ऊर्जा से जोड़कर देखा जाता है, इसलिए इस दिन बहन और भाई दोनों को काले रंग के परिधान पहनने से परहेज करना चाहिए।

# एमआरआई और सीटी स्कैन करवाने के लिए भटक रहे मरीज

**अनंत ज्ञान, शिमला**

आईजीएमसी में सीसीटी स्कैन और एमआरआई के लिए मरीजों को लंबी तिथि दी जा रही है। ऐसे में मरीजों को दर-दर की ठोकरे खाने को मजबूर होना पड़ रहा है। यहां पर खासकर ग्रामिण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामिण क्षेत्र के लोग जब भी अपना उपचार करवाते है, तो चिकित्सक उन्हें सीटी स्कैन और एमआरआई करवाने को लिख लेते है, लेकिन जब एमआरआई और सीटी स्कैन करवाने की बारी आती है तो मरीजों को लंबी तारीख दी जाती है।

एमआरआई के लिए 3 महीने की डेट दी जा रही है। हद तो यह है कि मरीजों को तब तक चिकित्सक दवाईयां नहीं देता है जब तक टैस्ट की रिपोर्ट नहीं आती है। मरीजों को सारे टैस्ट करवाने के लिए दो हफते लग जाते है। ऐसे में तब तक मरीज ज्यादा ही बीमार हो जाता है। यही नहीं, बल्कि मरीजों को पहले घर जाना पड़ता और और फिर से दोबारा टैस्ट करवाने के लिए आना पड़ता है। एमआरआई की जब डेट दी जाती है तो कुछ मरीज ऐसे होते है के वे बिना एमआरआई करवाए वापस चले जाते है।

जब एमआरआई की लंबी डेट दी जाती है तो ग्रामिण क्षेत्र के लोगों के दिमाग में तो सिर्फ एक बात आती है कि एमआरआई करवाने से बेहतर यही रहेगा की मरीज को घर ले जाए। वहीं सीटी स्कैन मशीन भी आईजीएमसी में एक ही लगी है। यह भी बहुत पुरानी है। आईजीएमसी हिमाचल का सबसे बड़ा अस्पताल है ऐसे में यहां पर सैकड़ों मरीज अपना उपचार करवाने आते है। यहां पर टैस्ट की सुविधा का होना अति आवश्यक है।

> मरीजों की संख्या बढ़ने के चलते एमआरआई और सीटी स्कैन करवाने के लिए डेट दी जाती है। सभी मरीजों के टेस्ट एक ही दिन या दो दिन में नहीं हो पाते है। यह समस्या शीघ्र ही आईजीएमसी में दूर होगी। कोशिश की जा रही है कि मरीजों को सारी सुविधा का प्रावधान हो।
>
> **-सीता ठाकुर, प्रिंसिपल आईजीएमसी।**

# आईजीएमसी के गर्ल्स हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिरा युवक, मौत

**अनंत ज्ञान, शिमला**

राजधानी शिमला में आईजीएमसी के गर्ल्स हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। मामला शनिवार देर रात का है। जानकारी के मुताबिक शनिवार को आधी रात के समय आईजीएमसी के लक्कड़ बाजार स्थित मेडिकल गर्ल्स हॉस्टल में एक युवक चौथी मंजिल से गिर गया, जिसे एंबुलेंस के माध्यम से इलाज के लिए आईजीएमसी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने जांच करने के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। युवक की पहचान करण पटियाल उम्र 22 साल के तौर पर हुई है। वो एक निजी विश्वविद्यालय का छात्र था और जिला कांगड़ा के पालमपुर का रहने वाला था।

बता दें कि पुलिस जांच कर रही है कि आखिर युवक गर्ल्स हॉस्टल की चौथी मंजिल पर देर रात कैसे पहुंचा। वहीं, इस घटना के बाद हॉस्टल की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं। आईजीएमसी अस्पताल की प्रिंसिपल सीता ठाकुर ने बताया की गर्ल्स हॉस्टल में बाहर के युवक की गिरकर मौत का मामला सामने आया है। यहां सुरक्षा के लिए दो सुरक्षाकर्मी तैनात रहते हैं। युवक कैसे चौथी मंजिल पर पहुंचा इसकी जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

वहीं आईजीएमसी के सीएमओ डॉ. महेश ने बताया कि देर रात उनके पास यह युवक 108 एंबुलेंस में लाया गया था जिसकी मौत हो चुकी थी। शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के असली कारणों का पता लग पाएगा। पुलिस आगामी जांच में जुटी हुई है।

## सोशल मीडिया ने मिलाया मां-बाप से बिछड़ा जिगर का टुकड़ा

**सपना सूद, नेरवा।** चौपाल में मां-बाप से बिछड़े उनके जिगर के टुकड़े के मिलने में जिला शिमला में बतौर सहायक जिला जन संपर्क अधिकारी अजय बन्याल और चौपाल निवासी दीपक पनाईक की मुख्य भूमिका रही है।

बागवान के बागीचे में काम करने वाले नेपाली मूल के धर्मराज भंडारी के करीब नौ साल का बेटा बिपिन गायब हो गया था। शिमला में तैनात सहायक जिला जन संपर्क अधिकारी अजय बन्याल ने पोस्ट डाल कर खुलासा किया कि उत्तराखंड के घनसाली (टिहरी गढ़वाल) में कैफे चलाने वाले नवदीप रावत के यहां एक ऐसा बच्चा पहुंचा है, जो नेपाली मूल का है। नवदीप रावत ने यह जानकारी मंडी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति देवदत्त शर्मा को दी। जिसके बाद बिछड़ा बच्चा वापस मिल गया है ।

## तकलेच तक सड़क बहाल डीसी-एसपी ने किया निरीक्षण



निरीक्षण के दौरान डीसी व एसपी और साथ हैं अन्य।

**अनंत ज्ञान, शिमला**

तकलेच क्षेत्र के डमराली में बादल फटने से प्रभावित हुई सड़क को बहाल कर दिया गया है। रविवार को डीसी और एसपी सड़क बहाल होने के बाद तकलेच में निरीक्षण करने पहुंचे। यहां पर बागवानों के सेब के ट्रक फंसे हुए थे। सड़क बहाल होने के बाद ट्रकों की आवाजाही शुरू हो पाई।

डीसी ने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए है कि डमराली तक पहुंचने वाले मार्ग के बहाली के कार्य में तीव्रता लाई जाए। स्थानीय पंचायत को एस्टीमेट बनाने के निर्देश दिए है। बादल फटने की घटना के कारण क्षेत्र में सड़क प्रभावित होने के अलावा कई जगह कलबट टूटे हुए थे। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि तकलेच तक मार्ग बहाल हो चुका हुआ। यहां पर फंसे हुए ट्रकों को निकाल दिया गया है। डमराली तक सड़क खोलने का कार्य चला हुआ है। यहां पर मशीन के मदद से कटिंग करके मार्ग तैयार किया जा रहा है।

उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने लापता लोगों के चलाए गए सर्च ऑपरेशन को लेकर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और सीआईएसएफ की टीमों का विशेष आभार व्यक्त किया।

## सोलन में हार देखकर संविधान की धज्जियां उड़ा रही सरकार : जयराम

**अनंत ज्ञान, शिमला।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सोलन मेयर के चुनाव की प्रक्रिया में वोटिंग करने के बाद पार्षदों द्वार ऑब्जर्वर को वोट दिखाने का नियम बनाना पूरी तरह से असंवैधानिक है।

कांग्रेस अपनी हार देखकर तानाशाही पर उतर आई है। चुनाव की प्रक्रिया के दौरान ही नए-नए नियम बनाकर चुनाव को प्रभावित करना चाहती है। जब पहले से वोटिंग की प्रक्रिया को गोपनीय किया गया था तो उस नियम को बदलने का औचित्य क्या है। सरकार द्वारा इस तरह से असंवैधानिक नियम बनाने से यह साफ हो गया है कि यह चुनाव कांग्रेस हार रही है। कांग्रेस ने राज्यसभा के चुनाव में भी कांग्रेस द्वारा असंवैधानिक रूप से व्हिप जारी कर दिया था, जिसे भाजपा के विरोध के बाद सरकार द्वारा इधर उधर की बातें की गई थी।

# गोबिंदसागर में वाटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए किए गए बेहतर प्रयास : विवेक कुमार

## कांग्रेस नेता ने गोबिंदसागर विस्थापित एवं प्रभावित कमेटी धराड़सानी के कार्यक्रम में की शिरकत

**शुभम राही, बिलासपुर**





गोबिंदसागर विस्थापित एवं प्रभावित कमेटी धराड़सानी की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव एवं झंड़ूता कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। विवेक कुमार का यहां पहुंचने पर कमेटी के सदस्यों और अन्य स्थानीय लोगों की ओर से स्वागत किया गया। इस मौके पर गोबिंदसागर विस्थापित एवं प्रभावित कमेटी धराड़सानी द्वारा उनके समक्ष धराड़सानी में श्मशानघाट बनाने की मांग रखी गई। साथ ही यहां पर एक सेल्फी प्वाइंट व पिकनिक स्थल विकसित करने की मांग उठाई।

कमेटी के सदस्यों का कहना है कि पहले यह सब लोग भाखड़ा विस्थापित थे। वहीं, अब फोरलेन विस्थापित भी हुए हैं, जिसके चलते यहां पर स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर सृजित किए गए। इन कमेटी सदस्यों ने कहा कि गोबिंदसागर झील में सरकार की ओर से वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसमें स्थानीय युवाओं को रोजगार मुहैया करवाया जाए। ताकि विस्थापित एवं प्रभावित युवाओं को रोजगार के लिए इधर-उधर न भटकना पड़े।

उधर, कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस महासचिव विवेक कुमार ने कमेटी के सदस्यों और स्थानीय लोगों को आश्वासन दिया कि सभी डिमांड को पूरा किया जाएगा। स्थानीय युवाओं को रोजगार मुहैया करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से बिलासपुर की गोबिंदसागर झील में वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए बेहतर प्रयास किए गए हैं। पर्यटकों को आकर्षिक करने को लेकर विभिन्न गतिविधियां शुरू की गई हैं। जल्द ही बिलासपुर की गोबिंदसागर झील में क्रूज तैरता हुआ नजर आएगा। इससे रोजगार के द्वार खुलेंगे। विवेक कुमार ने कहा कि विस्थापित एवं प्रभावित युवाओं को रोजगार मिले, इसके लिए पूरे प्रयास किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से अन्य वर्ग के लिए योजनाएं चलाई जा रही हैं। युवाओं, महिलाओं, किसान, बागवानों, कर्मचारियों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिला है। प्रदेश कांग्रेस महासचिव विवेक कुमार ने कहा कि कमेटी की मांगों को पूरा किया जाएगा, ताकि स्थानीय लोगों को लाभ मिल सके।

इस दौरान कार्यक्रम में विस्थापित एवं प्रभावित कमेटी के प्रधान अरुण सिंह, उपप्रधान कांता देवी, सचिव मनोज कुमार, संयुक्त सचिव अमित कंवर, कोषाध्यक्ष शंकर दास, मुख्य सलाहकार बलदेव सिंह, सुरम सिंह, सदस्य संजीव कुमार, प्रदीप चंदेल, शक्ति सिंह, सुरेंद्र सिंह, विनोद, कुलदीप, प्रवीण चौधरी, अंकुश चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# गरामोड़ा के समीप सेब से लदा ट्रक पलटा, एक की मौत



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

किरतपुर साहिब-मनाली मुख्य मार्ग के समीप गरामोड़ा के पास रविवार सुबह सेब से भरा ट्रक पलट गया। हादसे में एक व्यक्ति की मौत होने का समाचार प्राप्त हुआ है, जबकि एक व्यक्ति घायल हुआ है। बताया जा रहा है कि उक्त ट्रक काफी तेज गति से आ रहा था जिसके चलते यह हादसा हुआ। लोगों ने प्रशासन से तेज गति वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की अपील की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार सुबह के समय एक ट्रक हिमाचल से पंजाब की ओर जा रहा था। ऐसे में हिमाचल पंजाब की अंतिम सीमा गरामोड़ा के समीप यह ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। यहां मौके पर ही एक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि यह ट्रक हिमाचल के ऊपरी क्षेत्र से सेब लेकर पंजाब की ओर जा रहा था। वहीं खबर की पुष्टि करते हुए बिलासपुर एसपी शिवकुमार चौधरी ने बताया कि पुलिस ने सब को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पुलिस सारे मामले की जांच कर रही है।

**हादसे में एक व्यक्ति हुआ घायल, मामला दर्ज**

# एनडीआरएफ टीम ने कोल डैम से अब तक निकाले 12 शव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

कोल डैम के डूब क्षेत्र दोगरी में सर्च ऑपरेशन के 20वें दिन रविवार को एनडीआरएफ की टीम को एक और डेड बॉडी मिली है। टीम में इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार, कांस्टेबल जितेंद्र,सूरज मनजीत, संजीव, दीपक, नेपाल, अमित, एनटीपीसी स्टीमर के चालक सुदर्शन व परिचालक कुलबीर ने रविवार को सुबह नौ बजे से शवों को ढूंढना शुरू कर दिया था।

इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार ने बताया कि शव एक पुरुष का था जिसकी उम्र करीब 24 या 25 साल लग रही थी। डेड बॉडी स्थानीय पुलिस को सौंप दी है। सर्च ऑपरेशन के दौरान रविवार को करीब सुबह 11 बजे यह शव मिला है। इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार ने बताया कि अब तक एनडीआरएफ की टीम ने 12 शव ढूंढ निकाला है। उन्होंने बताया कि टीम दिन भर कोल डैम की झील में बाढ़ से लापता हुए लोगों के शवों पर नजर गड़ाए हुए है । टीम का कहना है कि इस क्षेत्र में भारी भरकम लकड़ी के पीस, मरे जानवर, भारी मात्रा में कचरा और दुर्गंध दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इस शव की शिनाख्त व पोस्टमार्टम के लिए पुलिस ने सीएचसी सुन्नी के लिए भेज दिया है। अभी भी सर्च ऑपरेशन जारी है।



**रविवार को भी मिला एक युवक का शव**

**उद्घाटन** भदोल की महिलाओं को महिला मंडल की गतिविधियां चलाने के लिए अब नहीं होगी समस्या

# कटवाल ने किया महिला मंडल के भवन का लोकार्पण

**गोपाल कपिल, झंड़ूता**



झंड़ूता विधानसभा क्षेत्र की रोहल पंचायत के भदोल गांव में महिला मंडल की गतिविधियां चलाने के लिए महिलाओं को अब समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। सरस्वती महिला मंडल भदोल के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन रविवार को झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने किया।

उन्होंने लगभग एक साल पहले इस भवन के लिए 5 लाख विधायक निधि से दिए थे और एक साल के भीतर इसका निर्माण कार्य भी पूरा कर लिया गया। महिला मंडल भवन के उद्घाटन अवसर पर जीतराम कटवाल ने कहा कि महिलाओं के बिना समाज की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। महिलाएं मां, बहन, बेटी व पत्नी समेत कई रूपों में समाज के हर क्षेत्र में अहम भूमिका निभाती हैं। देश और समाज के विकास के लिए महिलाओं का सामाजिक, आर्थिक व बौद्धिक विकास बेहद जरूरी है। महिलाओं का उत्थान उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहा है। इसी को देखते हुए उन्होंने एक साल पहले सरस्वती महिला मंडल भदोल के लिए भवन की जरूरत के आधार पर विधायक निधि से 5 लाख रुपये दिए थे और एक साल में यह भवन बनकर तैयार भी हो गया है। इसके लिए महिला मंडल और क्षेत्रवासी बधाई के पात्र हैं। भवन बनने से महिला मंडल को अपनी गतिविधियों के आयोजन में काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि 90 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे पनौल-जेजवीं-बागछाल मेजर डिस्ट्रिक्ट रोड से भदोल के प्रसिद्ध चोरटु सिद्ध मंदिर को सड़क सुविधा से जोड़ने के साथ ही उन्होंने रोहल पंचायत के बलघाड़ शमशानघाट की सड़क के लिए भी 5-5 लाख रुपये विधायक निधि से दिए थे। उनका काम भी पूरा कर लिया गया है।

बाद में जीतराम कटवाल ने विशेष तकनीक से बन रहे नंद नगरांव पुल के निर्माण कार्य का जायजा भी लिया। उन्होंने कहा कि बागछाल पुल की तरह 90 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा नंद नगरांव पुल भी झंड़ूता विधानसभा क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

नंद नगरांव की ओर से इस पुल का 355 मीटर काम पूरा कर लिया गया है। वहीं, छजोटी की ओर से 33 मीटर स्पैन का काम भी युद्ध स्तर पर चल रहा है। गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखते हुए इस पुल का निर्माण जल्द से जल्द करवाने के बाद इसे जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। यह पुल न केवल पिछड़ा क्षेत्र कोटधार से इस विधानसभा क्षेत्र के केंद्र बिंदु झंड़ूता तक आने-जाने के लिए लोगों के समय और दूरी की बचत करेगा, बल्कि झंड़ूता समेत हमीरपुर व कांगड़ा जिला के लोगों के लिए चंडीगढ़ की दूरी भी कम करेगा। (अनंत ज्ञान)




# समस्या का समाधान नहीं हुआ तो सड़कों पर उतरेंगे पेंशनर्स

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

प्रदेश में कांग्रेस सरकार व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर काबिज हुई थी। ऐसे में सरकार का व्यवस्था परिवर्तन बुजुर्ग पेंशनरों पर भारी पड़ रहा है। 15 अगस्त को देहरा में मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों एवं 75 वर्ष से कम पेंशनरों के लिए कोई घोषणा नहीं की। अगर पेंशनरों की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उन्हें सड़कों पर उतरना पड़ेगा। यह बात पेंशनर्ज वेलफेयर ऐसोशिएशन के प्रदेश प्रवक्ता एवं जिला अध्यक्ष हमीरपुर एसके कौड़ा ने कही।

उन्होंने कहा कि सेवानिवृत कर्मचारी लीव इनकैशमेंट कम्पयूटेशन की बकाया देय राशि की अदायगी का कई वर्षों से इंतजार कर रहे हैं परंतु मुख्यमंत्री की घोषणा ने सबकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। सरकार की वितीय स्थिति ठीक नहीं हैं, लेकिन राजकीय सेवादारों का वेतन एवं अन्य भत्तों की बढ़ोतरी एवं उनके आवास गृहों का नवीकरण करने के लिए सरकार के पास काफी धन राशि है, जो एक बहुत ही शर्मनाक एवं निंदनिय बात है।

उन्होंने कहा कि चिकित्सा बिलों का भुगतान नहीं हो रहा है, क्योंकि सरकार ने इसलिए बजट देना कई वर्षों से बंद कर दिया है। इससे बुजुर्ग पेंशनरों का रोष चरम सीमा पर पहुंच चुका हैं । उन्होंने कहा कि चिकित्सा भत्ते के बिलों की अदायगी के लिए एसोसिएशन सरकार से बिलों के निपटारे के लिए सभी विभागों को वांच्छित बजट देने की मांग करती है।

# राज्यपाल शुक्ल ने मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से पीड़ितों के लिए किए जा रहे कार्य सराहे

## कहा-मानवता की सेवा ही सच्चा धर्म

**अनंत ज्ञान, सोलन**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि मानवता की सेवा ही सच्चा धर्म है और इसे जीवन के आधार पर समझना चाहिए। राज्यपाल सोलन जिले के इंडियन एसोसिएशन ऑफ मस्कुलर डिस्ट्रॉफी के मानव मंदिर कोठों स्थित केंद्र में मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से पीड़ित लोगों से संवाद कर रहे थे।

राज्यपाल ने मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से पीड़ित लोगों के लिए किए जा रहे मानवीय कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस केंद्र में उपचार करवा रहे मरीजों के लिए अथक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने खुशी जताई कि आईएएमडी द्वारा संचालित मानव मंदिर मस्कुलर डिस्ट्रॉफी और अन्य न्यूरोमस्कुलर डिसऑर्डर के मरीजों के जीवन को बदल रहा है। यह केंद्र एक ही छत के नीचे बेहतरीन आवासीय देखभाल, फिजियोथेरेपी, हाइड्रोथेरेपी, योग, प्राणायाम, ध्यान, मनोरंजन और अभिविन्यास, आनुवंशिक परीक्षण, मनोवैज्ञानिक


सोलन के आईएएमडी में मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से पीड़ित से संवाद करते राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल।

परामर्श आदि प्रदान कर रहा है।

उन्होंने कहा कि इस केंद्र में धर्म तो है, लेकिन संप्रदाय नहीं। शुक्ल ने कहा कि मानव धर्म क्या है, यह यहां आकर पता चलता है। अगर इंसान परिस्थितियों से लड़ना सीख जाए, तो परिस्थितियां भी उसके आगे झुकने को मजबूर हो जाती हैं।

राज्यपाल ने अपनी ऐच्छिक निधि से केंद्र को 50 हजार रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव राजेश शर्मा, उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा, पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

# मेले, उत्सव एवं त्योहार हमारी धरोहर इनका संरक्षण आवश्यक : डॉ. शांडिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता एवं सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि हिमाचल में मनाए जाने वाले मेले, उत्सव एवं त्यौहार हमारी धरोहर हैं और इनका संरक्षण सांस्कृतिक एवं आर्थिक दृष्टि से आवश्यक है।

डॉ. शांडिल आज यहां सोलन जिला के कंडाघाट तहसील की ग्राम पंचायत हिन्नर में आयोजित तीन दिवसीय ब्रिजेश्वर देव मेला गौड़ा के समापन समारोह की अध्यक्षता कर रहे थे। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मेला का शाब्दिक अर्थ मिलन



होता है और हिमाचल जैसे दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों वाले प्रदेश में मेले मूलरूप से मेल-मिलाप का माध्यम रहे हैं। पूर्व में न तो परिवहन के उचित साधन थे और न ही वार्तालाप के लिए दूरभाष जैसी कोई व्यवस्था थी, मेलों एवं उत्सवों का आयोजन लोगों को एक-दूसरे से मिलने व क्षेत्र विशेष की लोक कला एवं रीति-रिवाज से अवगत करवाने का माध्यम थे।

हमारे प्रदेश में विभिन्न आयोजन स्थानीय देवताओं से जुड़े हैं और इनके आयोजन से राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की भावना मजबूत होती है।

# सैजल ने सुक्खू पर लगाया लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री डॉ. राजीव सैजल ने सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार के ऊपर सवालिया निशान लगाते हुए लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि स्वायत संस्थाएं पंचायतीराज, नगर परिषद एवं नगर निगम में संविधान की धज्जियां उड़ाने का काम वर्तमान कांग्रेस सरकार कर रही हैं अपने राजनीतिक लाभ को उठाने के लिए संविधान में संशोधन करते हुए लोकतंत्र की हत्या करने का षड़यंत्र हिमाचल प्रदेश में सब तरफ चला हुआ है। इसका सबसे ज्वलंत उदाहरण सोलन नगर निगम का चुनाव है। सोलन में मेयर के पद के चुनाव के लिए अधिसूचना जारी की जाती है और अधिसूचना करने के बाद शहरी विकास विभाग एक असंवैधानिक अधिसूचना करता है, जिसके अनुसार वोट डालने वाला पार्षद वोट दिखाकर डालेगा।

डॉ. राजीव ने कहा कि यदि चुने हुए पार्षद वोट दिखाकर डालेंगे तो वोटिंग का अर्थ ही समाप्त हो गया और वोटिंग कराने की जरूरत ही नहीं है। ऐसे में हाथ खड़े करके भी चुनाव करवाया जा सकता है।

# कांग्रेस सरकार तालाबंदी की सरकार : बिंदल

**अनंत ज्ञान, नहान/सोलन**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने कहा विगत डेढ़ वर्ष की कांग्रेस सरकार लगातार स्कूलों को, अस्पतालों को, संस्थानों को बंद करने में जुटी हुई है। गत भाजपा सरकार द्वारा खोले गए 1100 से अधिक संस्थान बंद करने का कीर्तिमान सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार के नाम लिखा जा चुका है।



इसके बाद अब 800 से ज्यादा स्कूल बंद किए जा रहे हैं। यह सरकार तालाबंदी की सरकार बन गई है जिसने दूर दराज के बसों के रूट बंद कर दिए, पानी के बिलो में ग्रामीणों को मिलने वाली रियायत बंद कर दी, बिजली में मिलने वाली रियायत बंद कर दी, पैंशनर्स के मैडिकल बिल बंद कर दिए, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, दफ्तर सब बंद कर दिए।




**अपने सामाजिक दायित्वों को निभाते हुए 'अनंत ज्ञान' ने हिमाचल के विभिन्न गांवों के ऊपर 'हर गांव कुछ कहता है' नाम से एक सीरीज शुरू की है। सीरीज के तहत पाठकों को हिमाचल के गांवों की खूबियों से रू-ब-रू करवाया जाएगा। इसमें गांवों की कई रोचक और प्रेरक जानकारियों से आज की पीढ़ी को अवगत करवाने का प्रयास रहेगा।**

**पाठक भी अपने गांव के ऐसे रोचक प्रसंग/जानकारीपरक सामग्री अपने नाम और फोटोग्राफ्स के साथ हमें भेज सकते हैं। कृपया सामग्री ई-मेल (editoranantgyaan@gmail.com) अथवा व्हाट्सऐप नं. 8894521702 पर भेजें। सामग्री से संबंधित अगर आपसे कोई संपर्क करना हो तो अपना मोबाइल नं. भी अवश्य मेल पर ही लिखकर भेजें।**

# छत्तर के जांबाज कर रहे देश की निगेहबानी

## प्रकृति की ओट में बसे गांव में हर सुविधा, लोग कृषि व दूध बेचकर कर रहे जीवनयापन

**हर** गांव कुछ कहता है' सीरीज के तहत आज हम बात करेंगे मंडी जिले के जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र के एक ऐसे खूबसूरत गांव की जो ग्राम पंचायत मसौली के अंतर्गत आता है। प्रकृति की ओट में बसे इस गांव का नाम है छत्तर। सरकार ने यहां पर हर प्रकार की सुविधा दी है। व्यवसाय की बात की जाए तो यहां के लोग कृषि करके व दूध बेचकर अपना जीवनयापन करते हैं। कृषि आधारित इस गांव में गेहूं, धान, मक्की, सरसों, आलू इत्यादि फसलें उगाई जाती हैं। इसके अलावा यहां के लोग मशरूम की खेती कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं। सिंचाई के लिए यहां पर कूहल के पानी का प्रयोग किया जाता है। इस गांव में राजपूत, ब्राह्मण, अनुसूचित जातियों के लोग रहते हैं। सभी एक-दूसरे के काम में हाथ भी बंटाते हैं। ज्यादातर लोग शिक्षित हैं। यहां के बाशिंदे सरकारी व गैर सरकारी क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। गांव के ज्यादातर जांबाज युवा भारतीय सेना में देश की निगेहबानी कर रहे हैं और कुछ सेवानिवृत्त होकर अपना जीवनयापन कर रहे हैं। पंचायत में जब मनरेगा के अंतर्गत काम किए जाते हैं तो यहां की महिलाओं को काम मिल जाता है, जिससे वे अपने परिवार का पालन पोषण कर रही हैं।


अभिषेक शर्मा
जोगिंद्रनगर







### आंगनबाड़ी केंद्र और प्राइमरी स्कूल की सुविधा

**छत्तर** गांव में आंगनबाड़ी केंद्र की सुविधा भी है और प्राइमरी स्कूल की सुविधा भी है। स्कूल की बात की जाए तो वरिष्ठ मंत्री व पूर्व विधायक गुलाब सिंह ठाकुर ने उद्घाटन किया था तबसे लेकर अब तक पचास से अधिक बच्चे इस स्कूल में पढ़ रहे हैं।



### मच्छ्याल के शनि देव मंदिर में ग्रहों की शांति के लिए तुला दान

**मच्छ्याल** में शनिदेव का मंदिर है जो कि अत्यंत सुंदर है। इसका निर्माण 2016 में हुआ था। यहां पर शनि मंदिर के साथ शिव मंदिर, हनुमान मंदिर, गणेश भगवान का मंदिर भी है। शनि मंदिर में महीने के दूसरे शनिवार को विशाल भंडारा लगाया जाता है और ग्रहों की शांति के लिए यहां पर तुला दान किया जाता है। इसके साथ ही यहां पर मच्छिंदर देव का मंदिर है। लोग दूर-दूर से आकर यहां पर मच्छलियों को आटा खिलाते हैं। मान्यता है कि लोगों की मनोकामना पूरी होती है। शनि मंदिर कमेटी मेले का आयोजन करवाती है।

### मसौली पंचायत के लोगों को बेहतर सुविधा


मनीष चौधरी
उपप्रधान

**ग्राम** पंचायत मसौली के उपप्रधान मनीष चौधरी ने बताया कि इस पंचायत के लोगों के लिए बेहतर सुविधा मुहैया है और काम की बात की जाए तो समय-समय पर पंचायत में ग्राम सभा का आयोजन किया जाता है। लोगों की समस्याओं को सुना जाता है और उनका निपटारा भी किया जाता है। समय-समय पर लोगों को सरकारी स्कीमों के बारे में जानकारी दी जाती है। गरीबी रेखा के नीचे आने वाली महिलाओं को मनरेगा में रोजगार दिया जाता है और साथ ही महिलाएं स्वयं सहायता समूह के माध्यम से घर में बैठकर पैसे कमाती हैं। इसके अलावा पंचायत छत्तर गांव में पक्के रास्ते, कूहलें और डंगे मनरेगा के माध्यम से बनवा रही है। लोगों के जरूरी काम जैसे भूमि सुधार और गरीब परिवार की मदद को तवज्जो दी जाती है। साथ ही आपदा पीड़ित दो परिवारों की सहायता भी पंचायत ने की है।




### सती माता की पिंडी में पत्थर फेंकने की मान्यता

**छत्तर** गांव में सती माता की पिंडी है, जहां पर आते-जाते लोग पत्थर फेंकते हैं। यहां पर रहने वाले बुजुर्गों का कहना है कि पुराने समय में कोई महिला सती हो गई थी और तबसे लेकर आज तक यहां पर मान्यता के तौर पर आते-जाते लोग पत्थर के ऊपर पत्थर फेंकते हैं।

### न डिस्पेंसरी की सुविधा न पेयजल

**गांव** से जोगिंद्रनगर की दूरी पांच किलोमीटर है। ज्यादातर लोग समान खरीदने जोगिंद्रनगर ही जाते हैं। यहां पर डिस्पेंसरी की सुविधा नहीं है। लोगों को जोगिंद्रनगर अस्पताल जाना पड़ता है। लोगों का कहना है कि यहां पर डिस्पेंसरी खुल जाए तो उन्हें सुविधा हो जाएगी। पेयजल की बात की जाए तो पीने के पानी की समस्या से लोग परेशान हैं। लोगों का कहना है कि यहां का पानी पीने लाइक नहीं है। लोग दूर-दूर से पानी लाते हैं।

# एचआरटीसी बस और दूध सप्लाई करने वाली वैन में टक्कर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

नेशनल हाईवे 103 पर भोटा के समीप पेट्रोल पंप के सामने रविवार दोपहर एचआरटीसी की बस तथा वैन में जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में वैन के चालक को काफी चोटें आई हैं।

हादसे के दौरान चालक वैन में फंस गया जिसे काफी मशक्कत के बाद वैन से बाहर निकाला और अस्पताल ले जाया गया। टक्कर के बाद सड़क पर दोनों तरफ लंबा जाम लग गया। बताया जा रहा है कि निगम की बस जाहू से भोटा जा रही थी जबकि वैन उखली की तरफ जा रही थी। इस टक्कर में वैन को काफी अधिक क्षति पहुंची है इसके साथ ही निगम की बस भी डैमेज हुई है। गनीमत रही कि निगम की बस में यात्रा कर रहे यात्रियों को कोई चोट नहीं आई। इसकी सूचना भोटा पुलिस चौकी को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम को खुलवाया और मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी।



**मुद्दा** भूमि अधिग्रहण किसानों व प्रभावितों को नहीं मिल रहा उचित मुआवजा

# भूमि अधिग्रहण मुद्दे पर किसान सभा करेगी आंदोलन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भूमि से जुड़े तथा भूमि अधिग्रहण के मुद्दों पर हिमाचल किसान सभा द्वारा मंडी में एक दिवसीय अधिवेशन आयोजित किया गया। अधिवेशन का दृष्टिकोण प्रस्ताव रखते हुए डॉक्टर कुलदीप सिंह तनवर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में बड़े पैमाने पर भूमि अधिग्रहण हो रहा है तथा किसानों व प्रभावितों को उचित मुआवजा भी नहीं मिल रहा है।

आज प्रदेश भर के किसानों को तथा प्रभावित जनता को संगठित होने की जरूरत है तथा किसान सभा इस काम के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि देश में भूमि अधिग्रहण को लेकर जो 2013 का कानून बना है उसको भी प्रदेश में लागू नहीं किया जा रहा है। रेलवे, टेलीग्राफ सहित भूमि




अधिग्रहण को लेकर कई कानून हैं। किसान सभा की मांग है कि भूमि अधिग्रहण कानून 2013 के तहत ही मुआवजा, पुर्नस्थापना व पुनर्वास होना चाहिए। इसलिए जहां भी अधिग्रहण हो रहा है और निर्माण कार्य हो रहे हैं वहां हकों की लड़ाई लड़ने तथा मांगों को हासिल करने के लिए लड़ाई लड़नी होगी।

इससे पहले अधिवेशन की शुरुआत में कुशाल भारद्वाज ने कहा कि प्रदेश भर में फोरलेन सड़कों, अन्य सड़कों, रेलवे लाइन, टावर लाइन, हाइडल प्रोजेक्टों, हवाई अड्डों, उद्योगों व अन्य निर्माण कार्यों के लिए किसानों की जमीने अधिग्रहित की गई हैं या फिर जमीनों के अधिग्रहण की तैयारी हो रही है, लेकिन बड़े खेद की बात है कि कहीं भी भूमि अधिग्रहण कानून को लागू नहीं किया जा रहा। न तो फैक्टर 2 के अनुरूप मुआवजा दिया जा रहा है और न ही अन्य प्रावधानों को लागू किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकार या निर्माण कार्य में लगी कंपनियों द्वारा भूमि अधिग्रहण और निर्माण कार्यों से पुनर्वास, संपर्क सड़कों, सर्विस रोड़, पैदल रास्ते, बावड़ी, कुएं, हैंड पंप, फूट ओवर ब्रिज, अंडर पास, अधिग्रहित भूमि के बाहर की भूमि पर होने वाले नुकसान, पर्यावरण से फसलों को होने वाले नुकसान आदि मुद्दों का समाधान नहीं किया जा रहा है।

### अधिवेशन में लिए गए निर्णय

अधिवेशन में प्रस्ताव पारित करते हुए सभी जिलों में तथा स्थानीय स्तर पर अधिवेशन करने, मांगों पर हस्ताक्षर अभियान और ज्ञापन देने तथा मांगों पर स्थानीय स्तर पर आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया गया। सुन्नी हाईडल प्रोजेक्ट के प्रभावितों की मांगों पर 16, 17, 18 सितंबर को नीरथ, कोटगढ़ और रामपुर में एसडीएम व तहसील कार्यालय पर विशाल धरने आयोजित किए जाएं। इस अधिवेशन में मंडी, शिमला, कुल्लू,, कांगड़ा, सिरमौर, सोलन के प्रभावित भी विशेष तौर पर उपस्थित हुए।

**अलर्ट : राखी पर साइबर ठग एक्टिव, गिफ्ट पार्सल आने व गलत एड्रेस का दे रहे झांसा**

# इंडिया पोस्ट के नाम से भेज रहे मैसेज व लिंक क्लिक करते ही फोन हैक और खाता खाली

**अनंत ज्ञान, शिमला**

रक्षाबंधन का पर्व 19 अगस्त को मनाया जाएगा। साइबर ठग इसे देखते हुए एक्टिव हो गए हैं और उन्होंने पर्व के नाम पर ठगी का नया तरीका इजाद कर लिया है। रक्षाबंधन पर अपने भाइयों के लिए राखी पार्सल करने वाली बहनों की संख्या काफी ज्यादा होती है। इसी तरह भाई भी बहनों को पार्सल से उपहार भेजते हैं।



इसका फायदा उठाकर साइबर ठग इंडिया पोस्ट के नाम से मैसेज करते हुए लिंक भेज रहे हैं। मैसेज में लिखा होता है कि आपके लिए राखी या गिफ्ट पार्सल भेजा गया है, लेकिन पता अधूरा होने के कारण आपको डिलीवर नहीं हो पा रहा। लिंक पर क्लिक कर अपना एड्रेस अपडेट करें। ऐसे में लोग लिंक पर क्लिक कर देते हैं। क्लिक करते ही फोन हैक हो जाता है या फिर री-डिलीवरी के नाम पर 20 रुपए की राशि देने को कहा जाता है।

रकम छोटी होने के कारण लोग पेमेंट कर देते हैं। इससे भुगतान के दौरान दी गई जानकारी स्कैमर्स के पास चली जाती है और वे पीड़ित का बैंक अकाउंट खाली कर देते हैं। पिछले दिनों ऐसे मामले कुछ आने के बाद डाक विभाग के अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को सावचेत रहने की सलाह दी हैं।

### जानकारी : डाक विभाग एड्रेस अपडेट के लिए नहीं देता लिंक

**डाक** विभाग के अधिकारियों ने बताया कि विभाग द्वारा कभी भी एड्रेस अपडेट करने के लिए मैसेज में ऑनलाइन लिंक नहीं भेजता है। इस तरह का मेसेज आते ही उसे रिपोर्ट करें। कई बार स्कैमर्सी नामी वेबसाइट की फेक साइट बनाकर भी फर्जी लिंक भेजते हैं। आप एमएक्स टूल्स पर जाकर वेवसाइट का वैकग्राउंड चेक कर सकते हैं। सोशल मीडिया व अनजान वेवसाइट से आने वाले लिंक्स पर कभी भी क्लिक नहीं करें ऑनलाइन सामान लेते हुए अनजान वेवसाइट या एप पर कभी भी अपनी बैंक या कार्ड डिटेल्स नहीं डालें। फिर भी किसी भी तरह की ऑनलाइन धोखाधड़ी हो तो नजदीकी साइवर थाने पर या फिर टोल फ्री नंबर पर तुरंत सूचना दे ताकि पुलिस जल्द से जल्द स्कैमर्स को पकड़ सके।

## न्यूज ब्रीफ

### जवाली में देसी शराब की 15 पेटियां बरामद



**अनंत ज्ञान, जवाली।** पुलिस थाना जवाली के अंतर्गत पुलिस ने एक गाड़ी से अवैध शराब बरामद की है। प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस ने कैहरियां चौक पर नाके के दौरान 32 मील कुठेड़ की तरफ से आ रही एक मारुति कार एचपी 54-3646 को रोका और कार की तलाशी ली गई तो उसमें 15 पेटी देसी शराब की पाई गई। पुलिस ने मौके पर शराब के बारे में कार चालक से पूछताछ की तो चालक कोई वैध कागजात या परमिट नहीं दिखा पाया, जिस पर पुलिस ने शराब व कार को जब्त कर कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में पुलिस थाना जवाली के डीएसपी बीरी सिंह ने कहा कि पुलिस ने अवैध शराब बरामद कर कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

### सत्य साई समिति के कैंप में 51 यूनिट रक्त एकत्रित



**अनंत ज्ञान, डरोह।** रविवार को सत्य साई मंदिर मनसिंबल में पालमपुर जोन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। साई बाबा के अनुसार मानव सेवा ही माधव सेवा है और इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए हर वर्ष साई समिति मनसिंबल जरूरतमंदों के लिए मंदिर परिसर में ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित करवाती है। पालमपुर जोन के कॉर्डिनेटर रोशन रैना ने बताया कि सभा का आरंभ साई भजन के साथ हुआ और उसके बाद पालमपुर सिविल अस्पताल की टीम के सहयोग से यहां ब्लड डोनेट किया गया। रैना ने बताया कि जिला कांगड़ा में उनके द्वारा साल भर में लगभग बारह रक्तदान शिविर लगवाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि रविवार को साई मंदिर में लोगों द्वारा 51 यूनिट रक्तदान किया गया। इस शिविर के साथ-साथ पालमपुर जॉन की तरफ से अरला में वन विभाग की भूमि पर अलग अलग किस्म के लगभग 300 पौधे भी लगाए गए।

### डाडासीबा में किसानों को बांटे फलदार पौधे



**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** डाडासीबा में रविवार को कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आतमा) विकास खंड परागपुर द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता, पूर्व कामगार एवं कर्माचारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष सुरिंद्र सिंह मनकोटिया ने शिविर में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम में ब्लॉक टेक्निकल मैनेजर बीटीएम सुनील कुमार ने अपने संबोधन में किसानों को प्राकृतिक खेती बारे जागरूक किया। ब्लॉक टेक्निकल मैनेजर बीटीएम सुनील कुमार ने उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में 2631 व्यक्ति प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा प्राकृतिक खेती से उत्पादित फसलों के अच्छे दाम दिलवाये जाएंगे। इसके लिए फसल संग्रहण केंद्र भी विभाग द्वारा स्थापित किये जाएंगे।, जिसमें किसानों को मक्की का 30 रुपए व गेहूं के 40 रुपए मूल्य दिया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यातिथि द्वारा किसानों को फलदार पौधे भी वितरित किए गए।

# लग बलियाणा में 20 दिन में नियुक्त करो शिक्षक

## बच्चों के अभिभावकों ने सरकार को दिया अल्टीमेटम, कहा-मांग पूरी नहीं हुई तो सड़कों पर उतरेंगे

**शिवम शर्मा, परागपुर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लग बलियाणा में 20 दिनों के भीतर अध्यापकों के पदों को नहीं भरा तो सभी अभिभावक एकजुट होकर प्रदेश शिक्षा विभाग के खिलाफ सड़कों पर उतर आएंगे। रविवार 18 अगस्त को एसएमसी प्रधान तरसेम सिंह के नेतृत्व में जमा हुए अभिभावकों ने सरकार को अल्टीमेटम दे दिया है।

गौरतलब रहे कि केंद्र और प्रदेश सरकार की ओर से गुणात्मक शिक्षा के दावे किए जाते हैं, लेकिन धरातल स्तर पर यह सब शून्य ही है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लग बलियाणा का भी आजकल यही हाल है। एक तरफ सरकार जहां बेहतर शिक्षा की बात करती है दूसरी ओर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देती है।

वहीं, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लग बलियाणा में इस नारे की साफ तौर पर धज्जियां उड़ती




नजर आ रही हैं। स्कूल के छात्रों के अभिभावकों को अपने अधिकार के लिए अब सड़कों पर उतरना पड़ेगा। अभिभावकों का आरोप है कि गत 4 अप्रैल वर्ष 2023 यानी डेढ़ साल से यहां लगातार शास्त्री अध्यापक का पद रिक्त चला हुआ है। प्रवक्ता इतिहास का पद 12 फरवरी, 2024 से खाली है। राजनीतिक शास्त्र का पद 31 जुलाई से रिक्त हो गया है। लिपिक का पद एक वर्ष से खाली है और पीटीए टीचर का पद शुरू से ही खाली चला हुआ है। उसके बाद आज दिन तक इन खाली पदों को नहीं भरा गया, जिससे अब यहा शिक्षा ग्रहण करने वाले तमाम स्कूली छात्रों के भविष्य पर अब तलवार लटकना शुरू हो गई है। हैरानी की बात तो यह है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के यह सुसराल का क्षेत्र है और उनके सुसराल के कई शिक्षण संस्थान बिना टीचरों के चले हुए हैं, जो कि किसी दुर्भाग्य से कम नहीं है। 18 अगस्त को एसएमसी प्रधान तरसेम सिंह के नेतृत्व में यहां जमा हुए अभिभावकों ने साफ शब्दों में कहा कि आगामी बीस दिनों के भीतर यहां शिक्षकों के रिक्त पद नहीं भरे तो उन्हें धरना-प्रदर्शन या चक्का जाम करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

बता दें कि अगर किसी स्कूल में एसएमसी कमेटी के तहत टीचर रखे भी हुए थे तो उन टीचरों पर सरकार ने अब रोक लगा दी है, जिससे अब समस्या और बढ़ने लगी है। अभिभावकों का आरोप है कि इस बारे कई बार स्कूल प्रशासन और विभागीय अधिकारियों से भी बात की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। (अनंत ज्ञान)

#### ये पद हैं खाली

**स्कूल** में डेढ़ साल से लगातार शास्त्री अध्यापक का पद रिक्त चला हुआ है। प्रवक्ता इतिहास का पद 12 फरवरी, 2024 से खाली है। राजनीतिक शास्त्र का पद 31 जुलाई से रिक्त हो गया है। लिपिक का पद एक वर्ष से खाली है और पीटीए टीचर का पद शुरू से ही खाली चला हुआ है।

#### क्या कहते हैं स्कूल के प्रधानाचार्य

**जब** इस बारे स्कूल प्रधानाचार्य गोबिंद सिंह से बात कि तो उन्होंने कहा कि उच्च अधिकारियों को यहां टीचरों की कमी के बारे में मांग पत्र भेजा है। जैसे ही वहां से टीचरों की तैनाती होता है वैसे ही खाली पद भर जाएंगे।

### नाबालिग से छेड़छाड़ करने पर आरोपी को किया गिरफ्तार

**जवाली।** पुलिस थाना जवाली के अंतर्गत एक गांव में एक व्यक्ति द्वारा नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने लड़की की मां की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत सांय आरोपी जोकि शादीशुदा है अपने पड़ोस की आठ साल की एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसला कर अपने कमरे में ले गया तथा उसके साथ अश्लील हरकते कीं, जिस पर नबालिग ने इस बारे अपनी मां को बताया तो मां ने इसकी शिकायत पुलिस थाना जवाली में दर्ज करवाई। शिकायत मिलने के उपरांत पुलिस ने लड़की के बयान भी कलमबद्ध किए और बयानों के आधार पर पोस्को एक्ट के तहत केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। डीएसपी वीरी सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि उक्त मामले में पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## कृषि विवि का टैंक टूटने से 3 कनाल भूमि को नुकसान

**अजय पाल, पंचरुखी**

पालमपुर के छ्याट के क्षेत्र में बादल फटने से कृषि विश्वविद्यालय द्वारा निर्मित टैंक टूट जाने के कारण बंड-बिहार तथा दयोग्रा में बहुत नुकसान हुआ। टैंक के अचानक टूटने से पानी का बहाव इतना था कि बंड-बिहार के किसान नानकू राम की नाले के साथ लगती लगभग तीन कनाल भूमि पानी में बह गई। इस भूमि पर धान की फसल के साथ दो दर्जन सेब, आड़ू, अनार व अन्य पौधों का नामोनिशान मिट गया।

पानी के तेज बहाव से पंचरुखी-पालमपुर मुख्य सड़क मार्ग पर दयोग्रा के पास पुलिया ध्वस्त हो गई थी, जिसके कारण अभी तक मुख्य सड़क मार्ग बंद है। मौके पर पहुंचे किसान नेता मनजीत डोगरा ने कहा कि इस भूमि तक ट्रैक्टर ले जाने के लिए पुल बनाया गया था, वह भी





पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। मनजीत डोगरा ने प्रदेश सरकार से मांग करते हुए कहा कि बंड-बिहार के किसान नानकू राम तथा अन्य किसानों के नुकसान का जायजा लेकर इनकी उचित साहयता की जाए। (अनंत ज्ञान)

## गुग्गा जाहरवीर मंदिर बौंण में आज चढ़ेगा छत्र

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विकास खंड सुलह स्थित भेडूमहादेव के अंतर्गत गुग्गा जाहरवीर मंदिर वीर गढ़ (बौंण) में सोमवार को यानी आज शाम सात बजे बाबा जी का छत्र चढ़ेगा। मंदिर के पुजारी बिहारी लाल ने कहा कि 20 से 27 अगस्त तक आसपास के गांवों में बाबा जी की फेरी निकाली जाएगी। इस बीच 26 अगस्त को जन्माष्टमी का कार्यक्रम होगा। 27 को गुग्गा नवमी होगी और 28 को बाबा जाहरवीर का श्राद्ध होगा। 29 अगस्त को सुबह हवन-यज्ञ किया जाएगा। 12 बजे पूर्णाहुति दी जाएगी। लंगर भी लगाया जाएगा। इसी दिन शाम को मरीजों का इलाज भी होगा। इस मौके पर सुबह-शाम भक्तों द्वारा बाबा जी का भजन-कीर्तन किया जाएगा। मंदिर में 11 दिन अटूट लंगर लगाया जाएगा।

## टांडा में आज भी डॉक्टर्स की हड़ताल

### अस्पताल में बंद रहेंगी तमाम ओपीडी, केवल आपातकालीन सेवाएं ही रहेंगी जारी

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

कोलकाता में महिला प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म व हत्या के मामले में शनिवार को डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल टांडा में जहां रेसिडेंट डॉक्टरों ब टैमकॉट ने संयुक्त रूप से धरना-प्रदर्शन किया गया था और सारा दिन ओपीडी सेवाएं बंद रखी गई थीं।

रविवार को टांडा के रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन ने कहा कि इस घटना और उसके बाद की घटनाओं ने हमें और हमारे देश को समान रूप से बहुत बड़ी पीड़ा दी है। एसोसिएशन के प्रेस सचिव डॉक्टर खुशबू और डॉक्टर सौरभ जैन ने इस घटना से कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस देश में जब डॉक्टर ही अस्पतालों में अपने कार्यस्थल पर सुरक्षित नहीं हैं



**कोलकाता में डॉक्टर के साथ हुए रेप-मर्डर के विरोध में होगा प्रदर्शन**

तो ऐसे में उनकी सुरक्षा व्यवस्था पर भी कई सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने कहा कि टांडा रेसिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन ने निर्णय लिया है कि सोमवार को भी टांडा अस्पताल में रेजिडेंट डॉक्टर हड़ताल पर रहेंगे और अस्पताल में किसी भी ओपीडी में शामिल नहीं होंगे। उन्होंने केंद्र सरकार से मामले में केंद्रीय प्राधिकारी द्वारा तत्काल और पारदर्शी जांच की मांग की।

उन्होंने तमाम फैकल्टी, नर्सिंग एसोसिएशन, पैरामेडिकल स्टाफ और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को ज्यादा संख्या में उनके साथ इस आंदोलन में शामिल होने के लिए आग्रह किया। वहीं, टांडा मेडिकल कॉलेज टैमकोट के अध्यक्ष डॉक्टर मुनिश सरोच ने कहा कि टैमकोट राज्य में डॉक्टरों और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा को लेकर बहुत चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन के समर्थन में टैमकोट 19 अगस्त को सभी ओपीडी और वैकल्पिक ऑपरेशन थिएटरों का वहिष्कार करेगा। हालांकि आपातकालीन सेवाएं प्रभावित नहीं होंगी। मांगें पूरी नहीं होने पर टैमकोट विरोध का स्तर बढ़ाएगा। (अनंत ज्ञान)

# हेल्थ इज वेल्थ

## आंत्रशोथ : हमारे पाचन तंत्र से जुड़ी गंभीर बीमारी

**आंत्रशोथ या इर्रीटेबल बोवेल सिंड्रोम के मरीज आजकल बरसाती मौसम में ज्यादा मिलते हैं। यूं तो आंत्रशोथ जिसे आईबीएस भी कहते है, हमारे पाचन तंत्र से जुड़ी गंभीर बीमारी है, जिसमें मरीज की पाचन शक्ति अत्यंत क्षीण हो जाती है। मरीज की सेहत पर बुरा असर पड़ता है, कमजोरी जयादा हो जाती है।**

**लक्षण:** इसके मुख्य लक्षणों में भोजन के एकदम बाद शौच की प्रवृति होना, भोजन के बाद पेट में अपचन के चलते अफारा, खट्टे डकार, उल्टी की मंशा, चक्कर की अनुभूति और बारंबार शौच लगना शामिल हैं। कई बार शौच में आंव और रक्त आता है। इससे थकान के साथ कमजोरी, पेट में मरोड़ और मानसिक परेशानी के साथ भूख में भी कमी हो जाती है। इन कारणों के अलावा अन्य कारणों में दूषित जल का प्रयोग, आंत में इंफेक्शन, दूषित खान पान, काम का अत्यधिक बोझ, मानसिक परेशानी, आंत की पाचन क्षमता में कमी, शरीर के तंत्रिका तंत्र में गड़बड़ी इत्यादि शामिल हैं।



**डॉ. रामस्वरूप चांद**
**बीएएमएस**
**डीएनएनवाई**

**उपचार:** इसके उपचार के लिए लंबा समय लगता है। आधुनिक चिकित्सा शास्त्र में आईबीएस का कोई सटीक इलाज संभव नहीं है, लेकिन आयुर्वेद चिकित्सा प्रयोग से इस बीमारी का पूर्णयत: निराकरण संभव है। मरीज की दैहिक प्रकृति अनुसार अलग अलग औषधियों के प्रयोग से अनुभवी चिकित्सकों द्वारा इलाज किया जाता है। इस बीमारी में कुटजघनवटी, कुटजाअवलेह, कुटजारिष्ट, बिल्वादिअवलेह, हिंगवाष्टिक चूर्ण, फलत्रिकादी क्काथ, बिल्वादि चूर्ण, दाड़ीमाष्टिक चूर्ण इत्यादि का सेवन, पथ्य और अपथ्य और मरीज की प्रकृति की जानकारी के साथ किया जाता है।



### स्वच्छता पर ध्यान दें

शौचालय का उपयोग करने या बच्चे की लंगोट बदलने के बाद, तंबाकू धूम्रपान करने के बाद और जानवरों को छूने के बाद साबुन और पानी से उचित रूप से हाथ धोने की सलाह दी जाती है। रसोई के उपकरणों के साथ कच्चे और पके हुए खाद्य पदार्थों का उपयोग केवल तभी करें जब उन्हें प्रत्येक उपयोग के बाद पर्याप्त रूप से धोया गया हो। स्थानापन्न दूध फार्मूले का उपयोग करने के बजाय बच्चों को स्तनपान कराना रसोई की सभी सतहों, बर्तनों और उपकरणों को साफ रखें। ठंडे भोजन को ठंडा रखने के लिए उसे 5 डिग्री सेल्सियस से कम तापमान पर रखें और बैक्टीरिया के विकास को रोकने के लिए गर्म भोजन को 60 डिग्री सेल्सियस से ऊपर गर्म रखें। ध्यान रखें कि खाना पूरी तरह से पका हुआ हो। शौचालय और स्नानघर को साफ रखें।

## बरसात में आई फ्लू से आंखों का करें बचाव

### नजर कम आए तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं

वर्षा ऋतु में कई बीमारियां पनप आती हैं। इन्हीं में से एक है आंखों की बीमारी यानी आई फ्लू या कंजक्टिवाइटिस। प्रदेश के अस्पतालों में इन दिनों आई फ्लू के उपचार को लोग पहुंच रहे हैं।



***हेल्थ एक्सपर्ट***
***डॉ. एनके गुप्ता***

हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. एनके गुप्ता का कहना है कि आई फ्लू से आंख में खुजली होती है, आंख लाल पड़ जाती है और पानी आने लगता है। कई बार आंख का यह इंफेक्शन ज्यादा बढ़ जाता है। आंख का रंग बदलने की वजह से इसे पिंक आई भी कहते हैं। बरसात के मौसम में आई



फ्लू के मामले बढ़ जाते हैं। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग एडवाइजरी जारी भी करता है। साथ ही इसके इलाज के लिए मेडिकल प्रेक्टिशनर्स को दिशा निर्देश भी दिए जाते हैं। **प्रस्तुति: आर मोहन चौहान, सोलन**

### ये हैं लक्षण और ऐसे करें बचाव



आंखों की इस बीमारी के लक्षण क्या हैं, इससे कैसे बचा जा सकता है और अगर किसी को आई फ्लू हो जाए तो किन बातों का ध्यान रखकर जल्दी ठीक हुआ जा सकता है। हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. एनके गुप्ता के मुताबिक आंख में खुजली और लाल होना, एक या दोनों आंखों से पानी आना, सुबह पलकों का आपस में चिपक जाना, आंख में इरिटेशन होना, पलकों का सूजना, लाइट के प्रति आंखों का संवेदनशील होना और आंख में दर्द होना आई फ्लू कहलाता है।

### सफाई का रखें विशेष ध्यान

**डॉ.** गुप्ता का कहना है कि बीमारी की स्थिति में ऑक्यूलर हाइजीन बनाए रखें, आंखों को छूएं या रगड़ें नहीं, बार बार हाथों को पानी और साबुन से साफ करें, किसी से भी हाथ न मिलाएं, इसके अलावा अपने तकिए, रूमाल और तौलिया किसी के साथ शेयर करने से बचें। इसी तरह पानी उबालकर, उसे रूम टेंपरेचर पर ठंडा कर लें, इसके बाद उसमें कॉटन को भिगोकर उससे अपनी आंखों के पलकों को साफ करें। आंख में दवा डालने से पहले अपने हाथों को अच्छे से धो लें। आंख में संक्रमण होने पर डार्क रंग के प्रोटेक्टिव चश्मे पहनें। जिन बच्चों की आंखों में वायरल या बैक्टीरियल कंजंक्टिवाइटिस की परेशानी हो रही है, उन्हें स्कूल न भेजें। इससे और बच्चों को यह बीमारी हो सकती है। अगर मरीज की नजर में कमी आ रही है, दर्द और फोटोफोबिया की शिकायत हो रही है या अन्य लक्षण बढ़ रहे हैं तो तत्काल अस्पताल में डॉक्टर को दिखाने की जरूरत है।

## मुंह से बदबू आए तो अपनाएं ये उपाय

**दांतों की सफाई सही ढंग से न हो पाने के कारण मुंह से अक्सर बदबू आने की शिकायत रहती है। अगर आप भी इस परेशानी से जूझ रहे हैं तो यहां हम इससे छुटकारा पाने के कुछ असरदार तरीके लेकर आए हैं जिन्हें अपनाकर इस दुर्गंध से तो निजात मिलेगी ही साथ ही आप अपनी ओरल हेल्थ को भी सुधार सकते हैं।**

**जीभ को रखें साफ:** ब्रश करते समय जीभ को साफ करना भी बेहद जरूरी है। कई बार लोग दांतों को तो साफ कर लेते हैं लेकिन जीभ साफ करना जरूरी नहीं समझते है। जीभ को ढंग से क्लीन न करने पर भी मुंह से बदबू आने की शिकायत हो सकती है। ऐसे में आप रोजाना जीभ साफ करने की आदत बना लें।



**नारियल तेल का यूज:** मुंह से बदबू आए तो सुबह या शाम एक से दो चम्मच नारियल के तेल को मुंह में रखकर इधर-उधर घुमाएं और फिर कुल्ला कर लें। नारियल के तेल से कुल्ला करने से दांतों के कोनों में फंसी गंदगी निकल जाती है। बता दें, ये नुस्खा दांतों की सड़न को दूर करने में भी काफी काम आता है।

**लौंग का इस्तेमाल:** एंटीबैक्टीरियल गुणों से भरपूर होने के कारण लौंग भी मुंह से आ रही दुर्गंध का खात्मा करने में बेहद असरदार साबित हो सकती है। लौंग के इस्तेमाल के लिए आपको ज्यादा कुछ नहीं करना है बस एक से दो लौंग के टुकड़ों को मुंह में रखकर चूसें, क्योंकि इससे निकलने वाला अरोमा मुंह से आ रही बदबू को दूर कर देता है।

**सेब का सिरका:** एपल साइडर विनेगर के पानी से मुंह के बैक्टीरिया दूर होते हैं, दांत साफ होते हैं और मुंह से बदबू आना बंद हो जाती है। एक गिलास पानी में एक चम्मच सेब का सिरका डालें और इसे माउथवॉश की तरह इस्तेमाल करें।

**(नोट: ये सुझाव सिर्फ सामान्य सूचना के उद्देश्य के लिए हैं और इन्हें पेशेवर चिकित्सा सलाह के रूप में नहीं लिया जाना चाहिए।)**

## उम्र से पहले ही सफेद न हों बाल



**आंवला बहुत ही गुणकारी:** आंवला बालों के लिए एक बेहतरीन प्राकृतिक उपचार है। आंवला का पाउडर, तेल, या रस बालों पर लगाया जा सकता है। आप आंवला पाउडर को नारियल तेल में मिलाकर गर्म करें और इस तेल से अपने स्कैल्प की मसाज करें। इसे कुछ घंटों के लिए छोड़ दें या रात भर लगा रहने दें, फिर बालों को शैंपू या साबुन से धो सकते हैं। आंवला में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो बालों को पोषण देते हैं, बालों की सफेदी को रोकते हैं और उन्हें काला और मजबूत बनाते हैं।

**करी पत्ता:** कुछ करी पत्तों को नारियल तेल में डालकर गर्म करें, जब तक पत्तों का रंग गहरा हरा न हो जाए। फिर इस तेल को ठंडा करके बालों और स्कैल्प पर लगाएं। इसे कम से कम एक घंटे के लिए छोड़ दें और फिर शैंपू या साबुन से धो लें। करी पत्ते में मौजूद बीटा-कैरोटीन और प्रोटीन बालों के समय से पहले सफेद होने से बचाने में मदद करते हैं। नारियल तेल बालों को गहराई से पोषण देता है और उन्हें मजबूत बनाता है।

### इस्तेमाल कीजिए ये नेचुरल चीजें

*किसी भी आयु में बाल सफेद होने की समस्या आजकल लोगों को काफी परेशान कर रही है, लेकिन बालों को सफेद होने से रोकने के लिए कुछ नेचुरल चीजों का इस्तेमाल भी किया जा सकता है। आप बेशक किसी आयु वर्ग के हों, सफेद बाल होना आजकल आम समस्या बन गई है, और यह केवल उम्र से संबंधित नहीं रही है। कई युवा भी समय से पहले सफेद बालों से परेशान हैं। सर पर सफेद बाल होना कुछ लोगों के लिए आत्मविश्वास में कमी का कारण बन सकता है, खासकर जब यह समय से पहले या युवा उम्र में हों। देखा गया है कि समाज में सुंदरता और यौवन का संबंध काले, घने बालों से जोड़ा जाता है, जिससे सफेद बाल होने पर व्यक्ति को अपनी उपस्थिति के बारे में चिंता हो सकती है। यह चिंता आत्मविश्वास में कमी और खुद को कमतर महसूस करने का कारण बन सकती है। इसलिए आपका इसे समय से रोकने पर ध्यान देना चाहिए। सफेद बालों को रोकने के लिए कुछ प्राकृतिक तरीके मदद कर सकते हैं।*



**डॉ. कोमल पटियाल**
आयुर्वेदिक चिकित्सक अधिकारी

**प्रस्तुति: राजेश शर्मा, ऊना**

#### मेथी-काले तिल

मेथी के बीजों को रातभर भिगोकर रखें और सुबह इन्हें पीसकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को अपने बालों और स्कैल्प पर लगाएं और 30-45 मिनट बाद धो लें। मेथी में लेसिथिन और प्रोटीन होते हैं, जो बालों को पोषण देते हैं, उनकी मजबूती बढ़ाते हैं और सफेद बालों को रोकते हैं। रोजाना एक चम्मच काले तिल के बीज खाने से बालों की सफेदी को रोका जा सकता है। आप इन्हें सीधे खा सकते हैं या अपने भोजन में शामिल कर सकते हैं। काले तिल के बीज प्राकृतिक रूप से बालों को काला करने की क्षमता रखते हैं। इनमें मौजूद कैल्शियम, आयरन, और विटामिन ई बालों के स्वास्थ्य को बनाए रखते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### 23 तक खुल जाएगा भुआना-करोड़ी मार्ग

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी।** करोड़ी-भुआना सड़क मार्ग पिछले आठ दिनों से बंद पड़ा है।



पिछले दिनों हुई भारी बारिश के कारण करोड़ी की चढ़ाई मे डंगा धंस जाने से करोड़ी-भुआना सड़क मार्ग सभी वाहनों के लिए बंद कर दिया था। सभी वाहन वाया मछुई-कैलाशपुर होकर आवागमन कर रहे हैं। केवल दोपहिया वाहन ही यहां से जा रहे हैं, जिस वैकल्पिक सड़क मार्ग कैलाशपुर से होकर वाहनों का आवागमन हो रहा है, वह बहुत ही तंग सड़क है। अगर कोई बड़ा वाहन आगे से आ जाए तो पास लेने की भी जगह नहीं है, जिसके कारण कभी कभी बहुत लंबा जाम लग रहा है। जाम के कारण स्कूल, कॉलेज व ड्यूटी जाने वाले लोगों को बहुत मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। इस सड़क मार्ग मे लगातार भारी वाहनों के चलने से कई जगह से सड़क धंस गई है। अगर ऐसे ही मुसलाधार बारिशें होती रही तो यह सड़क भी बंद हो सकती है। कनिष्ठ अभियंता लोक निर्माण विभाग पंचरूखी अंकुश राणा ने बताया कि करोड़ी की चढ़ाई मे गिरे ड़ंगे का काम शुरू कर दिया है। अगर मौसम ठीक रहा तो 23 अगस्त तक यह सड़क मार्ग को वाहनो के लिए वहाल कर दिया जाएगा।

### हिंदू तन मन संगठन ने गगल में की बैठक



**अनंत ज्ञान, डरोह।** भगवा हिंदू युवा बहिनी के बैनर तले हिंदू तन मन सुलह (कांगड़ा) हिमाचल प्रदेश संगठन की बैठक अध्यक्ष जसमेर सिंह हिंदू की अध्यक्षता में शनिवार को न्यूगल त्रिवेणी श्री महादेव मंदिर औचा गगल में आयोजित की गई। इस बैठक में औचा गगल खास के आसपास के गांवों के 60 लोगों ने भाग लिया। बैठक में संगठन के सभी पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार रखे। उसके उपरांत 31 नए स्वयंसेवी नारी शक्ति, युवाओं और सदस्यों को संगठन द्वारा सम्मानित किया और शपथ ग्रहण कर संगठन में शामिल किया गया। अध्यक्ष जसमेर सिंह हिंदू, उपाध्यक्ष सूबेदार मेजर राजकुमार और महिला प्रकोष्ट की उपाध्यक्ष सनातनी सुमन ने परिवार में शामिल हुए सभी नए परिजनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### बिटिया को न्याय दिलाने को उतरेंगे सड़कों पर : चक्षु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कोलकाता के आरजी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की ट्रेनी फीमेल डॉक्टर की कथित बलात्कार एवं हत्या मामले में हिमाचल प्रदेश



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई है। यह घटना मानवता के लिए एक कलंक है। अपराधियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाना चाहिए और उन्हें सख्त से सख्त सजा दी जानी चाहिए। हम उनके परिवार के साथ खड़े हैं और उन्हें न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। यह घटना हमारे समाज की विफलता को दर्शाती है। हमें अपने समाज को सुरक्षित बनाने के लिए काम करना होगा और महिलाओं के प्रति हिंसा को रोकना होगा। हम मांग करते हैं कि अपराधियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए और उन्हें सख्त से सख्त सजा दी जाए। विश्व चक्षु ने कहा कि भाजपा उक्त मामले की कड़ी निंदा करती है, और देश की बिटिया को न्याय दिलाने के लिए सड़कों पर लगातार उतरेंगे। उन्होंने कहा कि समाज को बेहतरीन दिशा में ले जाने के सभी लोगों को मिलकर प्रयास करने होंगे।

### कोलकाता प्रकरण की कड़े शब्दों में की निंदा

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में महिला डॉक्टर रेप



मर्डर केस में इंसाफ की मांग को लेकर देश भर में हो रहे विरोध प्रदर्शन के समर्थन में हिमाचल प्रदेश डेंटल हेल्थ वेलफेयर सोसायटी की प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर श्वेता डोगरा रविवार को बैजनाथ में पत्रकारों से कहा कि इस घटना की हम कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। डाक्टर श्वेता ने कहा कि इसके विरोध में शनिवार को बैजनाथ क्षेत्र के सभी निजी क्लीनिक व अस्पताल बंद रहे। उन्होंने कहा कि महिला डाक्टर रेप-मर्डर केस के विरोध में मंगलवार को बैजनाथ में साएं 4 बजे चामुंडा मंदिर परिसर से बैजनाथ बाजार होते हुए शिव मंदिर परिसर तक शांतिपूर्वक रूप से कैंडल मार्च जुलूस निकाला जाएगा तथा दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इस दौरान सिविल हॉस्पिटल बैजनाथ व क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का समस्त स्टाफ सहित निजी क्लीनिक के स्टाफ तथा महिला मंडल युवा व व्यापार मंडल के सदस्यों के इसके विरोध को लेकर बैजनाथ में रोष प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने सभी लोगों से निवेदन किया है कि इस प्रोटेस्ट के लिए साथ दे तथा लोगों को जागरूक ही किया जाएगा कि ऐसी घटनाएं क्यों हमारे देश में हो रही हैं।

### शरारती तत्वों ने तोड़े ढुगियारी पंचायत के पंखे

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** कांगड़ा के सीमावर्ती ग्राम पंचायत ढुगियारी में दिन-प्रतिदिन



शरारती तत्वों द्वारा सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। गत रात को कुछ शरारती तत्वों ने ग्राम पंचायत ढुगियारी कार्यालय के बाहर बरामदे की छत में लगे पंखे तोड़ दिए हैं। ढुगियारी ग्राम पंचायत के वार्ड नं-1 में सोलर लाइट और ग्राम पंचायत कार्यालय में लोगों को पीने के लिए पानी की रखी गई टंकी के नलों को तोड़ दिया है। साथ ही लोगों के बैठने के लिए जो बैंच रखा था, शरारती तत्वों ने उसे भी तोड़ दिया है। ढुगियारी प्राइमरी स्कूल के बरामदे की दीवारों पर भी शरारती तत्वों द्वारा आपत्तिजनक शब्द लिखे गए हैं। यह जानकारी ढुगियारी ग्राम पंचायत की प्रधान निशा ने दी। उन्होंने बताया कि कुछ शरारती तत्वों द्वारा कभी दिन तो कभी रात को सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने शरारती तत्वों पर कार्रवाई करने को लेकर जिलाधिकारी कांगड़ा, एसडीएम कांगड़ा, थाना प्रभारी गगल को सूचित कर दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी गगल नारायण सिंह ने कहा कि इस संबंध में मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है और पुलिस मामले की गहनता से छानबीन कर रही है।

# बेल्जियम के रंगीन शीशे के लिए भी विख्यात है सेंट जॉन चर्च

## 172 साल का हो चुका यह गिरजाघर, निर्माण शैली और देवदारों से घिरे खूबसूरत दृश्य के लिए है मशहूर

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

अपने निर्माण के 172 साल पूरे कर चुका मैक्लोडगंज का सेंट जॉन चर्च अपनी निर्माण शैली, देवदारों से घिरे खूबसूरत परिदृश्य तथा इतिहास के लिए हमेशा पर्यटकों के लिए घूमने की पसंदीदा जगह रही है। 1852 में निर्मित यह चर्च बेल्जियम से आए रंगीन शीशों के लिए भी जाना जाता है। 1894 से 1899 में भारत के वायसराय लॉर्ड एल्गिन की पत्नी लेडी एल्गिन ने ये शीशे दान किए थे। लॉर्ड एल्गिन द्वितीय भारत के एक वायसराय थे, जो 1894 से 1899 पद पर रहे। इन्होंने 1895 में आंग्ल रूस संधि पर हस्ताक्षर किए गए। इनके समय में भयानक अकाल पड़ा, जिससे





बहुत बड़ी संख्या में लोग मारे गए थे। रविवार को यहां प्रार्थना आयोजित की जाती है, जिसमें काफी संख्या में स्थानीय लोग तथा देशी तथा विदेशी पर्यटक पहुंचते हैं। (अनंत ज्ञान)

### कहां है स्थित ?

**सेंट** जॉन इन द वाइल्डरनेस एक प्रोटेस्टेंट चर्च है, जो जॉन द बैपटिस्ट को समर्पित है। इसका निर्माण 1852 में हुआ था और यह भारत के धर्मशाला के पास, मैक्लोडगंज के रास्ते में फोर्सिथ गंज में स्थित है। प्राचीन काल में चर्च अमृतसर सूबा के भी अधीन रहा है। हालांकि चर्च की संरचना 1905 के कांगड़ा भूकंप में बच गई, जिसमें करीब 19800 लोग मारे गए। भूकंप में चर्च का शिखर, घंटाघर, नष्ट हो गया। बाद में 1915 में मियर्स और स्टेनबैंक द्वारा बनाई गई एक नई घंटी इंग्लैंड से लाई गई और चर्च के परिसर के बाहर स्थापित की गई।

### ऐतिहासिक है यह चर्च

**फादर** विक्टर के अनुसार इस ऐतिहासिक चर्च से कई रोचक कहानियां जुड़ी हुई हैं। ब्रिटिश भारत के वायसराय लॉर्ड एल्गिन ने कनाडा, ब्राजील समेत कई देशों के वायसराय रहने के बाद धर्मशाला में अंतिम सांस ली थी। उनकी पत्नी ने चर्च निर्माण के लिए बेल्जियम का रंगीन शीशा खिड़कियों में लगाने को दान किया था। 1905 के भूकंप में चर्च का घंटा क्षतिग्रस्त होने के बाद इंग्लैंड से नया घंटा मंगवाया। घंटे को चुराने का प्रयास चोरों ने भी किया था लेकिन भारी भरकम घंटा चुराने आए चोर पुलिस की गाड़ी का सायरन सुन भाग निकले थे।

# मेले और उत्सव हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग : किशोरी लाल

## सीपीएस ने कहा, मेलों से बढ़ता है सामाजिक सहयोग, समरसता, सौहार्द और भाईचारा

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**



मुख्य संसदीय सचिव, पशुपालन, ग्रामीण विभाग एवं पंचायती राज, किशोरी लाल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश देवी-देवताओं की धरती है। यहां पर आयोजित होने वाले मेले और उत्सव हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग हैं। मेले हमारे जीवन में हर्ष, आनंद, उमंग, उल्लास, प्रेम, शांति, संतुष्टि तथा खुशियों का संचार करते हैं। इन मेलों से सामाजिक सहयोग, समरसता, सौहार्द तथा भाईचारा बढ़ता है। मेले सांस्कृतिक रूप से सभी को समृद्धि प्रदान करते हैं।

सीपीएस रविवार को बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के मुल्थान में चार दिवसीय आजादी महोत्सव के मेले के समापन में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए बोल रहे थे। सीपीएस ने कहा कि मेले, त्योहार व उत्सव हमारे समाज की पहचान है और इनके आयोजन से क्षेत्र के लोगों को एक दूसरे के साथ मिलने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि संस्कृति और सभ्यता को संजोए रखने के लिए मेलों की अहम भूमिका है। मेले व त्योहार हमारी पुरातन व समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं और रीति-रिवाजों के परिचायक हैं। विविधता में एकता के प्रतीक मेले व उत्सवों के आयोजन से हमारी संस्कृति को सहेजने में बल मिलता है। मेले के आयोजन से आपसी भाईचारा सदैव कायम रहता है और मेले ग्रामीण समाज को जीवंत बनाते हैं। उन्होंने कहा कि मेले के आयोजन से ग्रामीण प्रतिभाओं को भी अपनी कला व प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए मंच भी प्रदान होता है। उन्होंने मेले के सफल आयोजन के लिए मुल्थान मेला कमेटी को बधाई दी। मेला कमेटी के अध्यक्ष कमलेश कुमार ने मुख्यातिथि का स्वागत किया तथा शॉल, टोपी भेंट कर सम्मानित किया। (अनंत ज्ञान)

### मेला कमेटी को दिए 11 हजार रुपए

**सीपीएस** ने मेला कमेटी को मेले के सफल आयोजन के लिए विधायक निधि से 11000 रुपए दिए। उन्होंने कहा कि ऊहल नदी के प्रोटेक्शन वॉल के लिए 2 करोड़ 88 लाख स्वीकृत हुए है। जल्दी ही ऊहल नदी की प्रोटेक्शन वाल के साथ मुल्थान मेला ग्राउंड में भूमि कटाव की सुरक्षा के लिए क्रेट दीवार और मेले के चारों तरफ पौड़िया लगवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने सास्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले और कारगिल युद्ध की लड़ाई में गोली लगने से टांग खो चुके सवर्गीय रमेश कुमार की पत्नी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# हादसे में पंजाब के व्यक्ति की मौत, पांच हुए घायल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



पुलिस थाना धर्मशाला के तहत हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और पांच लोग घायल हो गए। शनिवार शाम खड़ौता में दुर्घटना पेश आई। जानकारी के अनुसार पंजाब के जालंधर से एक परिवार अपने रिश्तेदारों के साथ एक समारोह में भाग लेने के लिए योल आया था। शनिवार को वे अपने वाहन में परिवार के साथ स्थानीय पर्यटन स्थलों का भ्रमण कर रहा था। इस दौरान उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर खड़ौता में सड़क से उतर गई। इस दौरान वे कार में सवार होकर निकल पड़े।

शनिवार रात को जब वे खनियारा-खड़ौता सड़क मार्ग पर जा रहे थे तो उन्होंने गाड़ी रोक दी। इस दौरान अरुण के पिता कार से बाहर निकल गए, जबकि अरुण, उसकी पत्नी और बच्चे कार में ही बैठे हुए थे। अचानक से गाड़ी की हैंडब्रेक छूट गई, जिसके चलते गाड़ी सड़क से नीचे लुढ़क गई और यह हादसा हो गया। हादसे में वाहन का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया तथा अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बाकी घायलों की स्थिति खतरे से बाहर है। पुलिस थाना धर्मशाला में इसको लेकर मामला दर्ज किया गया है। मृतक की पहचान अरुण कुमार पुत्र 41 वर्षीय धर्मपाल निवासी जालंधर के रूप में हुई है। घायलों में 32 वर्षीय प्रिया पत्नी अरुण कुमार निवासी जालंधर, 12 वर्षीय मनिदर कौर पुत्री अरुण कुमार निवासी जालंधर, 13 वर्षीय जोसेफ पुत्र अरुण कुमार निवासी जालंधर, 20 वर्षीय गुनगुन पुत्री धर्मपाल निवासी जालंधर तथा 22 वर्षीय रितु मल्होत्रा पत्नी परवेश मल्होत्रा निवासी जालंधर शामिल हैं। मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने बताया कि पुलिस कार्रवाई कर रही है।

# सीएम की नजरे इनायत से देहरा में हुआ नया सवेरा : मनकोटिया

**अनंत ज्ञान, गरली**



देहरा में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राज्य स्तरीय स्वंतत्रता दिवस को देहरा में मनाकर नया आयाम स्थापित किया है। यह शब्द कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता एवं कामगार कर्मचारी कल्याण बोर्ड के पूर्व वाइस चेयरमैन सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने गरली में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहे। मनकोटिया ने कहा कि देहरा पर मुख्यमंत्री की नजरे इनायत से देहरा में नया सवेरा हो रहा है। 15 अगस्त के मौके पर देहरा को बड़े तोहफे मिले, जिसके लिए यहां की विधायक कमलेश ठाकुर का भी धन्यवाद करते हैं। सीएम सुक्खू द्वारा देहरा में राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस बनाने के लिए कांग्रेस नेता मनकोटिया ने उनका धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि सालों से देहरा में जो विकास के ऊपर अंधकार छाया था, वह देहरा विधायक कमलेश ठाकुर व मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा साफ कर दिया गया है। देहरा में बिजली विभाग, जलशक्ति व लोक निर्माण विभाग के सर्कल खोलने पर धन्यवाद किया। वहीं देहरा में मेडिकल ब्लॉक व क्लीनिकल हॉस्पिटल खोलने के लिए तमाम देहरावासियों की तरफ से मुख्यमंत्री व देहरा विधायक का धन्यवाद किया। देहरा को जिला बनाने के सवाल पर कांग्रेसी नेता ने कहा कि देहरा में शुरुआत हो चुकी है। समय आने पर जिला भी बनेगा। मुख्यमंत्री ने जो वादे देहरा की जनता के साथ किए हैं, वह उन्हें अवश्य पूरा करेंगे। मनकोटिया ने कहा कि देहरा के लोगों ने जो शगुन बेटी को डाला है। बेटी ने उसे जनता को वापस करना शुरू कर दिया है।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी : पठानिया

## उप मुख्य सचेतक ने शाहपुर की बसनूर पंचायत में किया पौधरोपण अभियान का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**



उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने शाहपुर के पंचायत बसनूर के सूहड़ी में चैकी वाली माता मंदिर के परिसर पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण अत्यंत जरूरी है।

उन्होंने कहा कि पौधे पर्यावरण और हमारे जीवन के महत्वपूर्ण घटक हैं इन्हें लगाना और इनका संरक्षण करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी ह। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के साथ साथ उनकी देखभाल एवं संरक्षण भी महत्वपूर्ण ह, ताकि जिस उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा वह पूरा हो सके। उन्होंने बताया कि इस इस बरसात के मौसम के दौरान मुख्यमंत्री के वन महोत्सव की पहल के बाद अब तक वह 20 विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण कर चुके हैं।

केवल पठानिया ने कहा कि प्रदेश सरकार से यह भी निवेदन करेंगें कि प्रदेश में जिस भी वन मंडल ने अच्छे से पौधरोपण एवं उसका संरक्षण किया है उस वनमंडल को राज्य स्तर के कार्यक्रमों में सम्मानित किया जाए। उन्होंने बताया कि बसनूर पंचायत के अंतर्गत मिडल स्कूल लंजोत से मोक्षधाम तक के रास्ते के लिए 7.50 लाख रुपए स्वीकृत हो गए हैं तथा अमर सिंह के घर तक जीप योग्य रास्ते के लिए भी 3 लाख रुपये जारी कर दिए हैं। इन दोनों निर्माण कार्यों को शीघ्र ही शुरू कर दिया जाएगा।

पठानिया ने बताया कि शाहपुर विधानसभा के अंतर्गत तल माता मंदिर एवं चैकी वाली माता में भव्य गेट का न्र्मिाण भी करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि शीतला माता मंदिर के सौंदर्यीकरण का काम भी बरसात के बाद शुरू कर दिया जाएगा तथा चैकी वाली माता मंदिर परिसर में शीघ्र ही सोलर लाइट भी स्थापित की जाएंगी।

उन्होंने मंदिर परिसर में गोल्डन बोटल ब्रश का पौधा लगाया। व्यवसायी एवं मंदिर के मुख्य ट्रस्टी सुरेंद्र शर्मा ने उपमुख्य सचेतक एवं अन्य आये हुए मेहमानों का स्वागत किया। वन विभाग के रेंज अधिकारी सुमित शर्मा ने वन विभाग द्वारा चलाये जा रहा वन महोत्सव वारे जानकारी दी एवं मुख्यातिथि तथा अन्य मेहमानों का धन्यवाद किया एवं आभार जताया। इससे पूर्व उपमुख्य सचेतक ने मन्दिर में जाकर विधिवत पूजा-अर्चना कर चैकी वाली माता का आशीर्वाद लिया।

# बेटियों ने दी पिता की चिता को मुखाग्नि

**अनिल छांगू, जवाली**

जवाली उपमंडल के अंतर्गत पंचायत भरमाड़ के संजय कुमार की एक दिन पूर्व कुएं में गिरने से मौत हो गई, जिसकी दो ही बेटियां हैं। पिता की चिता में मुखाग्नि सिर्फ बेटा ही दे सकता है, बेटियां चिता को आग नहीं लगा सकती हैं। इस सामाजिक सोच से ऊपर उठकर गांव की बेटियों ने पिता की चिता को मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार के समय पर सभी ग्रामीण उनके साथ कंधे से कंधे मिलाकर खड़े थे। वहीं पंचायत प्रधान सुशील कुमार, उपप्रधान रवि कुमार महंत, बीडीसी सदस्य कैलाश भारती, जिला परिषद सदस्य सुखविंद्र धीमान ने प्रशासन से मांग कि है कि इस परिवार को जल्द से जल्द आर्थिक सहायता दी जाए। (अनंत ज्ञान)



**स्वास्थ्य** | आध्यात्मिक सेवा मिशन विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी ने रिपुदमन चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से लगाया कैंप

# कांगड़ा में आयोजित ईएनटी शिविर में 187 लोगों का किया इलाज

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

आध्यात्मिक सेवा मिशन विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा कांगड़ा ने रिपुदमन चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से रविवार को गोपाल बाग गुरखारी कांगड़ा में ओपीडी का आयोजन किया, जिसमें डॉ. संजय सचदेवा प्रिंसिपल डायरेक्टर ईएनटी हेड एंड नेक सर्जरी मैक्स ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स दिल्ली ने 187 मरीजों का इलाज किया।

विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा कांगड़ा हिमाचल प्रदेश की मासिक विशेषता निशुल्क ईएनटी शिविर में राज्य के विभिन्न हिस्सों से मरीज इलाज के लिए पहुंचे। चंडीगढ़ से तीन ऑडियोलॉजिस्ट द्वारा 82 ऑडियोमेट्री टेस्ट किए गए। चारी ग्रोह के 90 वर्षीय जयपाल शिविर में आए सबसे बुजुर्ग मरीज थे।

अगले दो महीनों के दौरान शिविरों में आयोजित की जाने वाली सर्जरी के लिए 27 से अधिक रोगियों की पहचान की गई। यह कार्यक्रम विवेकानंद केंद्र की मासिक विशेषता है जिसका मिशन मानव सेवा ईश्वर की सेवा है। डॉ. सचदेवा ने यूएनआई को बताया कि बहरापन एक छिपी हुई विकलांगता है और एक बधिर बच्चे को संचार, भाषण विकास, सीखने की विकलांगता और अधिकांश मील के पत्थरों के वैश्विक विकास में समस्या होगी। उन्होंने कहा कि व्यस्कों में, सुनने की विकलांगता वाला व्यक्ति एकांतप्रिय, गैर-संचारी, अलग-थलग, उदास हो जाता है और धीरे-धीरे मानसिक तीक्ष्णता, स्मृति में कमी आती है और सामाजिक रूप से शर्मिंदा होता है। उन्होंने कहा कि इस विकलांगता का समय रहते निदान और उपचार करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इसके लिए समस्या में गहरी रुचि और वैज्ञानिक दिमाग की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मूक बच्चों के लिए कोक्लियर इम्प्लांट एक वरदान है जब यह सर्जरी शुरुआती दिनों में बच्चों में की जाती है। अधिकांश बच्चों का निदान नहीं हो पाता या बहुत देर से निदान होता है, इसलिए नियमित चिकित्सा जांच से इसका जल्दी निदान हो सकता है और बेहतर जीवन गुणवत्ता के लिए सुधारात्मक सर्जरी की जा सकती है। (अनंत ज्ञान)






भाजपा महिला मोर्चा जिला हमीरपुर की बहनों ने पांचों मंडलों में चिकित्सक कर्मचारी, ड्राइवर, सफाई कर्मचारियों व पुलिस कर्मियों को रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं दीं।

# भरेड़ी बाजार में कई घरों के सूखे नल

## जलशक्ति विभाग ने पाइप लाइन तो डाली, पर नहीं दिए कनेक्शन

**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी**

भोरंज उपमंडल के प्रमुख व्यापारिक केंद्र भरेड़ी बाजार के करीब 20-22 परिवार बीस दिनों से नलों में पानी न आने से बेहद दिक्कत से जूझ रहे हैं। एफडीआर आधुनिक तकनीक से बन रही बस्सी से तताहर सड़क के 100 मीटर पैच वर्क के लिए तीन अगस्त से बाजार को जोड़ने वाली पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हुई है। इससे नलों की सप्लाई पूरी तरह से प्रभावित हो गई है।

भरेड़ी बाजार की वीना देवी, दीपना देवी, सरोज कुमार, कमला देवी, अंजू देवी, वरुण शर्मा, सुमित सोनी व अन्य ने बताया कि जलशक्ति विभाग ने नई पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण नहीं किया है और सड़क के किनारे पाइपें पड़ी हुई हैं, जिससे बरसात के मौसम में भी नल सूखे पड़े हुए हैं और टैंकरों से पानी मंगवाना पड़ रहा है। रविवार को ग्रामीणों ने एकत्रित होकर पानी की समस्या को दूर करने तथा कनेक्शन देने में देरी करने पर जलशक्ति विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की कड़े शब्दों में निंदा की तथा विभाग को चेतावनी दी कि सोमवार तक विभाग ने पानी की समस्या को दूर नहीं किया तो विभाग के खिलाफ न्यायालय में जाकर गुहार लगाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण धरना-प्रदर्शन करके कानून को अपने हाथ में नहीं लेना चाहते। पपलाह पंचायत के प्रधान अंकुश सैनी का कहना है कि स्थानीय लोग कई दिनों से पेयजल समस्या से जूझ रहे हैं। उन्होंने जल शक्ति विभाग के अधीक्षण व अधिशाषी अभियंता से मांग की कि पाइप लाइन का कनेक्शन देकर नलों को प्राथमिकता के आधार पर जोड़ा जाए। (अनंत ज्ञान)


नलों में पानी न आने की समस्या से अगवत करवाते हुए स्थानीय उपभोक्ता।

### क्या कहते हैं कनिष्ठ अभियंता

जल शक्ति विभाग के कनिष्ठ अभियंता राजेश ठाकुर का कहना है कि सोमवार को विभाग के कर्मचारी कुनेक्शन देने का कार्य शुरू करेंगे। इससे भरेड़ी बाजार की पानी की समस्या दूर होगी।

# मुख्यमंत्री ने जन समस्याओं का समयबद्ध निपटारा करने के दिए निर्देश



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने गत शाम लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह सेरा में जन समस्याएं सुनीं। इस दौरान विभिन्न प्रतिनिधिमंडल भी मुख्यमंत्री से मिले। उन्होंने अधिकारियों को लोगों की समस्याओं का समयबद्ध निपटारा करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जन समस्याओं का समाधान करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। पिछले डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में कांग्रेस सरकार ने जन समस्याओं का निपटारा करने के लिए अनेकों कदम उठाए हैं। सीएम सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में पहली बार तहसील और उपतहसील स्तर पर इंतकाल अदालतों के माध्यम से 1 लाख 57 हजार 500 राजस्व मामले निपटाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अपना चुनावी वादा पूरा करते हुए इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना शुरू की है। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए और सालाना 18 हजार रुपए की सम्मान राशि दी जा रही है। इसके अतिरिक्त पूर्व में अन्य पेंशन योजनाओं का लाभ ले रही 2.37 लाख महिलाओं को इस योजना में शामिल कर उनकी मासिक पेंशन 1500 रुपए की गई है। इस दौरान उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह, एसपी भगत सिंह ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### रक्तदान शिविर में 50 लोगों ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** ग्राम पंचायत बेहरड़ा के गुब्बर गांव में स्वर्णिम हिमाचल जन जागरण समिति की जिला अध्यक्ष पवना ठाकुर की अध्यक्षता में रक्तदान शिविर का सफलता पूर्वक आयोजित किया गया। इस रक्तदान शिविर का शुभारंभ पूर्व सीएमओ डॉ. आरके अग्निहोत्री ने किया। इस अवसर पर लगभग 105 लोगों ने पंजीकरण करवाया, इनमें से 50 लोगों ने ही रक्तदान किया। समिति के सीईओ गौरव वर्मा ने बताया कि स्वर्णिम हिमाचल जन जागरण समिति पिछले कई वर्षों से स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण और महिला सशक्तिकरण और गरीबी उन्मूलन के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि यह रक्तदान शिविर भी उसी का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि इस शिविर को आयोजित करने में जिलाध्यक्ष पवना ठाकुर, विनीत सिंह, मंडी के अध्यक्ष संजीव गुलेरिया, उटपुर के रणजीत कुमार का काफी सहयोग रहा। मेडिकल कॉलेज हमीरपुर की ब्लड बैंक की टीम में लैब टेक्निशियन कमलेश व अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।



### कॉलेज प्राध्यापक संघ ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, डिडवी टिक्कर।** हिमाचल प्रदेश राजकीय कॉलेज प्राध्यापक संघ ने प्रदेश महासचिव डॉ. संजय कानूनगो की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को आज हमीरपुर में ज्ञापन सौंपा, जिसमें हाल ही में सरकार द्वारा अध्ययन अवकाश के दौरान की गई वेतन कटौती का संघ ने विरोध किया और उन्होंने मांग की कि सरकार अपने फैसले पर पुन विचार करें और अध्ययन अवकाश के दौरान 40 की जगह 100 वेतन दिया जाए। उन्होंने बताया कि कॉलेज में अध्यापकों का सीधा संपर्क शोध करने वाले विद्यार्थियों से होता है और यदि यह नियम लागू रहा तो बहुत से प्राध्यापक उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाएंगे और शोध कार्यों में उनकी दक्षता कम रहेगी। उन्होंने बताया कि शोध करने वाले विद्यार्थी प्राध्यापकों से कोई शोध शिक्षा भी ग्रहण नहीं कर पाएंगे और कॉलेज में शोध कार्यों का वातावरण नहीं बन पाएगा। कानूनगो ने बताया कि इससे शिक्षक की गुणवत्ता पर विपरीत असर पड़ेगा और समाज भी शोध कार्यों के लाभ से वंचित रह जाएगा। उन्होंने ज्ञापन में कॉलेज प्रिंसिपल की पदोन्नति व अन्य वेतनमानों पे बैंड-2, पे बैंड-3, तथा पे बैंड-4 देने की भी मांग की। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में प्राचार्य के बहुत से पद खाली पड़े हैं और उनकी पदोन्नति कर उन्हें शीघ्र भरा जाए। उन्होंने बताया कि बहुत सारे प्राध्यापक 2009 व 2013 से कॉलेज में कार्यरत हैं और पिछले 15 वर्षों से न्यूनतम वेतनमान पर कार्य करने को मजबूर हैं। अतः कॉलेज प्राध्यापक संघ सरकार से प्राचार्य व अन्य स्केलों की जल्द डीपीसी की मांग करता है।



### भारतीय संस्कृति और सभ्यता की नींव है संस्कृत भाषा

**अनंत ज्ञान नादौन।** भारत में प्रतिवर्ष श्रावणी पूर्णिमा के पावन अवसर को संस्कृत दिवस के रूप में मनाया जाता है। श्रावणी पूर्णिमा अर्थात् रक्षा बंधन ऋषियों के स्मरण तथा पूजा और समर्पण का पर्व माना जाता है। वैदिक साहित्य में इसे श्रावणी कहा जाता था। इसी दिन गुरुकुलों में वेदाध्ययन कराने से पहले यज्ञोपवीत धारण कराया जाता है। ऋषि ही संस्कृत साहित्य के आदि स्रोत हैं, इसलिए श्रावणी पूर्णिमा को ऋषि पर्व और संस्कृत दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी कड़ी में नादौन के तकेड़ी गांव में हिमाचल प्रदेश राजकीय संस्कृत शिक्षक परिषद के जिला हमीरपुर के जिलाध्यक्ष व तरकेड़ी गांव के संस्कृत अध्यापक आचार्य नरेश मलोटिया व राउपा बूणी के संस्कृत अध्यापक नरेश कुमार की अगुवाई में गांव के बच्चों और युवाओं ने संस्कृत भाषा के महत्व को प्रतिपादित करने हेतु गांव में रैली निकाली। इस रैली के दौरान युवाओं और बच्चों ने विविध नारा लेखन भी प्रस्तुत किया। संस्कृत अध्यापक नरेश मलोटिया ने बताया कि संस्कृत भाषा हमारी संस्कृति और सभ्यता की नींव है। इस दौरान नितिन कुमार, विवेक मलोटिया, प्रिया, शगुन, मनीष , अभय, सागर, नितिन मलोटिया, सुरजीत, सुशील, नरेश मलोटिया, नरेश कुमार आदि उपस्थित रहे।



### शिक्षा विभाग में भरे जाएंगे 7000 पद : शिक्षा मंत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश गुणात्मक शिक्षा के क्षेत्र में अग्रसर है, जिसमें हमीरपुर जिला पूरे राज्य में अग्रणी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के मार्गदर्शन में प्रदेश के प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इसके दृष्टिगत सरकार को कुछ कठोर निर्णय भी लेने पड़े हैं, जिसके भविष्य में ठोस परिणाम सामने आएंगे। हमीरपुर में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि पांच से कम विद्यार्थियों को निकटवर्ती स्कूलों में मर्ज किया जा रहा है और संसाधनों के बेहतर उपयोग के लिए लक्ष्य निर्धारित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्राथमिक शिक्षकों को टैबलेट प्रदान करने की योजना के सकारात्मक परिणाम भविष्य में सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार को विरासत में खराब आर्थिक व्यवस्था मिली थी। इसके बावजूद सरकार द्वारा प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। शिक्षा विभाग 7 हजार पदों को भरने जा रहा है, जिसमें 2300 पद भरे जा चुके हैं।

# सीएम ने सीसे स्कूल का किया औचक निरीक्षण

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू कस्बा बड़ा के धनपुर में किसान प्रशिक्षण केंद्र का शिलान्यास करने के लिए जा रहे थे उसी दौरान उन्होंने दुर्गा सिंह स्मारक सीसे विद्यालय बड़ा में पहुंचकर विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल के उस स्लेटपोश भवन का भी निरीक्षण किया जो वर्तमान समय में जर्जर अवस्था में हैं एवं स्कूल में भवन के कमी के चलते बच्चों को मजबूरन उन कमरों में पढ़ाई करनी पड़ती हैं।

इस दौरान स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से स्कूल के लिए नए भवन के लिए बजट मुहैया करवाने की मांग की ताकि स्कूली बच्चे अपनी पढ़ाई सुचारु रूप से जारी रख सके। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भी स्कूल की इस समस्या को हल करने का क्षेत्रवासियों को पूरा आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री सुक्खू के अचानक स्कूल में पहुंचने पर बच्चों द्वारा जोर जोर से सुक्खू भाई जिंदाबाद के नारे लगाने शुरू कर दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री स्कूल के बच्चों के साथ मिले और उनके साथ फोटो भी खिचवाए। उन्होंने बच्चों को अपनी पढ़ाई सुचारु रखने के लिए भी शुभकामनाएं दी। (अनंत ज्ञान)

# बैठक में महासंघ की गतिविधियों पर चर्चा

**नादौन।** अखिल भारतीय क्षत्रीय, घृत, बाहती, चांग महासभा की प्रदेश स्तरीय बैठक नादौन के सेरा में संपन्न हुई। जिसमें महासंघ की गतिविधियों व उद्देश्य बारे विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष पराशर करने की, जबकि अखिल भारतीय कृषि चांग महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुलशन बडयाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में बिरादरी की विभिन्न समस्याओं बारे विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में राष्ट्रीय स्तर पर सामाजिक समरसता व राष्ट्र भक्ति की भावना से कार्य करते हुए समाज में फैली कुर्तियां को उखाड़कर समाजवादी के उत्थान के लिए हरसंभव प्रयास करने पर बल दिया गया। बिरादरी के गरीब लोगों के उत्थान वह उन्हें समाज की मुख्य धारा में जोड़ने के लिए हरसंभव प्रयास करेगी। बैठक में सतवीर डोगरा, पृथ्वी सिंह, यशपाल सिंह, सुरेश कुमार, विजय कुमार प्रवीण कुमार आदि उपस्थित रहे।

# सुजानपुर महिला इकाई का पुनर्गठन

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**



पीड़ित मानवता और सामाजिक कार्यों को समर्पित उत्तरी भारत में अग्रणी सर्व कल्याणकारी संस्था की सुजानपुर महिला इकाई का पुनर्गठन किया गया है और संस्था के नए पदाधिकारियों को दायित्व सौंपे गए।

सर्व कल्याणकारी संस्था के अध्यक्ष अभिषेक राणा ने बताया कि संस्था के कार्यों को नई गति व विस्तार देने की पूरी रूपरेखा तैयार की गई है और इसे आने वाले दिनों में अमलीजामा पहनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि संस्था की महिला इकाई का पुनर्गठन किया गया है, जिसमें टपरे पंचायत की पूर्व प्रधान रजनीश चौहान को अध्यक्ष की कमान सौंपी गई है। इसके अलावा मझोग सुल्तानी से जिला परिषद सदस्य आशा ठाकुर, गुवारडू की प्रधान सरोज कुमारी, जांगल की प्रधान शकुंतला देवी और रंगड़ से ब्लॉक समिति सदस्य प्रवीण कुमारी को उपाध्यक्ष बनाया गया है। टिब्बी पंचायत से शालू देवी और सुजानपुर से सुमन अटवाल को महासचिव बनाया गया है। पटलांदर से पूर्व वार्ड सदस्य सीमा देवी, जोल से श्रेष्ठा देवी, पौंहज से रीता देवी व चबूतरा से अंजना कुमारी को सचिव बनाया गया है। बारीं पंचायत की भावना राणा, खयाह की सुनीता शर्मा, देई का नौंण की रेशमा वर्मा और दाड़ला की सुमन देवी को संयुक्त सचिव का दायित्व सौंपा गया है।

उन्होंने बताया कि ऊबक से किरण सोनी और थाती लोहियां से पवना देवी को सलाहकार बनाया गया है। सर्व कल्याणकारी संस्था की सुजानपुर महिला इकाई की तमाम पदाधिकारी ने संस्था के संस्थापक और पूर्व विधायक राजेंद्र राणा से भी मुलाकात की और संस्था के सामाजिक कार्यों को और गति देने की अपनी प्रतिबद्धता भी जाहिर की।

**पेपर स्कैम मामला**

# पोस्टकार्ड 822 सहायक स्टोर कीपर मामले में सोहन और टॉपर रहे अमित गिरफ्तार

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

भंग हो चुके हिमाचल कर्मचारी चयन आयोग में हुए गड़बड़ झाले में विजिलेंस ने दो और गिरफ्तारियां की हैं। इनमें दलाली का काम करने वाले सोहन लाल और सहायक स्टोर कीपर के पद पर तैनात हो चुके भोरंज के अभ्यर्थी अमित रावत की गिरफ्तारी हुई है। इनमें सोहन लाल पहले भी कई मामलों में गिरफ्तार रहे हैं। वे अब जमानत पर रिहा हो चुका था, लेकिन अब सहायक स्टोर कीपर के पोस्टकार्ड 822 के तहत जुलाई माह में दर्ज किए गए मामले में इनकी गिरफ्तारी हुई है।

विजिलेंस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक करीब 39 पदों को भरने के लिए सहायक स्टोर कीपर का जो एग्जाम हुआ था, उसमें अमित रावत टॉपर था। उसे हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड में सहायक स्टोर कीपर के पद पर तैनाती मिल चुकी थी। भोरंज से इसकी गिरफ्तारी की गई है। इस पोस्टकोड के तहत ओएमआर सीटों में गड़बड़झाला पाया गया था। विजिलेंस ने इसकी इंक्वारी जब शुरू की तो कई ओएमआर सीटों में छेड़छाड़ पाई गई थी, उसी के आधार पर जांच आगे बढ़ रही है। इस मामले में अभी और गिरफ्तार में भी जल्दी हो सकती हैं तकरीबन तीन अन्य अभ्यर्थी भी निशाने पर हैं। (अनंत ज्ञान)

# विधायक सुरेश 20 को पंचायत प्रतिनिधियों के साथ करेंगे बैठक

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज में किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा के लिए 20 अगस्त को पंचायत समिति हाल भोरंज में बैठक आयोजित की जा रही है। इस बैठक की अध्यक्षता भोरंज के विधायक सुरेश कुमार करेंगे। खंड विकास अधिकारी कार्यालय भोरंज द्वारा जारी किए पत्र के अनुसार पंचायत प्रधान, सचिव, ग्राम रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक इस बैठक में भाग लेना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि विकास कार्यों की स्टेटस रिर्पोट भी साथ लाना सुनिश्चित करें।

## 'निस्वार्थ भाव सेवा संगठन' ने लगाया नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर

# उटपुर में 150 मरीजों का जांचा स्वास्थ्य

**अतुल, सुजानपुर**

सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्थित उटपुर गांव में 'निस्वार्थ भाव सेवा संगठन' द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें चैकअप के बाद मरीजों को मुफ्त दवाइयों बांटी गई। यह आयोजन स्थानीय मां भगवती जन्म जागरण सेवा समिति के सहयोग से संपन्न हुआ। शिविर में लगभग 150 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस अवसर पर डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा, डॉ. केएस जायसवाल, लैब टेक्नीशियन महेश और केमिस्ट नरेश ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

शिविर में निस्वार्थ भाव सेवा संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष अजय डोगरा, दिल्ली विंग के सचिव राकेश चंद, विनोद वर्मा और अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। रविंद्र ठाकुर ने अपनी टीम के साथ सहयोग किया। डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा ने शिविर के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा, 'हमारा उद्देश्य 'पहला सुख निरोगी काया और नर सेवा नारायण सेवा' है।'



**जल्द ही अन्य क्षेत्रों में भी नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जाएंगे : मोहन डोगरा**

संगठन के अध्यक्ष रिटायर्ड प्रिंसिपल मोहन सिंह डोगरा ने बताया कि संगठन की ओर से जल्द ही अन्य क्षेत्रों में भी नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

# मुख्यमंत्री से मिला जिला परिषद अधिकारी कर्मचारी महासंघ

**अनंत ज्ञान, नादौन**



जिला परिषद अधिकारी एवं कर्मचारी महासंघ खंड नादौन का प्रतिनिधि मंडल अपनी मांगों को लेकर महासंघ के अध्यक्ष कुलदीप सिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस सेरा में मिला तथा उन्हें मांग पत्र सोंपा।

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि जिला परिषद कैडर में कार्यरत अधिकारी व कर्मचारियों को पंचायती राज अथवा ग्रामीण विकास में सेवा अवधि व वरिष्ठता को यथावत रखते हुए विलीन किए जाने का आग्रह किया तथा संशोधन संशोधित वेतनमान की बकाया राशि को शीघ्र जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि जिला परिषद अधिकारी के कर्मचारियों को अभी तक छठे वेतन आयोग के बकाए का भुगतान भी नहीं किया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से महासंघ की मांगों को शीघ्र पूरा करने का आग्रह किया है। यह जानकारी देते हुए महासंघ के प्रवक्ता राहुल शर्मा ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री ने उनकी मांगों में समस्या को सुना तथा मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया है।

# रेलिंग में करंट आने से शिक्षक की मौत

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

उपमंडल गगरेट के घनारी गांव में एक व्यक्ति की करंट लगने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक जब अपने दोस्त के साथ शनिवार रात्रि एक दुकान की छत पर बैठा था तो एक वाहन के होर्न की आवाज आने पर जैसे ही वह उठकर देखने लगा तो दुकान की छत की रेलिंग को पकड़ते ही जोरदार झटका लगते ही वह गिर गया। उस समय किसी को कुछ पता नहीं चला। अलबत्ता उसे अचेत अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर डाक्टरों ने उसके मृत घोषित कर दिया।

मृतक का पोस्टमार्टम करवाने पर उसकी मौत का कारण इलेक्ट्रिक शॉर्ट ही बताया गया है। मृतक पेशे से शिक्षक था। गगरेट पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक पड़ताल में पता चला है कि घनारी गांव का एक युवक ने शनिवार देर सायं मृतक शिक्षक को फोन कर बुलाया था। दोनों दोस्त एक दुकान की छत पर बैठे थे। इसी बीच अचानक दुकान के नीचे से एक वाहन के होर्न की आवाज आई। जिसके चलते शिक्षक उठकर यह देखने गया कि नीचे कौन है, जैसे ही उसने रेलिंग को छुआ तो करंट की चपेट में आ गया।

गगरेट पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पोस्टमार्टम के बाद प्रारंभिक तौर पर डाक्टरों ने मौत की वजह बिजली का करंट ही बताया है। डीएसपी डॉ. वसुधा सूद ने इसकी पुष्टि की है।

**दी बल्ह-बिहाल को-ऑपरेटिव कृषि सहकारी सभा लिमिटेड**
गांव व डाकघर बल्ह-बिहाल तहसील ढटवाल, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

दी बल्ह-बिहाल कृषि सेवा सहकारी सभा की नई प्रबंधक समिति के सदस्यों के लिए उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र 06 व 07-09-2024 को भरा जाना है नामांकन पत्रों की जांच 09.09.2024 तथा वैध नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 10-09-2024 को लिखित आपत्तियां तथा 11-09-2024 पर सुनवाई फैसला 12.09.2024 को नामांकन पत्रों की वापसी तथा 21.09.2024 को 2 बजे चुनाव प्रचार का समापन होगा। तथा 23.09.2024 को 9 बजे से 3 बजे तक मतदान होगा तथा उसके बाद दोपहर चुनाव परिणाम की घोषणा की जाएगी।

**अनदेखी** — वन रैंक वन पेंशन को लागू करने से नहीं मिल रहा पूर्व सैनिकों को लाभ

# भूतपूर्व सैनिकों व वीर नारियों की मांगों की केंद्र सरकार न करें अनदेखी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पूर्व सैनिकों की लंबे समय से उनकी उचित मांगों की केंद्र सरकार अनदेखी कर रही है तथा उनके पास समाधान के लिए कोई भी रास्ता नजर नहीं आता है। यह बात संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन (जेसीओ एवं ओआर) हिमाचल प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष कैप्टन जगदीश वर्मा ने जारी प्रेस बयान में कही।

उन्होंने बताया कि पूर्व सैनिकों से संबंधित मांगे जिन पर सरकार ध्यान नहीं दे रही है वह इस प्रकार से हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा केंद्रीय कर्मियों के साथ पूर्व सैनिकों के डेढ़ वर्ष के महंगाई राहत भत्ते को रोकना, कोविड की महामारी के दौरान सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के साथ-साथ ही पूर्व सैनिकों की महंगाई राहत भत्ते को एक जनवरी 2020 से 30 जून 2021 तक के लिए रोक दिया गया था और उसका कारण आर्थिक संकट बताया गया था तथा यह भी घोषणा की गई थी के इसे बाद में तीन किस्तों में दे दिया जाएगा।

अब 3 वर्ष से भी अधिक समय बीतने पर भी सरकार की तरफ से उसके ऊपर कोई भी उचित कदम उठाया नहीं जा रहा है। इसके अलावा वन रैंक वन पेंशन स्कीम से उपजी विसंगतियों का निवारण नहीं होना। भाजपा सरकार ने 7 नवंबर 2015 को एक सरकारी नोटिफिकेशन जारी करके भूतपूर्व सैनिकों की बहुत लंबे समय से चली आ रही वन रैंक वन पेंशन स्कीम को लागू कर दिया, लेकिन उसके लागू करने के उपरांत उसका लाभ पूर्ण पूर्व सैनिकों को नहीं मिल पा रहा है जिन्हें वह मिलना चाहिए और यह लाभ मेजर रैंक से लेकर और लेफ्टिनेंट जनरल रैंक तक के अधिकारियों को मिल रहा है।

**देशभर में 28 लाख हैं पूर्व सैनिक और वीर नारियां**

इस स्कीम को गलत तरीके से लागू करने से पूर्व सैनिकों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। बता दें कि देश भर में 28 लाख पूर्व सैनिक व वीर नारियां हैं। देशभर के पूर्व सैनिकों ने पिछले डेढ़ वर्ष से कई प्रकार के संवैधानिक ढंग से मांग उठाई है, लेकिन रक्षा मंत्रालय की तरफ से उसके ऊपर कोई भी उचित कार्रवाई नहीं की जा रही है और इसके लिए केंद्र सरकार ही मुख्य रूप से जिम्मेदार है।

पूर्व सैनिकों व विधवाओं के सहस्त्र सेनाओं के ट्रिब्यूनल तथा हाई कोर्टों द्वारा निर्णय लिए गए लगभग 5000 से भी अधिक केस रक्षा मंत्रालय में लंबित पड़े हैं। आए दिन इन भूतपूर्व सैनिकों तथा वीर नारियों व विधवाओं को उनके पेंशन संबंधित कई प्रकार के केसों को सही रूप में लेने के लिए कोर्ट के दरवाजे खटखटाने पड़ते हैं। भूतपूर्व सैनिकों को इसके बारे में कुछ भी करने का रास्ता नहीं दिखता है क्योंकि यह केस पहले ही न्यायालय द्वारा निर्णय कर लिए गए हैं परंतु सरकार व रक्षा मंत्रालय इन पर कोई भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। कैप्टन जगदीश वर्मा ने बताया कि केंद्र सरकार, रक्षा मंत्रालय से मांग करते हैं कि वे इन भूतपूर्व सैनिकों की मांगों पर ध्यान दें तथा उसका समाधान करें, ताकि उनको और ज्यादा लंबे समय तक इस तरह की अनदेखी का शिकार न होना पड़े।

## न्यूज ब्रीफ

### पंचायत समिति का फंड जल्द हो रिलीज : लखनपाल



**एसके ठाकुर,बड़सर।** पंचायत समिति सदस्यों को पिछले दो साल से वार्षिक फंड रिलीज नहीं हो पाया हैं। पंचायतों में विकास की गाथा को लिखने में अहम भूमिका निभाने वाले पंचायत समिति सदस्य इस वावत खुद को कुंठित समझने लगे हैं। यह बात विधायक लखनपाल ने कही है। पंचायत समिति सदस्यों को भी हर साल सरकार विकास कार्यों के लिए फंड जारी करती हैं जिससे लोगों द्वारा चुने गए यह प्रतिनिधि अपनी अपनी पंचायतों के विकास कार्यों पर मर्जी से खर्च कर सकते हैं लेकिन जनता द्वारा चुने गए इन प्रतिनिधियों को पिछले दो सालों से सरकार ने फंड ही रिलीज नहीं किया हैं जिसके चलते यह सदस्य विकास कार्यों में अपनी सहभागिता नहीं निभा पा रहे हैं। बड़सर विधानसभा के अंतर्गत चुने हुए समिति सदस्यों का एक प्रतिनिधि मंडल ने विधायक इंद्रदत्त लखनपाल से भेंटकर समस्या उनके समक्ष रखी हैं। गौरतलब यह हैं कि पंचायत प्रधानो के समानतर ही पंचायत समिति सदस्यों का चुनाव होता हैं। सरकार पंचायत समिति सदस्यों को अलग से फंड रिलीज करती हैं जिससे यह सदस्य अपनी मर्जी से अपनी पंचायतों में खर्च करते हैं।

### विद्यार्थी अपने लक्ष्यों को करें निर्धारित : डॉ. सतीश



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मारक राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में वाणिज्य के विद्यार्थियों द्वारा (नव प्रवेश) फ्रेसर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विभागाध्यक्ष डॉ. सतीश सोनी रहे और उन्होंने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि वरिष्ठ छात्रों द्वारा ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन करने के लिए धन्यवाद किया। डॉ. सतीश सोनी ने विद्यार्थियों को कहा कि एक सफल नागरिक बनने के लिए एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका अदा करना अनिवार्य होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि वे अपने लक्ष्य को निर्धारित करें और उनके समक्ष कोई चुनौतियां आती हैं तब वह निःसंकोच होकर अपने वरिष्ठ से सहयोगियों का और गुरुजनों का मार्गदर्शन ले सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे नशीले पदार्थों से दूर रहे और सकारात्मक कार्य करें तभी आप स्वस्थ समाज का निर्माण करके एक अच्छे नागरिक बन सकते हैं। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सामूहिक नृत्य कविताएं मॉडलिंग और मधुर गीतों को प्रस्तुत किया इस अवसर पर वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों अक्षत ,आर्यन सोनी अक्षिता, पारुल पिटयाल, रुचिका, आकृति, हरदीप, सक्षम ने कार्यक्रम की रूपरेखा को निभाया। इस कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक प्रो. नरेश धीमान डॉ. कनिका कुंडल, प्रोफेसर शिल्पा ठाकुर, प्रो. नीना वर्मा. प्रो. मुकुल, प्रो. नीरज शर्मा उपस्थित रहे।

### फीस न बढ़ाने को लेकर सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** एसएफआई की चंबा इकाई के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को छात्र हित की मांगों को लेकर कालेज प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। एसएफआई ने ज्ञापन में उल्लेखित मांगों पर जल्द सकारात्मक कार्रवाई मांगी है। प्रतिनिधिमंडल की अगवाई इकाई अध्यक्ष पंकज व सचिव प्रेम ने की। एसएफआई ने कालेज प्राचार्य को सौंपे ज्ञापन में सरकार से फीस में वृद्धि न करने की मांग उठाई है। इसके अलावा कालेज परिसर में सफाई व्यवस्था को बेहतर रखने का आग्रह किया है। इसके साथ ही कालेज के नए भवन में कक्षाएं आरंभ करने की बात भी कही है। कालेज परिसर में जल्द से जल्द छात्रों को कैंटीन सुविधा उपलब्ध करवाने के साथ ही जिम खोलने की मांग का उल्लेख भी प्रमुखता से किया है। इकाई अध्यक्ष पंकज ने कहा कि एसएफआई जनवादी, प्रगतिशील व वैज्ञानिक सोच रखने वाला छात्र संगठन है। संगठन हमेशा छात्र हित की मांगों को मनवाने के लिए संघर्ष करता रहा है। उन्होंने कहा कि अगर जल्द ज्ञापन में उल्लेखित मांगों को पूरा न किया गया तो वे छात्र हित में आंदोलन की राह अपनाने से भी गुरेज नहीं करेंगें। इस मौके पर इकाई के पदाधिकारियों के अलावा सदस्य मौजूद रहे।

स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में होली छात्रावास की बच्चियों के साथ कैदियों जैसा व्यवहार

# 45 छात्राओं को उनके मनोरंजन से रखा महरूम

**अनंत ज्ञान, होली**

16 अगस्त को सीनियर सेकेंडरी स्कूल होली में हुए स्वतंत्रता दिवस के मौके पर स्टार सांस्कृतिक संध्या के आयोजन के दौरान इस स्कूल की बच्चियों को हॉस्टल में ही कैद रखा। इस कार्यक्रम के दौरान स्कूल प्रशासन द्वारा हॉस्टल की लगभग 45 छात्राओं को उनके मनोरंजन वह संस्कृति से रू–ब–रू करवाने से प्रोग्राम से महरूम रखा गया।

इस मौके पर पूरे स्कूल का स्टाफ इस कार्यक्रम का दीदार करता रहा और बच्चियों हॉस्टल के बंद कमरे में ही इंतजार करते–करते सो गई। स्कूल प्रबंधन की दलील है कि दिन में कार्यक्रम में भाग लेने के बाद सांस्कृतिक संध्या में स्कूल की बच्चियों खुद ही कार्यक्रम में शामिल नहीं हुई। हालांकि जिस सांस्कृतिक संध्या में बाहर से सैकड़ों लोग कार्यक्रम देखने के लिए आए थे, उस सांस्कृतिक संध्या में बच्चियों का प्रोग्राम न

**बच्चों को संस्कृति से रू-ब-रू करवाना जरूरी**

देखने की स्कूल प्रबंधन की दलील समझ से परे है।

हालांकि इस कार्यक्रम के दौरान साथ लगती एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल के हॉस्टल के छात्र–छात्राओं को उनके मनोरंजन वह संस्कृति से रू–ब–रू करवाने के लिए यह कार्यक्रम दिखाया गया, लेकिन जिस कैंपस में यह सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन किया गया उस कैंपस में बने हॉस्टल में छात्राओं को कार्यक्रम दिखाने से दूर रखा गया और उन्हें हॉस्टल में ही बंद रहने दिया गया। जिसको लेकर क्षेत्र में काफी चर्चाओं का बाजार गर्म है।

इसी छात्रावास के प्रांगण में हिमाचल प्रदेश के तीन प्रमुख लोकगायकों सहित कई दूसरे कलाकार अपनी प्रस्तुतियां दे रहे थे। इसके प्रांगण में क्षेत्र के सैकड़ों लोग और स्कूल के अध्यापक और पूर्व विधायक और कई गणमान्य लोग इस कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे थे। कायदे से स्कूल प्रबंधन का फर्ज था कि इन बच्चियों को अपनी संस्कृति से रू–ब–रू करवाने और उनके मनोरंजन करने के लिए इन बच्चियों को हॉस्टल से कार्यक्रम तक ले आते।

**क्या कहते हैं स्कूल के प्रधानाचार्य**

इस विषय पर स्कूल के प्रधानाचार्य विजय लखनपाल ने कहा है कि 16 अगस्त के दिन वह चंबा में शिक्षा मंत्री के साथ मीटिंग में शामिल होने के लिए गए थे। उन्होंने कहा है की इस मेले के दौरान उनके स्कूल के बच्चों ने करीब एक दर्जन कार्यक्रमों में भाग लिया है और हॉस्टल की बच्चियों ने खुद अपने आप सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में शामिल न होने का निर्णय लिया था।

### सोमवार को 1:30 से शाम 7 बजे तक बहनें बांधेंगी राखियां

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** बहनें अपने भाई की कलाई पर विश्वास और आस्था की डोर बांधती हैं। डॉ. अमन शर्मा ने बताया कि इस साल रक्षा बंधन 19 अगस्त, सोमवार को मनाया जाएगा। राखी मनाने का सही समय दोपहर 1:30 बजे से शाम 7:00 बजे तक होगा।रक्षाबंधन हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण पर्व है जो भाई–बहन के रिश्ते को समर्पित है।



डॉ. अमन शर्मा।

इस दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती हैं और उनकी लंबी उम्र की कामना करती हैं। भाई अपनी बहनों को उपहार देकर उनकी सुरक्षा और सम्मान का वचन देते हैं। रक्षाबंधन का पर्व हर साल श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है।

यह पर्व न केवल भाई–बहन के रिश्ते को मजबूत करता है, बल्कि परिवार के अन्य सदस्यों को भी करीब लाता है। रक्षाबंधन का त्यौहार हमें अपने रिश्तों की अहमियत और उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी को समझाता है।

## भेड़ चोर गिरोह का एक आरोपी काबू, दूसरा फरार



पुलिस टीम के साथ काबू आरोपी और आरोपी से बरामद भेड़ें ।

**आजम डार, चुराह**

तेलका पुलिस ने मराली अधवारी से भेड़ चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर भेड़ चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। आरोपी से 10 भेड़ें बरामद की गई हैं। तीन दिन के भीतर ही पुलिस ने मामले का पटाक्षेप कर दिया।

फरार दूसरे आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से आरोपी को पकड़ा। इनमें एक चोर नूर मोहम्मद और दूसरा फरार आरोपी अनिल बताया जा रहा है। पुलिस ने इनसे गहनता से पूछताछ कर चुराई गईं भेड़ों को बरामद किया है। सीसीटीवी खंगाल कर पुलिस चोरों तक पहुंची। आरोपी को कोर्ट से पुलिस रिमांड मिली है। पुलिस आरोपियों से क्षेत्र में हुई चोरियों के बारे में पूछताछ कर रही है।

बीते 13 अगस्त को मराली अधवारी से आरोपियों ने भेड़ों को चुरा लिया था। भेड़ मालिक की शिकायत पर किहार पुलिस ने जांच शुरू की थी। पुलिस ने आसपास क्षेत्रों के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। इनकी फुटेज में आरोपी भेड़ों से भरी गाड़ी को चंबा की तरफ ले जाते दिखे। चालक की धुंधली तस्वीर सीसीटीवी में कैद हुई थी। इसके बाद तीन दिन के भीतर ही आरोपियों तक पहुंच गई।

रिमांड के दौरान चोरी की अन्य घटनाओं से भी पर्दा उठ सकता है। जिले में बीते एक दो वर्ष में चोरी की दर्जनों घटनाएं हो चुकी हैं।

डीएसपी सलूणी रंजन शर्मा ने बताया कि पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। कुछ भेड़ों को बरामद किया है। शनिवार को कोर्ट ने आरोपी को चार दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा है।

## चोरी की घटनाओं को लेकर लोगों को करेंगे जागरूक

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर में हो रही चोरी–छीनाजोरी की घटनाओं को लेकर राम कृष्ण आश्रम लदरूहीं के महात्मा महंत राम मोहन रामायणी ने पंचायतों में जा कर लोगों को जागरूक करने का निर्णय लिया है।

रामायणी ने कहा कि जोगिंद्रनगर के आसपास के क्षेत्रों में तमाम प्रकार की चोरीयां, माता बहनों के पर्स छीनना, स्कूल जाते बच्चों के मोबाइल छीनना जैसे आपराधिक घटनाएं हो रही है। उन्होंने कहा कि एक साधु होने के नाते अपने क्षेत्र के गांव गांव जाकर युवाओं को अपना, अपने समाज,अपने परिवार, अपने गांव की रक्षा के लिये स्वयं जिम्मेवार हो के आपराधिक तत्वों को अपने गांव में आने से रोकेंगें। रामायणी ने कहा कि उनसे पूछताछ करेंगें तथा कोई भी जनजान व्यक्ति गांव में पाया जायेगा तो उन्हें हम अपने स्तर पर निर्णय लेंगे।

रामायणी ने एतवार को ढेलू तथा डोहग गांव के तमाम लोगों के साथ दोनों गांव का दौर किया ताकि लोगों के दिलों में कोई डर नहीं रहे। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलजुल कर अपने गांव की रक्षा करेंगें तथा प्रशासन का पूरा सहयोग करेंगे तथा किसी प्रकार का कोई आपराधिक काम नहीं करने देंगे। कोई भी बाहरी व्यक्ति अगर गांव में आता है तो उसे चाहिए कि वह पहले पंचायत से मिले अपनी स्वीकृति ले ।

## मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य सुविधाएं ठप, मरीज परेशान

**अनंत ज्ञान, चंबा**

कलकत्ता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में ट्रेनी डॉक्टर के साथ रेप के बाद हत्या की घिनौनी वारदात के विरोध में चम्बा के डॉक्टर्स भड़के हुए हैं। हड़ताल के चलते सभी अस्पतालों की ओपीडी पर ताले लटके हुए हैं और मरीजों को मायूस होकर लौटना पड़ रहा है। साथ ही हड़ताल के चलते मेडिकल कॉलेज में शनिवार को कोई सर्जरी भी नहीं हो पाई।



प्रदर्शन करते हुए डॉक्टर्स।

बता दें कि जिले की सात लाख से आबादी स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए पंडित जवाहर लाल नैहरू मेडिकल कॉलेज पर निर्भर है। पीएचसी, सीएचसी सहित अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में प्राथमिक उपचार के बाद मरीजों को मेडिकल कॉलेज ही भेजा जाता है। इसी के साथ जिले के दुर्गम क्षेत्रों से कई लोग जांच के अलावा इलाज के लिए भी मेडिकल कॉलेज पहुंचते हैं, लेकिन कलकत्ता में महिला डॉक्टर की बेरहमी से हत्या के विरोध में और सुरक्षा की खातिर सड़कों पर उतरे चिकित्सकों के चलते मेडिकल कॉलेज में भी आपातकाल को छोड़कर बाकी स्वास्थ्य सुविधाएं लगभग ठप रही।

उधर, चिकित्सकों ने शनिवार को भी जिला मुख्यालय की सड़कों पर उतरकर कलकत्ता में महिला चिकित्सक से हुए जघन्य अपराध का विरोध करने के साथ–साथ सरकार से स्वास्थ्य संस्थानों में सुरक्षा की मांग की। पंडित जवाहर लाल नैहरू मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल के असिस्टैंट प्रोफैसर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. माणिक सहगल, महासचिव डॉ. विनोद भारद्वाज और प्राचार्य डॉ. एसएस डोगरा ने कलकत्ता घटना में शामिल दोषियों को कड़ी सजा देने की भी मांग की।

**स्वास्थ्य कर्मियों के लिए मांगी सुरक्षा**

**नाराज** डॉक्टर्स का कहना है कि देशभर के चिकित्सक देश के सभी स्वास्थ्य कर्मियों के लिए न्याय और बेहतर सुरक्षा की मांग कर रहे हैं।

यहां मैडिकल कॉलेज में भी तीन माह पहले डयूटी दे रही इंटर्न डॉक्टर के साथ छेड़खानी हो चुकी है। ऐसे में मैडिकल कॉलेज में सुरक्षा कर्मियों की संख्या बढ़ाई जाए।

देश के अन्य मेडिकल कालेजों की तर्ज पर चौगान स्थित मेडिकल कालेज परिसर में एक पुलिस चौकी स्थापित की जानी चाहिए, ताकि चिकित्सक खुद को सुरक्षित महसूस कर पाएं

## महिला से छेड़छाड़ के आरोपों पर निष्पक्ष कार्रवाई की मांग : यशवंत

**आजम डार, चुराह**



चुराह के कांग्रेस नेता यशवंत खन्ना ने सोशल मीडिया पर जिला चंबा के एक विधायक पर महिला से छेड़छाड़ के आरोपों पर निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा है कि सोशल मीडिया से मिली जानकारी के मुताबिक 10 अगस्त को पीड़ित लड़की महिला थाना चंबा में इसकी रिपोर्ट भी दर्ज हो चुकी है। जानकारी के मुताबिक कोर्ट में 164 के तहत बयान भी दर्ज हो चुके हैं। लेकिन अभी तक भी क्या कार्रवाई हुई है यह सार्वजनिक नहीं हो पाया है।

यशवंत खन्ना ने कहा है कि बताया जा रहा है कि अब लड़की को अगवा कर लिया गया है या तो फिर जबरदस्ती उसे बयान बदलवाया जा रहा है। कानूनी तौर पर एफआईआर कॉपी की मांग की है और अगर मामला सच पाया जाता है तो संबंधित विधायक के खिलाफ सड़कों पर उतरकर पीडित लड़की को न्याय दिलाया जाएगा। जिसमें पूरा चंबा उनके साथ है।

उन्होंने कहा है कि अभी तक मामला सरकार के ध्यानार्थ नहीं है। अगर आरोप सही पाए जाते हैं तो प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू इस तरह के मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपना कर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा है कि पूरा जिला चंबा सड़कों पर उतरकर इस लड़की के न्याय के लिए लड़ाई लड़ेगा।

## विधायक ने ओपीडी लगाकर मरीजों का किया चेकअप

**ओपी शर्मा, चंबा**



मरीजों का चेकअप करते विधायक डॉक्टर जनकराज

विधानसभा क्षेत्र भरमौर में चिकित्सा के हाल बुरी तरह से बिगड़ गए है। आलम यह है कि यहां पर पेशे से डॉक्टर विधायक को मरीजों का चेकअप करने के लिए खुद ओपीडी लगानी पड़ी। मामला शनिवार का है जब होली क्षेत्र जब यहां पर कोई भी डॉक्टर न होने की वजह से खुद विधायक को अस्पताल में बैठकर ओपीडी लगानी पड़ी और मरीजों का चेकअप करना पड़ा। इस मामले को लेकर क्षेत्र में काफी चर्चाएं हैं। गौरतलब है सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र होली में एक भी डॉक्टर न होने की वजह से यहां पर क्षेत्र की लगभग 14 पंचायतों के लोगों स्वास्थ्य राम भरोसे हो रहा है। पिछले कुछ दिनों से यहां पर तैनात एकमात्र डॉक्टर का तबादला हो जाने के बाद इस सीएचसी में ताला लगने की नौबत आ गई है। हालांकि आनन– फानन में प्रशासन की ओर से यहां पर तैनात जीएमआर विद्युत कंपनी की ओर से डॉक्टर की तैनाती की गई है।

**कांग्रेस नेता सिर्फ ठेकेदारी तक सीमित : डॉ. जनक राज**

**इस** विषय पर विधायक डॉ. जनक राज ने कहा है कि पिछले दो टर्म से यहां की जनता लगातार भाजपा का साथ दे रही है। लिहाजा सरकार बदले की भावना से काम कर रही है। उन्होंने यहां पर कांग्रेस के स्वयं भू नेताओं को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा है है कि अगर वह जनता के हितेषी है तो क्यों नहीं सरकार से इन समस्याओं को दूर करने की चर्चा करते हैं और प्रयास करते हैं , बल्कि कार्यक्रमों में चीफ गेस्ट बनने की उनमें होड़ लगी रहती है जबकि जनता में उनकी उपस्थिति न के बराबर है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस के नेता यहां पर सिर्फ ठेकेदारी तक ही सीमित होकर रह गए हैं।

**समस्या से सीएम को करवा दिया है अवगत : श्याम ठाकुर**



**इस** विषय पर स्थानीय निवासी एवं पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष श्याम ठाकुर ने कहा है कि इस विषय को लेकर उन्होंने पहले ही मुख्यमंत्री को अवगत करवा दिया है। जिसको लेकर उन्होंने एक पत्र मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री को भी प्रेषित कर दिया है। डॉक्टर न होने की वजह से 14 पंचायत के लोग परेशान है । उन्होंने उम्मीद जताई है कि मुख्यमंत्री इस विषय पर जल्द से जल्द संज्ञान लेकर यहां पर डॉक्टर के तैनाती कर देंगे। हालांकि इस विषय पर पिछले दिनों शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर व संसदीय सचिव आशीष बुटेल से भी चर्चा की गई है।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षक राजीव कुमार सम्मानित

**बबलू पठानिया, भटियात**



चवाडी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रायपुर के भौतिक शास्त्र प्रवक्ता, शिक्षक राजीव कुमार को सत्र 2023–24 में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में सम्मानित किया गया। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने उन्हें यह सम्मान दिया है।

शिक्षक राजीव कुमार ने शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षिक नवाचार और गतिविधि आधारित शिक्षण को प्राथमिकता दी। इसके साथ ही, उन्होंने विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई, जिससे विद्यालय का सर्वांगीण विकास संभव हो पाया। शैक्षिक नवाचार और गतिविधियां राजीव कुमार ने शिक्षा के क्षेत्र में अनेक शैक्षिक नवाचार किए और उन्हें सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया। उनके द्वारा गतिविधि आधारित शिक्षण को बढ़ावा दिया गया, जिससे विद्यार्थियों में सीखने की रुचि बढ़ी।

उन्होंने सरकार द्वारा चलाए गए सभी फ्लैगशिप कार्यक्रम को विद्यालय स्तर पर प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना और इको क्लब शिक्षक राजीव कुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी के रूप में समुदाय के साथ मिलकर कार्य किया और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा दिया। इको क्लब प्रभारी के रूप में, उन्होंने पर्यावरण के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया।

**सूडोकु 0030** ★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु 0029 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

## बन्नी माता मंदिर तक जाने वाली सड़क टूटी

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

भरमौर की दूरदराज तुंदा पंचायत की ऊंची पहाड़ियों पर हुई भारी बारिश के कारण बन्नी माता मंदिर के नाले में आई बाढ़ की चपेट में आने से बन्नी माता मंदिर तक सड़क संपर्क पूरी तरह से टूट गया है। नाले में आए एका–एक पानी के कारण मंदिर आने जाने वाले श्रद्धालु भी एक दूसरे छोर पर फंसे रहे।

ऊपरी पहाड़ियों से आई इस बाढ़ में बन्नी निवासियों के कई मवेशी वह जाने की संभावना है। गांव वासियों का कहना है कि ये बारिश बन्नी तथा इसके आसपास के गावों बिलकुल भी नहीं हुई है। अचानक उपर से बाढ़ ही आई है,जिसकी चपेट में सड़क पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता बी सी ठाकुर ने बताया कि पानी का जलस्तर अभी कम नही हुआ है,जैसे ही जलस्तर कम होगा मार्ग को बना कर लोगों व वाहनों को निकाल दिया जाएगा।

## मणिमहेश यात्रा के लिए 200 भक्तों का जत्था रवाना

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**जम्मू** के डोडा जिले से मणिमहेश यात्रियों का पहला जात्था चंबा पहुंच गया है। शिव भक्तों का यह पहला जत्था जन्माष्टमी के पावन अवसर पर 26 अगस्त को मणिमहेश की पवित्र डल झील में डुबकी लगाकर अपनी यात्रा को पूरी करेगा। सलोनी के नाग मंदिर में पहुंचने पर लोगों ने स्वागत किया। वहीं, राज्यस्तरीय पोरी मेले के अंतिम दिन मणिमहेश यात्रा के लिए जत्था रवाना हुआ। इस दौरान लाहौल–स्पीति के विधायक



मणिमहेश यात्रा के लिए रवाना होते भक्त।

अनुराधा राणा और एसडीएम उदयपुर एवं मेला कमेटी के अध्यक्ष केशव राम मौजूद रहे। रविवार को करीब 200 भक्तों का जत्था त्रिलोकीनाथ से मणिमहेश के लिए रवाना हुआ।

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**आज का पंचांग**

19 अगस्त, 2024, सोमवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** श्रावण, **तिथि** पूर्णिमा : (11:57)**: नक्षत्र :** श्रवण (11:49), **पक्ष :** शुक्ल, **योगः** शोभन (00:46) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:58-12:50), **राहुकाल** (7:30 -09:08) ।

**विशेष दिन**

- 19 अगस्त 2024 : श्रावणी उपाकर्म आज।
- 19 अगस्त 2024 : आज से शुरू होंगे पंचक।

**मेषः** दिनचर्या अच्छी रहेगी। धन का लाभ होगा। प्रिय समाचार की प्राप्ति मित्र से प्रसन्नता होगी। प्रियजन से मिलाप होगा। शिक्षा में वृद्धि होगी।

**वृषभः** पराक्रम की वृद्धि होगी। सामाजिक स्तर बढेगा। दायित्व का निर्वाह होगा। परिश्रम अधिक करना पडेगा। कार्य में उत्साह होगा। राजकाज में प्रसिद्धि मिलेगी।

**मिथुनः** धन आगमन में समस्या आएगी। पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में असंतोष रहेगा। निर्माण प्रगति पर रहेगा। संतान से सुख मिलेगा। धन का लाभ होगा।

**कर्कः** स्वयं में असंतोष रहेगा। मानसिक पीड़ा होगी। व्यर्थ की भागदौड़ होगी। समस्या का निवारण होगा। नीतिगत लाभ मिलेगा। शारीरिक स्वास्थ्य में कमी आएगी।

**सिंहः** व्यापार में वृद्धि होगी। धन लाभ होगा। भूमि-जायदाद का मामला सुलझेगा। समस्या का निवारण होगा। पारिवारिक समस्याएं आयेंगी।

**कन्याः** व्यापार में लाभ होगा। मित्रों से स्नेह बढ़ेगा। पराक्रम में वृद्धि होगी। मानसिक पीड़ा, धन का लाभ होगा। राजकाज में विलम्ब होगा। दैनिक दिनचर्या अच्छी रहेगी।

**तुलाः** धन का लाभ होगा। संतान से प्रसन्नता मिलेगी। प्रियजन से मिलाप होगा। व्यापार का विस्तार होगा। दूर-समीप की यात्रा हो सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृश्चिकः** स्वास्थ्य में सुधार होगा। मित्रों से मतभेद होगा। कारोबार की चिंता रहेगी। अन्यत्र साधन के द्वारा लाभ होगा। कार्य में व्यस्त रहोगे। धन का लाभ होगा।

**धनु :** राजकाज में प्रसिद्धि व विस्तार होगा। कार्य में मन लगेगा। उत्साह बढेगा, धन का लाभ होगा। मित्रों से सहयोग मिलेगा। धन का लाभ मिलेगा।

**मकरः** धन का थोड़ा लाभ मिलेगा। परिवारिक समस्या से परेशानी बढ़ेगी। कार्य में कठिनाई आयेगी। दैनिक कार्यो में विलम्ब होगा।

**कुंभः** मन प्रसन्न रहेगा। कार्य में प्रगति रहेगी। धन का लाभ मिलेगा। अकस्मात व्यय होगा। धर्म कार्य पर खर्च होगा। धन का लाभ होगा। अपव्यय रहेगा। यात्रा में कष्ट रहेगा।

**मीनः** रोजगार में वृद्धि होगी। साझेदारी से लाभ होगा। धन का आगमन होगा। निर्माण कार्य में प्रगति होगी। शत्रु पर विजय प्राप्त होगी। कार्य में उत्साह रहेगा। राजनीतिक लाभ मिलेगा।

**मांग** — सचूइ गांव के शिव गूरों के एक प्रतिनिधिमंडल ने एडीएम कुलवीर को सौंपा ज्ञापन

## कमल कुंड झील की पवित्रता को भंग करने वाले यात्रियों पर रोक लगाने की मांग

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

श्री मणिमहेश यात्रा के दौरान पवित्र कैलाश पर्वत के चरणों के समीप बने प्राकृतिक कमल कुंड झील की धार्मिक पवित्रता को भंग करने वाले यात्रियों पर रोक लगाने की मांग की है।

भरमौर के एडीएम कुलवीर सिंह राणा से मिले सचूइ गांव के त्रिलोचन महादेव के वंशजों एवं शिव गुरों के एक प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों से देखने में आ रहा है कि कई यात्री श्री मणिमहेश यात्रा के दौरान कमल कुंड की ओर जा रहे हैं,ये यात्री वहां जाकर हुडदंग मचाते हैं,शोर शरावा करते हैं,गाने भजन आदि गाते हैं,कमल कुंड के जल से हाथ मुंह धोते हैं, इसके आसपास शौच इत्यादि करते हैं। जो इस स्थान की पवित्रता और धार्मिक मान्यताओं के बिलकुल विपरीत है। उन्होंने कहा कि शिव चरणों में स्थित इस झील की मान्यता ये है कि यहां गाना बजाना तो दूर जोर से आवाज लगाना, सीठी लगाना, थूकना, जूते डालना, शौच करना, कुछ खाना तथा झील के जल से हाथ तक लगाना धार्मिक मान्यताओं के खिलाफ है। इन धार्मिक मान्यताओं की अवहेलना किसी भी अनहोनी का कारण बन सकती है। उन्होंने कहा कि बाहरी



एडीएम कुलवीर राणा से मिलता सचूइ शिव गुरों का प्रतिनिधिमंडल।

क्षेत्रों से आने वाले यात्री ऐसा वेशक अज्ञानता तथा धार्मिक मान्यताओं की जानकारी के अभाव के कारण करते हैं ।

उन्होंने आग्रह करते हुए कहा कि ऐसा करने से यात्रियों को रोकने के लिय इस तरह के सूचना बोर्ड या बैनर लगाए जाएं जिस पर कमल कुंड की सीमा मे जूते डालकर न जाना, कमल कुंड के पानी को न छूना, कमल कुंड की सीमा मे गाना बजाना, कीर्तन करना, शराब आदि का सेवन करना आदि अंकित हो ताकि उस तरफ जाने बाले यात्री सुवह सूर्य उदय से लेकर सूर्य अस्त तक ही वहाँ ध्यान लगाएं, क्यूंकि ये स्थान वास्तव मे ध्यान लगाने के लिए ही उपयुक्त है।

उन्होंने आग्रह किया है कि शिव करोत्री से लेकर कमल कुंड कि तरफ मल मूत्र त्यागने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के आदेश सुचना बोर्डो पर अंकित किए जाए ताकि किसी भी प्रकार कि धार्मिक मान्यताओं कि अवहेलना न हो सके.ए डी एम कुलवीर राणा ने प्रतिनिधि मण्डल को अश्वस्त करते हुए बैनर व सुचना बोर्ड लगाने टर्न आदेश लोक निर्माण विभाग को दिए।

खुशी कोई पहले से बनाई हुई चीज नहीं है। यह आपके अपने कार्यों से आती है।
–दलाई लामा

## संपादकीय

# चिट्टा बना नासूर

मंडी शहर में दो दिन में चिट्टे की ओवरडोज से तीन युवकों की मौत की घटना हैरान करने वाली है। हिमाचल में चिट्टे का नशा समाज के लिए नासूर बनता जा रहा है। पुलिस की मानें तो यह बीमारी पड़ोसी राज्य पंजाब से हिमाचल में आई है। पंजाब में चिट्टे का चलन बहुत ज्यादा है। पंजाब में चिट्टे की उपलब्धता साथ लगते पाकिस्तान बॉर्डर से आसानी से हो जाती है। चूंकि हिमाचल पंजाब के साथ लगता है इस कारण पंजाब के लोगों का हिमाचल में आना जाना रहता है। पंजाब के युवक हिमाचल में चिट्टे की खेप के साथ आते हैं और यहां के युवकों को भी लत लगा देते हैं। शुरू में युवक शौक के लिए इसका सेवन करते हैं, लेकिन धीरे-धीरे चिट्टा आदत में शुमार हो जाता है। अब हालत यह हो गई है कि चिट्टा हिमाचल में इस तरह से फैल चुका है कि हर जगह आसानी से उपलब्ध हो जा रहा है।

प्रदेश के हर जिले में नशा माफिया अपने पैर पसार रहा है। पुलिस रिपोर्टों के अनुसार, हिमाचल में एनडीपीएस के मामले दोगुनी रफ्तार से बढ़े हैं। नशे के मामलों में हिमाचल पंजाब के बाद अब देशभर में दूसरे नंबर पर पहुंच गया है। प्रदेश में मादक पदार्थों की तस्करी, नशीली दवाओं के दुरुपयोग, भांग और अफीम की खेती बड़ी समस्या है, लेकिन पिछले कुछ सालों में लाखों युवाओं में सिंथेटिक ड्रग जिसे चिट्टा कहते हैं, के नशे की चपेट में आ गए हैं। एक सर्वे के अनुसार, प्रदेश में दो लाख से ज्यादा युवा ड्रग एडिक्टिड हैं। हैरानी की बात यह है कि लड़कियां भी अब नशे की चपेट में आ रही हैं। वह लोक लाज के सारे बंधनों को पार करते हुए सरेआम नशे का सेवन कर रही हैं। यह विकट परिस्थिति निश्चित रूप से हिमाचल की नौजवान पीढ़ी को मौत के मुंह में ले जा रही है। हिमाचल में अब अक्सर चिट्टे की वजह से मौत के मामले सामने आने लगे हैं, जो कि चिंता का विषय है। पुलिस के लिए भी नशा माफिया पर नकेल डालना चुनौतीपूर्ण हो गया है। दरअसल, नशा माफिया के तार राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जुड़े हुए हैं। यह स्थिति एक बड़े खतरे की ओर इशारा कर रही है। हिमाचल पुलिस के आंकड़े इस बात की गवाही दे रहे हैं कि खतरा कितना बड़ा हो गया है। हिमाचल के अलावा दूसरे राज्यों में भी हालात कुछ अच्छे नहीं हैं। यानी पूरे देश में ही नशे का जाल बिछ चुका है और इसमें पड़ोसी दुश्मन देशों का बड़ा हाथ है। एक सर्वेक्षण में सामने आया कि साल 2019 तक देश में सात करोड़ लोग ड्रग एडिक्टिड थे। जिस रफ्तार से नशे की प्रवत्ति बढ़ रही है उसके अनुसार 2029 तक ड्रग एडिक्ट्स की संख्या देश में 21 करोड़ को पार कर जाएगी। हिमाचल में अब नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति से काम करने की सख्त जरूरत है। सरकार व पुलिस को इस बाबत कठोर कदम उठाने होंगे। देवभूमि नशाभूमि न बन जाए इसके लिए हिमाचल पुलिस ही नहीं, बल्कि कई समाजसेवी संस्थाओं ने भी कई अभियान शुरू किए हैं।

नशे के खिलाफ लड़ाई की जिम्मेदारी केवल पुलिस की ही नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग की भी है। इस बुराई को खत्म करने के लिए सबको एकजुटता से काम करने की जरूरत है। डॉक्टरों की मानें तो चिट्टे के बेहद खतरनाक साइड इफेक्ट्स हैं। जो लोग रेगुलर चिट्टे का इस्तेमाल कर रहे हैं वह नपुंसकता का भी शिकार हो रहे हैं जिससे उनकी जिंदगी बर्बाद होकर रह गई है। कुछ युवक अपनी सैक्स पावर बढ़ाने के लिए चिट्टा लेना शुरू करते हैं, लेकिन उन्हें क्या पता कि यही लत बाद में उन्हें धीरे-धीरे नपुंसकता की ओर धकेल देती है। नशे की दलदल में फंसे अधिकतर युवक तीस वर्ष से कम आयु के होते हैं। चिट्टे के नशे से ग्रस्त युवाओं में स्पर्म बनने बंद हो जाते हैं जो उन्हें नपुंसक बना देते हैं। शौक-शौक में नशा लेने, प्रतिदिन की समस्याओं, मानसिक परेशानी इत्यादि कारणों की वजह से भी युवक नशों के जंजाल में फंस रहे हैं। ऐसा नहीं है कि एक बार जिस नशे में कोई पड़ जाता है तो उससे छुटकारा नहीं पाया जा सकता। निश्चित रूप से नशे से दूर रहा जा सकता है बस सबसे पहले मन को काबू करना होता है। अगर इंसान ठान ले तो नशे की लुत छुड़ाई जा सकती है। नशा छोड़ने के लिए सबसे जरूरी होता है ध्यान को स्थिर रखना। इस दौरान लोगों से मेलजोल बढ़ाते रहना चाहिए ताकि आपके दिमाग में नशे से जुड़े ख्याल ही न आएं। साथ ही मेडिटेशन भी फायदेमंद हो सकती है। इससे व्यक्ति खुद-ब-खुद अपने स्वास्थ की देखभाल करने लगेगा। नशे से मुक्त होने के लिए किसी डॉक्टर या काउंसलर की मदद लेना भी सही होता है। इनके उपायों से नशे से छुटकारा पाने में काफी मदद मिल सकती है। ■

# सनातन धर्म में त्योहारों का विशिष्ट महत्व

भारत वर्ष में कुछ पर्व, त्योहार ऐसे भी हैं जो आध्यात्मिक भौतिक सामाजिक सांस्कृतिक रूप से विशेष महत्व रखते हैं। वैदिक सनातन धर्म एवं संस्कृति में मिले पर्व त्योहारों का सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से विशिष्ट महत्व है। भारतवर्ष में प्राचीन काल से ही तिथि, पर्व और उपासना का विशेष महत्व रहा है। हर पर्व त्योहार का किसी न किसी भूमंडलीय संरचना, प्राकृतिक एवं ऐतिहासिक घटना से संबंध रहता है। जन्माष्टमी उन विशेष उसे विशेष दिवस का वर्ष भर से इंतजार रहता है। जिसे लोक परंपराओं के अनुसार धूमधाम से मनाया जाता है। अनेक पर्व त्योहार सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं को बंधे हुए रहते हैं, जो जनजीवन में भले ही रूढ़िवादी मालूम पड़ते हों, परंतु उनके पीछे वैज्ञानिक, व्यवहारिक और विशिष्ट सामाजिक परंपराओं एवं चिंतन का भी जुड़ाव रहता है। इसी परंपरा में श्रावणी उपाकर्म एवं रक्षाबंधन भी एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो कि आध्यात्मिक, सामाजिक, शैक्षणिक, पारिवारिक और विश्व बंधुत्व तथा पर्यावरण की भावना से ओतप्रोत है। भारत में ईश्वर के विभिन्न रूपों के साथ-साथ प्रकृति का भी पूजन किया जाता है। सूर्य जल, वायु, पृथ्वी, वृक्ष इन सभी को देवता मानकर विशेष अवसरों पर पूजने की परंपरा है। भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुसार जब वनस्पतियां उत्पन्न होती हैं, तब श्रावण मास के श्रवण व चंद्र के मिलन (पूर्णिमा) या हस्त नक्षत्र में श्रावण पंचमी को उपाकर्म होता है। यह क्रम माघ शुक्ल प्रतिपदा या पौष पूर्णिमा तक चलता था।

भारत की सांस्कृतिक विरासत में सोलह संस्कारों के माध्यम से मनुष्य को शिक्षित एवं संस्कारित करके उसका सर्वांगीण विकास किए जाने का चिंतन है। प्राचीन गुरुकुल्य परंपरा में श्रावणी के पावन दिवस पर ही गुरु द्वारा शिष्यों का यज्ञोपवीत संस्कार करके वेदारंभ अर्थात् वेद आदि सत्य शास्त्रों पर आधारित शिक्षाओं का ज्ञान प्राप्त कराने का शुभारंभ किया जाता था। श्रावणी पर नवागंतुक विद्यार्थियों के यज्ञोपवीत संस्कार तथा वेद एवं वैदिक साहित्य के पठन-पाठन तथा समग्रता सी शास्त्र एवं शस्त्र की शिक्षा प्रदान किए जाने का क्रम प्रारंभ होने की भी परंपरा रही है। इसी दिन वेदों के ज्ञाता ब्राह्मण अपने यजमानों को रक्षा सूत्र बांधकर वेदज्ञान तथा वैदिक धर्म एवं संस्कृति की परंपराओं का संरक्षण करने के लिए वचनबद्ध किया करते थे। इस प्रकार यह परंपरा वेद आदि सत्य शास्त्रों, सनातन धर्म एवं संस्कृति के पठन-पाठन, स्वाध्याय, चिंतन, मनन का पर्व है। भारतीय परंपरा में प्रत्येक परिवार ऋषियों के कुल, गोत्र और वेद तथा शाखाओं से संबंधित है। इसीलिए आज भी विवाह आदि संस्कारों में गोत्र एवं शाखा का उच्चारण करने की परंपरा है। कालांतर में श्रावणी पर्व के साथ कई ऐतिहासिक और सामाजिक घटनाएं भी जुड़ती चली गई और इसे भाई बहन के अटूट प्रेम के संबंध में भी मनाया जाने लगा। जब बहनें भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनसे अपनी रक्षा का वचन लेती हैं।



डॉ. कर्म सिंह
पूर्व सचिव हिमाचल कला संस्कृति भाषा अकादमी

यह एक पारिवारिक सामाजिक और सांस्कृतिक परंपरा के निर्वहन की का भी पर्व है। जो भाई-बहन के पवित्र स्नेह के माध्यम से महिलाओं के दोनों कुलों में सम्मान और प्रतिष्ठा को कायम करने की एक कड़ी भी है। वेद निरंतर स्वाध्याय एवं चिंतन मनन का विषय है। अत: स्वाध्याय को सर्वोपरि मानते हुए, ऋषियों ने उपदेश किया –'स्वाध्याय प्रवचनाभ्यां न प्रमदितव्यम्' अर्थात् अपने जीवन में कभी भी स्वाध्याय और प्रवचन से प्रमाद नहीं करना। गुरु के मुख से उपदेश सुनने की श्रुति का इस पर्व का नाम श्रावणी होने के कारण यह शब्द, श्रुति परंपरा एवं श्रवण। श्रुति से श्रवण और श्रावणी पर्व अस्तित्व में आए हैं। श्रुति वेद को कहते हैं। इसी प्रारंभ परंपरा को बनाए रखने तथा शुभारंभ के लिए श्रावणी का पर्व निश्चित किया गया है। श्रावणी पर्व वेदों के उपदेश को सुनने-सुनने चिंतन मनन का पर्व है। श्रावणी उपकर्म में पाप, उपपताका और महापताका से बचने का व्रत लिया जाता है। इसमें चोरी न करना, दूसरों की निंदा न करना, खानपान का ध्यान रखना, हिंसा न करना, इंद्रियों को वश में करना और सदाचारी होने के नियम सम्मिलित हैं। पापों का प्रायश्चित, वेद अध्ययन का संकल्प, संस्कार और स्वाध्याय ये श्रावणी पर्व के मुख्य अंग हैं। श्रावणी पर्व को ऋषिपूजन, सूर्योपस्थान तथा नवीन यज्ञोपवीत धारण करते हैं।

इसकी शुरुआत सावित्री, ब्रह्मा, श्रद्धा, मेधा, प्रज्ञा, स्मृति, सदसस्पति, अनुमति, छंद और ऋषि को घृत की आहुति से होती है। श्रावणी पर्व वैदिक काल से शरीर, मन और इंद्रियों की पवित्रता का पुण्य पर्व माना जाता है। इस पर्व पर की जाने वाली सभी क्रियाओं का यह मूल भाव है कि बीते समय में मनुष्य से हुए, ज्ञात-अज्ञात बुरे कर्म का प्रायश्चित करना और भविष्य में अच्छे कार्य करने की प्रेरणा देना। वर्षाऋतु के चार मास के अंतर्गत विशेषरूप से पारायण यज्ञों का आयोजन किया जाता है। श्रावणी पर्व के अवसर पर बड़े-बड़े यज्ञ किए जाते हैं। जिससे वायुमंडल सुगंधित होकर स्वास्थ्य की दृष्टि से हितकर होता है। इस प्रकार श्रावणी पर्व स्वाध्याय के साथ-साथ पर्यावरण चेतना का भी पर्व है। वेद में भी उपदेश किया गया है– 'निकामेनिकामे न: पर्जन्यो वर्षतु फलवत्यो न: ओषधय: पच्यन्तां योमक्षेमो न: कल्पताम्।' समय पर वृष्टि हो, अनावृष्टि न हो, औषधियां वनस्पतियां कल्याण करने वाली हों। सारी वनस्पितियां फलों व अमोघ औषधियों से लदी हों। समस्त मनुष्यों, पशु पक्षियों एवं समस्त प्राणियों का कल्याण हो। प्राचीन काल में ऋषि-मुनि इसी दिन से वेद पारायण आरंभ करते थे। इसे 'उपाकर्म' कहा जाता था। वेद का अर्थ है-सद्ज्ञान और ऋषि का तात्पर्य है वे आप्त महामानव जिनकी अपार करुणा एवं ज्ञान परंपरा के फलस्वरूप वह सुलभ-सरल हो सका। श्रावणी पर्व पर सामान्य देवपूजन के अतिरिक्त विशेष पूजन के अंतर्गत ब्रह्मा, वेद एवं ऋषियों का आह्वान किया जाता है। ब्रह्मा सृष्टि कर्ता हैं। ब्राह्मीचेतना का वरण करने एवं अनुशासन के पालन करने से ही अभीष्ट की प्राप्ति हो सकती है। उस विद्या को अपनाने, जानने एवं अभ्यास में लाने वाले ही श्रेष्ठता के प्रतीक-पर्याय होते हैं। इस पर्व पर ज्ञान के अवतरण की वेदों के रूप में अभ्यर्थना की जाती है। ज्ञान से ही विकास का आरंभ होता है।

अज्ञान ही अवनतिका मूल है। अज्ञान से अशांति पनपती और अशक्ति अभाव को जन्म देती है। श्रावणी पर्व पर किए जाने वाले रक्षा विधान में वैदिक एवं पौराणिक मंत्रों से अभिमंत्रित किया जाने वाला कलावा केवल तीन धागों का समूह ही नहीं है अपितु इसमें आत्मरक्षा, धर्मरक्षा और राष्ट्ररक्षा के तीनों सूत्र संकल्प बद्ध होते हैं। प्राचीन मान्यताओं से इस पर्व को मानने वाले श्रद्धालु इस दिन नदियों के जल में खड़े होकर विराट भारत की महान परंपराओं का स्मरण करते हुए संकल्प करते हैं, जिसे हेमाद्रि संकल्प अर्थात् हिमालय जैसा महान संकल्प का नाम दिया हुआ है। इसमें सर्वप्रथम मनुष्य को नाना प्रकार के पाप, दुराचरण और समाज विरुद्ध कर्मों से दूर रहने तथा उनके प्रायश्चित की बात कही है। इसके बाद तीर्थ क्षेत्रों शिव-शक्ति उपासना स्थलों के साथ सिंधु और ब्रह्मपुत्र नदी एवं गंगा, गोदावरी, सतलुज, गंडकी, तुंगभद्रा, नर्मदा, कृष्णा, कावेरी आदि प्राचीन विराट भारत में प्रवाहित होने वाली पवित्र नदियों को संकल्प में पिरोया गया है। ताकि हम अपनी प्राचीन अखंड विरासत का स्मरण कर वर्तमान में श्रावणी पर्व पर यह संकल्प लें कि भारत की सार्वभौमिक एकनिष्ठ, विश्वबंधुत्व की भावना हमें एकसूत्र में बंधने की प्रेरणा प्रदान करें तथा राष्ट्र में कोई भी विघटनकारी ताकत अपना सिर न उठा सकें। इस संकल्प के बाद वेद मंत्रों से अभिमंत्रित यज्ञोपवीत धारण कर हाथ की कलाई में रक्षासूत्र बांधा जाता है। भाई अपनी बहनों से राखी बंधवा कर उसे यह विश्वास दिलाते हैं कि इस पवित्र बंधन के माध्यम से वह तुम्हारी सदैव देखभाल करता रहेगा। चाहे कोई भी परिस्थिति, कैसी भी समस्या आ जाए, उसका भाई हमेशा उसकी रक्षा करेगा। इस प्रकार यह पर्व भारत की विराट आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा का संकल्प दिवस बन गया है। रक्षाबंधन का पर्व भी इसी दिन मनाया जाता है। रक्षासूत्रों को ऋषि, मुनि, ब्राह्मण वेदमंत्रों से अभिमंत्रित करते थे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# रेडियो का जमाना और भाई बहन का प्यार

बचपन के दिनों की बात है कि नया-नया फिलिप्स का 'रेडियो और टेपरिकॉर्डर टू इन वन' मार्केट में आया था। जनवरी माह से थोड़े-थोड़े रुपए 7-8 महीने जोड़कर पापा रक्षाबंधन के आस पास उस रेडियो और टेपरिकॉर्डर को खरीद कर घर लेकर आए। मैं बचपन में बहुत शरारती था।

उस रेडियो में जो फ्रीक्वेंसी या स्टेशन बदलने का बटन होता था, उसे मैं खिलौना समझता था और उसको घुमाते ही रहता था, थोड़ा सा घुमाना तो एक गाना बजना, थोड़ा सा और घुमाना तो किसान भाइयों के लिए कार्यक्रम शुरू हो जाना, थोड़ा सा और उस बटन को घुमाना तो फौजी भाइयों के लिए मनपसंद कार्यक्रम शुरू हो जाता था, थोड़ा सा और घुमाने पर आकाशवाणी से समाचार शुरू हो जाते थे। तो कुल मिलाकर बात यह थी कि मुझे उस बटन को घुमाने में बहुत मजा आता था। एक बार मैंने इतनी तेजी से उस बटन को घुमाया कि वो बटन टूट कर मेरे हाथ में आ गया। मैं छोटा सा था शायद 4-5 साल का, यह देखकर बहुत डर गया कि अब तो पापा से मार पड़ेगी।



लेखक : प्रत्यूष शर्मा
सहायक प्रबंधक, इंडियन ओवरसीज बैंक

फिर मुझे एक आइडिया आया, मैंने उस बटन को स्प्रिंग के साथ वैसे ही लगा दिया, जिससे कि वो ऐसे लगे जैसे असल में ही वह टूटा ही नहीं हो और थोड़ी देर बाद दीदी के पास गया और दीदी को बोला दीदी रेडियो चला कर कोई गाना चलाओ न। दीदी ने जैसे ही बटन घुमाया, बटन उसके हाथ में आ गया, उतनी देर में दूसरी तरफ से पापा जी आ गए, फिर जो पापा से दीदी की धुनाई हुई, पूछो मत। और फिर पापा के जाने के बाद दीदी ने मेरा नंबर लगा दिया और कूट-कूट कर बंदा बना दिया। फिर इस छोटे बच्चे को समझ आ गई कि यह खिलौना नहीं है, बहुत महंगी चीज है। अब जब भी इस संस्मरण की याद आती है, तो हम दोनों भाई बहन हंस हंस कर लोट-पोट हो जाते हैं। एक और बचपन का किस्सा जो मुझे आज भी याद आता है।

मेरे पिता जी सरकारी पाठशाला में अध्यापक रहे हैं, मैं भी उसी स्कूल में पढ़ता था, जब पीटीआई सर छुट्टी पर होते थे, तो प्रार्थना सभा करवाने के लिए मुझे स्टेज पर भेज देते थे। यह सिलसिला प्राइमरी स्कूल से ही शुरू हो गया था। एक बार की बात है, मैं तीसरी कक्षा में था और पीटीआई सर उस दिन नहीं आए तो प्रार्थना सभा करवाने के लिए स्टेज पर मुझे भेजा गया और उससे पिछले दिन मेरा अपनी बहन से किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था, वो उस समय आठवीं कक्षा में पढ़ रही थी, तो मैंने सोचा यह अच्छा मौका है बदला लेने का, बिना उसको पहले बताए हुए, अपने गुस्से का गुब्बार बाहर निकालते हुए स्टेज पर अनाउंस किया, बहन का नाम लेकर कहा कि शर्मा जी भाषण देने के लिए आगे स्टेज पर आएं और शर्मा जी गुस्से से मेरी तरफ देखते हुए ही स्टेज पर आई और भाषण देकर चली गई, बिना किसी तैयारी के उनको भाषण देना पड़ा। फिर उस शाम घर जाकर मेरी खूब पिटाई हुई।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता

## बहनों का त्योहार



शिव सन्याल, जवाली (कांगड़ा)

*राखी का दिन आज है, बहनों का त्योहार।*
*भाई-बहन के प्रेम का, सुंदर यह संसार।।*
*दीपक कुमकुम संग ले,थाली में मिष्ठान।*
*कर में राखी बांध के, बिखर रही मुस्कान।।*
*राखी सींचे प्यार को, लिए मिलन की आस।*
*दो रिश्तों की डोर में, बना रहे विश्वास।।*
*पीहर आती चाव से, बचपन आता याद।*
*नयना भर सब से मिले, मन उमड़े उन्माद।।*
*बहना चली उड़ान भर, आज पीहर के द्वार।*
*आंचल में फिर से वही, मिले मात का प्यार।।*

# जब बेटी नहीं सुरक्षित तो कैसे बनेंगे विकसित

बेटी को देवी स्वरूप मानने वाले और बहन की रक्षा करने का संकल्प लेने वाले देश की संस्कृति में कोलकाता में हुआ वीभत्स घटनाक्रम हर देशवासी के हृदय को झकझोर कर रख देने वाला है। वो भी उस संस्थान में जहां मानव जीवन को बचाने का दायित्व रहता है और उस के साथ जो एक महिला डॉक्टर थी, जिन्हें भगवान का दूसरा रूप माना जाता है।

ऐसी अमानवीयता और राक्षसी वृत्ति हमारे समाज और राष्ट्र के लिए केवल चिंता का ही विषय नहीं अपितु एक घोर कलंक है। आखिरकार हमारे समाज में यह हो क्या रहा है हमारी संवेदना और भावनाओं को कैसा ग्रहण लग गया है कि हमारे समाज में ही हमारे बीच में ही ऐसे लोग भी फलफूल रहे हैं जो कि मानवता के लिए कलंक हैं, परंतु हमें उनकी पहचान तक नहीं है। क्यों आज भी स्वतंत्रता के सतहतर वर्षों बाद भी हम अपनी बेटियों को सुरक्षित वातावरण देने में नाकाम साबित हो रहे हैं। वह देश जहां नारी को दुर्गा और शक्ति का स्वरूप मानकर पूजा जाता है, जहां बेटियों से घर आंगन महकता है, उस देश में ऐसे कुकृत्य घोर अंधकार और निराशा तथा भय का वातावरण प्रदर्शित करता है।

यह ऐसी घटना है जो हर उन मां बाप के हृदय को झकझोर कर रख देती है, जिनके घर में बेटियां हैं, क्योंकि सभी को ऐसी घटनाएं आतंकित और भयभीत करने वाली हैं। आश्चर्य तब होता है जब ऐसे मौकों पर सरकार, प्रशासन और पुलिस की कार्यप्रणाली संदेह के दायरे में आ जाती हैं और लोगों को व्यवस्था में जरा भी भरोसा नहीं रहता। इस प्रकार की घटनाएं और ऐसे दुष्कर्मों को अंजाम देने वाले लोग वास्तव में मानव जाति के हो ही नहीं सकते और उनसे भी अधिक वो लोग दोषी ही नहीं बल्कि अपराधी हैं जो कि ऐसे लोगों को किसी दबाव या प्रभाव में आकर बचाने का भरपूर प्रयास करते हैं। ऐसे मामलों में राजनीति करना और पीड़ितों को न्याय दिलाने की वजाय अपराधियों को संरक्षण प्रदान करने का नजरिया अत्यधिक निंदा का विषय है।



लेखक : विक्रम वर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

कोलकाता की घटना में जिस प्रकार से भीड़ की शक्ल में सबूतों व साक्ष्यों को नष्ट करने का जघन्य कृत्य तो और भी हैरत में डालने वाला है। जिस देश की प्रथम नागरिक एक महिला हो और जिस राज्य की मुख्यमंत्री स्वयं एक महिला हो वहां एक बेटी अगर सुरक्षित नहीं है तो यह हमारे समाज के माथे पर कलंक है। धन्य है न्याय व्यवस्था का कि त्वरित कार्रवाई के लिए सरकार और व्यवस्था को बाध्य होना पड़ा अन्यथा जिस तरह से बेटी की हत्या को आत्महत्या साबित करने का प्रयास किया गया और उसके परिवार के साथ व्यवहार किया गया, शायद ही उसके साथ न्याय हो पाता।

ऐसे जघंय अपराधों में कानून व्यवस्था में आमूल चूक परिवर्तन अपेक्षित हैं, क्योंकि देर से न्याय मिलना भी एक प्रकार से अन्याय ही परिलक्षित होता है । ऐसे अपराधों में सार्वजनिक सजा का प्रावधान किया जाना चाहिए ताकि भविष्य में ऐसा कुकृत्य करने वाले लोगों की रुह कांप उठे और त्वरित कार्रवाई से पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का प्रयास किया जाए अन्यथा सबूतों को पेश करने और साबित करने में ही इतना समय निकल जाता है कि तब तक पीड़ित परिवार थक हार चुका होता है। इस मामले में अगर न्यायालय की फटकार नहीं लगी होती तो शायद ही शासन, प्रशासन गंभीरता से जांच में जुट जाते, क्योंकि अपराधों में शामिल ऐसे लोगों को किसी न किसी रूप में संरक्षण प्राप्त होता है, जिसके कारण वे बेखौफ ऐसे अपराधों को अंजाम दिया करते हैं और अपराध करने के पश्चात भी उनके माथे पर भय की कोई सिकन तक नहीं होती है। यह हमारे समाज को घोर निद्रा से जगाने के लिए अत्यंत आवश्यक है कि ऐसी घटनाओं में एकजुट होकर अपराधियों को कठोर से कठोर दंड दिए जाने के लिए आगे आएं ताकि हमारी बहन बेटियों को भी अपने समाज में सुरक्षा का अहसास दिलाया जा सके। अन्यथा पाप को चुपचाप सहन करना भी एक महापाप है। उम्मीद है कि जिस तरह से पूरे देश में विरोध की ज्वाला भड़की है पीड़ित परिवार को अतिशीघ्र न्याय मिल सके और अपराधियों को कठोर से कठोर दंड दिया जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं फिर से न घटित हों। क्योंकि बेटी तो आखिर बेटी ही है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### उच्च कोटी के निबंधकार और शोधकर्ता

डॉ हजारी प्रसाद द्विवेदी हिंदी के शीर्षस्थ साहित्यकारों में से हैं। वे उच्च कोटि के निबंधकार, उपन्यासकार, आलोचक, चिंतक तथा शोधकर्ता थे। साहित्य के इन सभी क्षेत्रों में द्विवेदी जी अपनी प्रतिभा और विशिष्ट कर्तव्य के कारण विशेष यश के भागी हुए थे। द्विवेदी जी का व्यक्तित्व गरिमामय, चित्तवृत्ति उदार और दृष्टिकोण व्यापक है। द्विवेदी जी की प्रत्येक रचना पर उनके इस व्यक्तित्व की छाप देखी जा सकती है। हजारी प्रसाद द्विवेदी का जन्म बलिया जिले के 'आरत दुबे का छपरा' गांव के एक प्रतिष्ठित सरयूपारीण ब्राह्मण कुल में हुआ था। उनके पिता पंडित अनमोल द्विवेदी संस्कृत के प्रकांड पंडित थे। द्विवेदी जी के पितामह ने काशी में कई वर्षों तक रहकर ज्योतिष का गंभीर अध्ययन किया था। द्विवेदी जी की माता भी प्रसिद्ध पंडित कुल की कन्या थी। इस तरह बालक द्विवेदी को संस्कृत के अध्ययन का संस्कार विरासत में ही मिल गया था। सन 1930 में इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद द्विवेदी जी प्राध्यापक होकर शांति निकेतन चले गए। सन 1940 से 1950 ई. तक वे वहां पर हिंदी भवन के निर्देशक के पद पर काम करते रहे। शांति निकेतन में रवींद्रनाथ टैगोर के घनिष्ठ संपर्क में आने पर नए मानवतावाद के प्रति उनके मन में जिस आस्था की प्रतिष्ठा हुई, वह उनके भावी विकास में बहुत ही सहायक बनी। ■



हजारी प्रसाद द्विवेदी
जन्म : 19 अगस्त,1907
मृत्यु : 19 मई,1979

# मानवतावादी शब्द मानव से जुड़ा एक संयुक्त शब्द

मानवतावादी शब्द मानव से जुड़ा एक संयुक्त शब्द है। अर्थात ऐसा व्यक्ति जो कि मानव के हर दुख दर्द को जनता हो, अनुभव करता हो, मानवता का साथ देता हो, मानव के अधिकारों को दिलाने का प्रयास करता हो और बिना किसी भेद के यथार्थवादी हो, वही व्यक्ति मानवतावादी कहला सकता है। इस प्रकार मानवता का साथ देना, मानव अधिकारों को दिलाने का प्रयास करना, जरूरतमंद लोगों की सहायता करना आदि यही मानवतावाद के सोचने व जीने का सही तरीका है। हां, तो ये मानवतावाद विश्व दिवस की आवाज कहां से और कैसे उठी? बात 19 अगस्त, 2003 की है जिस समय इराक की राजधानी बगदाद में संयुक्त राष्ट्र के मुख्यालय पर बम के धमाकों के साथ हमला बोल दिया गया था।

इसी हमले में 22 मानवीय सहायता कर्मी मारे गए थे। मरने वाले इन 22 सहायता कर्मियों में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव के विशेष प्रतिनिधि सर्जियों विएरा डिमेलो भी शामिल थे। इसी घटना को ध्यान में रखते हुए, 5 वर्ष पश्चात संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 19 अगस्त 2008 को विश्व मानवतावादी दिवस मनाने का प्रस्ताव पारित कर दिया था। तभी से इस दिवस को हर साल उन लोगों की याद में मनाया जाने लगा, जिन्होंने विश्व स्तर पर मानवतावादी संकट के समय अपनी जान गवां कर प्राणों की आहुति दे डाली थी। 2008 की बगदाद त्रासदी के पश्चात अब तक 4000 से अधिक मानवतावादियों को निशाना बनाया जा चुका है और आतंक अभी भी जारी है। संयुक्त राष्ट्र की 2022 की रिपोर्ट को देखने से पता चलता है कि अफगानिस्तान, मध्य अफ्रीका गणराज्य, कांगों लोकतंत्र गणराज्य , इराक, सोमालिया और यमन में 26000 से भी अधिक नागरिकों को मौत के घाट उतार दिया गया था या घायल कर दिए थे। आज विश्व भर में फैली अशांति की ओर देखने से पता चलता है कि लाखों की संख्या में लोग विस्थापित हो चुके हैं और हो रहे हैं, अभी अभी बांग्लादेश में तख्ता पलटने से फैली अशांति के फलस्वरूप भड़की अहिंसा में न जाने कितने ही मानवतावादी व नागरिक अपनी जान की आहुति दे चुके हैं और न जाने कितने और मार दिए जाएंगे? क्रूरता की हद तो आज इतनी बढ़ गई है कि बच्चों को भी नहीं बक्शा जा रहा और उन्हें अपने स्वार्थ के लिए सशस्त्र समूह(सेना) में भर्ती करके युद्ध तक में झोंक दिया जा रहा है।



लेखक : डॉ. कमल के प्यासा
लोअर समखेतर, मंडी

इसी तरह से महिलाओं का उत्पीड़न और अपमानित किया जाता है। यदि कोई इसका विरोध करता है या इनका साथ देता है तो उसे ही बड़ी निर्दयता से उड़ा दिया जाता है। आंकड़ों को देखने से पता चलता है कि अभी 2022 में ही 444 मानवतावादियों पर हुए हमलों में 116 मारे गए, 143 घायल हुए और 183 का अपहरण कर लिया गया था। आज विश्व भर में मानवतावादी सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं के साथ ही साथ, मानवतावादी भी बेखौफ अपने कार्य को अंजाम दे रहे हैं। समस्त विश्व भी आज प्राकृतिक आपदाओं से जूझते हुए पर्यावरण व मौसम परिवर्तन के साथ भुखमरी अकाल, आगजनी, बाढ़, आंधी तूफान, भूकंप ज्वालामुखी विस्फोट, युद्धों, घातक बीमारियों व अन्य अनेक प्रकार की दुर्घटनाओं को झेल रहा है, (आज भी हिमाचल प्रदेश व उत्तरा खंड इन्हीं मुसीबतों से जूझ रहे हैं।)फिर भी हमारे मानवतावादी इन सभी मुसीबतों का डट कर सामना कर रहे हैं।

मानवतावादी विचार धारा व सभी मानवतावादियों को हमारा शत शत नमन। मानवता की बात करने वाले विश्व भर में कई नेता हुए हैं, जिन्होंने अपनी नेतृत्व क्षमता द्वारा यह स्थापित दुनिया के सामने एक सकारात्मक विचार प्रस्तुत किए। इस संदर्भ में महात्मा गांधी का नाम सबसे पहले लिया जाना चाहिए। गांधी जी ने भारत की स्वतंत्रता में जिस अहिंसक लड़ाई का सूत्रपात करते हैं वह पूरी दुनिया के लिए एक मिशाल है। गांधी कहते हैं ' अहिंसा मनुष्य जाति के हाथ में बड़ी से बड़ी शक्ति है। मनुष्य के बुद्धि चातुर्य ने संहार और सर्वनाश के जो प्रचंड से प्रचंड अस्त्र शस्त्र बनाए हैं, उनसे भी अहिंसा अधिक प्रचंड शक्ति है। बता दें कि मनुष्य आवश्यकता पड़ने पर अपने भाई के हाथों मरने के लिए तैयार रह कर स्वतंत्रता से जीता है, उसे मार कर कभी नहीं। प्रत्येक हत्या अथवा दूसरे को पहुंचाई गई चोट, फिर उसका उद्देश्य कुछ भी रहा हो, मानवता के खिलाफ एक अपराध है' अहिंसा के जरिए, जिस मानवता को स्थापित करने की बात करते हैं वह समरसतापूर्ण है। जिसमें हिंसा के लिए कोई स्थान नहीं है। हिंसा कमजोरी का प्रतीक है। गांधीजी के साथ-साथ दुनिया के तमाम नेताओं ने हिंसा को गैर जरूरी माना है।

**(ये लेखक के निजी विचार)**

## अपनी बात

**देशभर** में एक बार फिर आरक्षण को लेकर खासी चर्चा हो रही है। सुप्रीम कोर्ट ने एससी/एसटी आरक्षण में कोटे में कोटा देने की व्यवस्था कर नई राजनीतिक बहस को जन्म दे दिया है। न्यायालय ने वर्ष 2004 के अपने ही फैसले को पलटते हुए कहा है कि राज्यों को एससी/एसटी कैटेगरी में सब-क्लासिफिकेशन का अधिकार है। इसके लिए राज्य को डाटा से यह दिखाना होगा कि उस वर्ग का अपर्याप्त प्रतिनिधित्व है। कांग्रेस और भाजपा समेत किसी भी पार्टी ने इस फैसले पर अभी तक मुंह नहीं खोला है। उन्हें इस बात का इंतजार है कि दलित सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर कैसी प्रतिक्रिया देते हैं। कुल मिलाकर अब इस फैसले पर खूब राजनीति होने वाली है, क्योंकि जब देश में ओबीसी आरक्षण लागू हुआ था तो उसके बाद सामाजिक न्याय की राजनीति करने वाली कई पार्टियां उठ खड़ी हुई थीं। यह भी सच है कि इससे न्याय और समानता की भावना को बढ़ावा मिलता है, क्योंकि हर जाति को उसकी जरूरत के अनुसार आरक्षण मिलता है।

–कमलेश, मटौर ( कांगड़ा )

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### भोजपुर स्कूल के शास्त्री अध्यापक रोशन लाल सम्मानित



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** जिला स्तरीय समारोह के दौरान तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले राजकीय माध्यमिक विद्यालय भोजपुर के शास्त्री अध्यापक रोशन लाल शास्त्री को उनके द्वारा विभिन्न स्कूलों, विभिन्न क्षेत्रों तथा आपदा के दौरान किए गए कार्यों के लिए सम्मानित किया। रोशन लाल शास्त्री ने कॅरोना के समय में हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के अध्यक्ष सुरेश सोनी के साथ ऑनलाइन बैठक में छात्रों के पठन पाठन हेतु विशेष चर्चा की गई। राजकीय माध्यमिक पाठशाला चवाड़ी में शास्त्री का पद रिक्त होने के कारण रोशन लाल शास्त्री ने राजकीय माध्यमिक पाठशाला नौलखा के छात्रों के साथ ऑनलाइन कक्षाएं लगाई गई थी जिससे छात्रों की पढ़ाई सुचारू रूप से चलती रही।

### हाथों में सजेंगी लक्की स्वयं सहायता समूह की राखियां



**कविता, पधर।** जिला मंडी के उपमंडल पधर की ग्राम पंचायत डलाह के गांव कोठी की महिलाएं वेस्ट से बैस्ट तैयार कर स्वावलंबन की नई इबारत लिख रही हैं। स्वयं सहायता समूह के रूप में संगठित यह महिलाएं आचार, बांस से बनीं टोकरी, किरड़ु के साथ ही आजकल राखी के त्यौहार में घर के वेस्ट मैटेरियल से राखी बनाने का काम कर रही हैं। समूह की सदस्य अंजली कुमारी, कामेश्वरी और कुसमा कहती हैं कि उन्होंने 2011 में समूह का गठन किया, जिसमें 9 सदस्य हैं। पहले वह केवल बचत ही करती थीं, लेकिन बाद में प्रदेश सरकार की तरफ से उन्हें 15 हजार रूपए का रिवाल्विंग फंड मिला और 2500 रूपए स्टार्टअप फंड भी मिला। इसके बाद ग्रुप की महिलाओं ने आय बढ़ाने के लिए छोटे-छोटे कार्य शुरू किए। (अनंत ज्ञान)

### सकलाना में बेहतरीन कार्य करने वाले किए सम्मानित



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र की सकलाना पंचायत के प्रधान ने नई पहल करते हुए पंचायत का नाम रोशन करने वालों को सकलाना गौरव अवार्ड से सम्मानित करने का ऐलान किया है बल्कि पंचायत की ग्राम सभा में दर्जनों लोगों को सम्मानित भी किया है। सकलाना पंचायत प्रधान सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि पंचायत के लोग किसी भी क्षेत्र में उपलब्धि पाकर न सिर्फ अपने क्षेत्र का नाम रोशन करते हैं बल्कि इनसे पूरे प्रदेश में पंचायत का नाम भी रोशन होता । उन्होंने बताया कि की पंचायत के हर उस नौजवान जो कि सरकारी विभागों में अधिकारी व कर्मचारी नियुक्त हुए हैं उन्हे सकलाना गौरव पुरस्कार देकर सम्मानित किया है।

### पशु चिकित्सक संघ ने सीएम राहत कोष में दिए 11 लाख



**अनंत ज्ञान, मंडी।** पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने पशु चिकित्सक संघ की ओर से मुख्यमंत्री को मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 11 लाख रुपए का चेक भेंट किया। मुख्यमंत्री ने इस अंशदान के लिए पशु चिकित्सक संघ का आभार जताया है। कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से जूझ रहे लोगों की मदद के लिए प्रदेश के लोगों को मुख्यमंत्री राहत कोष में सहयोग देना चाहिए। इस मौके पर सचिव पशुपालन विभाग राकेश, निदेशक डॉक्टर प्रदीप शर्मा, पशु चिकित्सक संघ के अध्यक्ष डॉक्टर नीरज मोहन व संघ के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### सुभाष चंद्र को सौंपी नंबरदार संघ सरकाघाट की कमान



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** नंबरदार संघ सरकाघाट का चुनाव, अधिकारी प्रकाश चंद चौहान प्रधान जेष्ठ वरिष्ठ नागरिक सरकाघाट व प्रताप सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें अधिकारी सर्व सम्मति से सुभाष चंद्र को प्रधान, विनय कुमार और करुणादत को उपाध्यक्ष, यशोधन सिंह और तेज सिंह को संगठन मंत्री, सुनील ठाकुर और पवन कुमार को सह सचिव, जय सिंह को संयोजक, रेखा कुमारी कोषाध्यक्ष, प्रताप सिंह ठाकुर को मुख्य सलाहकार जबकि रजनीश, बलदेव, प्रेमचंद, सुभाष चंद, बलबीर सिंह, प्रभात चंद को सदस्य नियुक्त किया गया है।

### रेहड़ी-फड़ी वालों को करवाना होगा पंजीकरण

**अनंत ज्ञान, मंडी।** भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 (सीआरपीसी 144) के अंतर्गत आदेश जारी करके जिला मजिस्ट्रेट अपूर्व देवगन ने मंडी जिला में किसी भी व्यवसायी, ठेकेदार, कृषक या व्यक्ति द्वारा राज्य या जिला से बाहर से आने वाले श्रमिकों को काम पर रखने से पहले उनका पूरा विवरण तस्वीर सहित संबंधित पुलिस स्टेशन में उपलब्ध करवाना अनिवार्य किया है। इसके साथ ही जिला में किसी भी स्थान पर अस्थायी निवास करने वाले सभी रेहड़ी, फड़ी, फेरीवाले और ठेका मजदूरों को भी पुलिस स्टेशन में अपना पंजीकरण करवाना होगा। आदेशों का उल्लंघन पर करने का प्रवासी मजदूर या उसके नियोक्ता के खिलाफ मुकदमा चलाया जा सकता है। यह आदेश विभिन्न मेलों में आने वाले श्रमिकों पर लागू नहीं होंगे। जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मंडी द्वारा यह बात ध्यान में लाई गई थी कि जिले में बड़ी संख्या में प्रवासी मजदूर बाहर से काम करने के लिए आ रहे हैं। उनका पुलिस स्टेशन या पुलिस चौकी स्तर पर उनका पंजीकरण करने के बाद, उनके मूल स्थानों से सत्यापित किया जाना जरूरी है, ताकि नौकरी चाहने वालों की आड़ में असामाजिक तत्व बड़े पैमाने पर जनता के लिए किसी भी प्रकार का खतरा पैदा न कर सकें। जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि बाहर से आने वाले प्रवासी कुछ संदिग्ध चरित्र के हो सकते हैं और उन पर दोषसिद्धि हो सकती है। वह जिला में अपराध कर फरार हो सकते हैं और समाज के साथ-साथ कानून-व्यवस्था के लिए भी समस्या खड़ी कर सकते हैं। इसके अलावा प्रवासी मजदूरों की भागीदारी के कारण भी जिला में महिलाओं के खिलाफ अपराध भी बढ़ रहे हैं।

# रक्षा बंधन पर सेरी मंच पर लगी रौनक

**पुष्पराज, मंडी**

रक्षा बंधन के पवित्र पर्व का इंतजार हर बहन और भाई को रहता है और बहनें जहां अपने भाई के लिए बेहतरीन और सबसे अच्छी राखी की तलाश करती है तो भाई भी अपनी बहन के लिए बेहतरीन उपहार देनें के प्रयास में रहता है।

सोमवार को रक्षाबंधन का पवित्र पर्व है और इसी कड़ी में मंडी शहर में रविवार को बाजार भी खुले रहे और भारी संख्या में लोग खरीदारी के लिए शहर में नजर आए। बाजार में अनेक तरह की राखियां और कई तरह के उपहार भी उपलब्ध रहे और नए डिजाइन की राखियां भी शहर में देखने को मिली। वहीं इस बार इस पर्व को और भी आकर्षक बनाने के लिए भगवान शिव के चित्र वाली राखियां भी मुख्य आकर्षण का केंद्र बनी। वहीं बाजार में यह भी चर्चा का विषय बना रहा कि भाईयों की कलाईयों पर इस बार भगवान की प्रतिमा वाली राखियां सजेंगी। इसके अलावा अपने-अपने भाई के फोटो वाली राखी की भी खूब डिमांड है। कई दुकानदारों ने रक्षाबंधन पर्व पर विभिन्न किस्मों की राखियां ग्राहकों के लिए उपलब्ध करवाई हैं।

10 रुपए लेकर 200 रुपए की राखियां मार्केट में उपलब्ध हैं। खासकर मनियारी वाली दुकानों पर राखियों की कई वैरायटी उपलब्ध करवाई गई है। इस पर्व को मनाने के लिए बहनें भी काफी उत्साहित हैं। बहनों की माने तो शुभ मुहूर्त में ही भाई की कलाई पर राखी बांधकर ताउम्र रक्षा का वचन लेंगी।



सेरी मंच पर राखियों की खरीददारी करती बहनें ।

### रविवार को भी डाक विभाग ने घर-घर पहुंचाई राखियां

**वहीं** दुकानदारों का कहना है कि महिलाओं और युवतियों ने एक हफ्ते पहले से ही खरीदारी शुरू कर दी है। जिनके भाई दूर दराज क्षेत्रों में है तथा घर नहीं आ सकते उन्हें डाक के माध्यम से राखी भेज दी गई है, ताकि रक्षाबंधन से पहले भाईयों को राखी मिल सके। रविवार को भी डाक विभाग द्वारा घर-घर राखियां पहुंचाई गई।

### दुकानदारों ने शाम तक राखियों के रेट किए कम

**गत** सप्ताह से खरीदारी के कारण राखियों के दाम ज्यादा थे लेकिन सोमवार को रक्षा बंधन का पर्व आता देख रविवार को दुकानदारों ने राखियों के दामों में 50 से 70 प्रतिशत की गिरावट आई। वहीं ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए दुकानदार सेल सेल करते नजर आए।



### बहनें सोमवार को बस में करेंगी निशुल्क सफर

**हिमाचल** प्रदेश पथ परिवहन निगम द्वारा रक्षाबंधन के अवसर पर महिलाओं के लिए फ्री बस सुविधा देगा। जिसके चलते प्रदेश की महिलाएं सोमवार को सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त तक सरकारी बसों में फ्री सफर कर सकेंगी। प्रबंधन ने चालक-परिचालकों को निर्देश दिए है कि महिलाओं के लिए प्रत्येक बस स्टॉप पर बस रोककर महिलाओं को सुविधा प्रदान करें।

### रक्षा बंधन पर उपायुक्त ने घोषित की छुट्टी

**वहीं** रक्षा बंधन को मध्यनजर रखते हुए उपायुक्त अपूर्व देवगन द्वारा जिला मंडी में छुट्टी घोषित की गई ताकि जो बहनें अपने भाई को राखी बांधने जाए उसे अपना भाई घर पर ही मिले।

# बोर्ड ने मजदूरों के नवीनीकरण के लिए एक साल की दी छूट: भूपेंद्र




बैठक के दौरान चर्चा करते हुए सामूहिक चित्र में ।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

श्रमिक कल्याण बोर्ड में पिछले डेढ़ दो साल से मनरेगा मजदूरों के पंजीकरण, नवीनीकरण और वित्तीय सहायता के आवेदनों को प्राप्त करने की प्रक्रिया में आई अड़चन खत्म हो गई है और अब ये सभी कार्य सुचारू रूप से शुरू हो जाएंगे।

ये जानकारी बोर्ड के सदस्य और सीटू के जिला प्रधान भूपेंद्र सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि बोर्ड की पिछली बैठक जो 5 अगस्त को हुई थी उसकी कार्यवाही पिछले कल जारी कर दी गई है जिसके अनुसार ये निर्णय लिया गया है कि जो मज़दूर अपना नवीनीकरण और सहायता के लिए आवेदन पिछले साल नहीं कर पाए थे उन्हें इसके लिए एक वर्ष का अतिरिक्त समय दिया जा रहा है औरऐसा ही पिछले साल डीयू सहायता राशी के लिए आवेदन न कर पाने वाले मजदूरों को भी आवेदन के लिए अतिरिक्त समय दिया गया है।

इसके अलावा पिछले दो साल से पंजीकरण में आई गिरावट को सुधारने के लिए ग्राम पंचायतों में जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे, लेकिन इनके आयोजन बारे नए नियम बनाये गए हैं और अब इनमें बोर्ड के कर्मचारियों के अतिरिक्त ग्राम पंचायतों, श्रम विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, बोर्ड के गैर सरकारी सदस्यों और मज़दूर यूनियनों की भागीदारी अनिवार्य की गई है।

डेढ़ साल से ये कैंप बोर्ड के श्रम कल्याण अधिकारी अपने स्तर पर अकेले ही कर रहे थे लेकिन प्रोग्रेस में अस्सी से नब्बे प्रतिशत गिरावट दर्ज की गई जिससे इन अधिकारियों के वेतन व नॉकरी की जस्टिफिकेशन भी नहीं हो रही है। इसलिए मजदूर यूनियनों के सुझाव पर ये नई गाइडलाइंस बनाई गई है।

# बंगाल में महिला डॉक्टर की हत्या पर जताया रोष



बैठक के दौरान चर्चा करते हुए ।

**अनंत ज्ञान, मंडी**

हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति की राज्य कार्यकारिणी की बैठक मंडी में संपन्न हुई जिसमें 6 जिलों से 35 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। बैठक में बंगाल में महिला डॉक्टर की हत्या पर रोष प्रकट किया गया।

अध्यक्ष डॉ. भूरेटा ने कहा कि महिलाओं के साथ इस तरह कि घटना ने सरकारों के महिला सुरक्षा के दावों के खोखलेपन को उजागर किया है। डॉ. भूरेटा ने शिमला में इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज के गर्ल्स छात्रावास में युवक का जाना और गिरकर मौत का मामला बहुत ही गंभीर है। ज्ञान विज्ञान समिति ने इस मामले में उच्च स्तरीय जांच कि मांग कि है। समिति 20 अगस्त को डॉ. नरेंद्र दाभोलकर के शहीदी दिवस को राष्ट्रीय वैज्ञानिक चेतना दिवस के तौर पर मनाएगी।

# थाना जोगिंद्रनगर में थाना प्रभारी सकिनी कपूर ने संभाला कार्यभार

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



थाना प्रभारी सकिनी कपूर लोगों से मिलते हुए।

पुलिस थाना जोगिंद्रनगर के प्रभारी के ट्रांसफर होने के बाद नए थाना प्रभारी द्वारा भार संभाल लिया गया है। अब पुलिस थाना जोगिंद्रनगर का सारा कार्यभार नए थाना प्रभारी सकिनी कपूर देखेंगे।

थाना प्रभारी सकिनी कपूर ने कहा कि पिछले कल ही उन्होंने पुलिस थाना में कार्यभार संभाला है और जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र के लोगों की पुलिस थाना संबंधित समस्याओं को नियमानुसार निपटाया जाएगा। थाना प्रभारी सकिनी कपूर ने लोगों से अपील की अपने घरों में फेरीवालों व कबाड़ी वालों को न आने दें और बिना पुलिस वेरिफिकेशन से अपने घरों में किसी को न रखें।

# बच्चों को वेदों की शिक्षाओं को दैनिक जीवन में अपनाने के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

डीएवी पब्लिक स्कूल में वैदिक यज्ञ और वेद उच्चारण जिस प्रकार दीपक अपने आसपास के हर चीज को रोशन कर देता है इस तरह दीप प्रज्वलन से ज्ञान का प्रकाश होता है वह अज्ञानता का अंधेरा दूर होता है। डीएवी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर में वेद प्रचार सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। विद्यालय में कार्यरत शास्त्री मोहित अवस्थी द्वारा दूसरे दिन वैदिक मंत्र उच्चारण व वैदिक विधियों द्वारा हवन किया गया।

प्राचार्य संजय ठाकुर ने वैदिक यज्ञ और हवन में बच्चों और शिक्षकों को शामिल कर बच्चों को वेदों की शिक्षाओं को दैनिक जीवन में उतरने के लिए प्रेरित किया।



वैदिक यज्ञ करते हुए प्रधानाचार्य संजय ठाकुर व स्कूल के छात्र व छात्राएं।

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में जैनब और वंशिका की टीम प्रथम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

भारतीय सांस्कृतिक निधि मंडी चैप्टर (इंटैक) ने इंटैक राष्ट्रीय धरोहर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में नगर निगम तथा ग्रामीण क्षेत्र के 14 स्कूलों के लगभग 140 छात्रों व छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम संस्थान विवेकानंद वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला की जैनब और वंशिका की टीम ने प्रथम स्थान तथा दूसरा स्थान सरस्वती विद्या मंदिर महाजन बाजार मंडी की कनिका व कनिष्का ने प्राप्त किया।

विजय टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। विजेता टीम को मंडी नगर निगम के महापौर वीरेंद्र भट्ट ने पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र प्रदान किए।

महापौर ने आश्वासन दिया कि विरासत के संरक्षण में नगर निगम पूर्ण सहयोग करेगा। सह संयोजक अनिल शर्मा ने विश्वास व्यक्त किया कि वर्तमान में नगर निगम मंडी शहर के धरोहरों की संरक्षण की दिशा में समय-समय पर आवश्यक उठाता रहेगा। इस प्रतियोगिता में 14 स्कूलों के लगभग 140 छात्र व छात्राओं ने भाग लिया।



राष्ट्रीय धरोहर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विजेताओं को सम्मानित करते हुए महापौर।

# पहली बार मंडी आएंगे श्री देव बरनाग ज्वालापुर

**अनिल शर्मा, मंडी**

रियासत काल में अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव में श्री देव बरनाग ज्वालापुर और चंडेहिया श्री राज माधव राय के दाएं और बाएं चलते थे।



कुछ काल बाद धुर विवाद के चलते रियासत काल से ही दोनों देवताओं ने महाशिवरात्रि महोत्सव में भाग नहीं लिया। श्री देव बरनाग ज्वालापुर मंडी शहर के अपने भक्त के घर अतिथि के रूप में पधार रहे हैं।

उनके आगमन पर रियासत कालीन परम्पराएं पुन: जीवित होने की उम्मीद है। सर्व देवता सेवा समिति के अध्यक्ष शिवपाल शर्मा ने कहा कि देवता का स्वागत समिति श्री राज माधव राय के पास करेगी।

# शैवी ठाकुर का नौटींघम विश्वविद्यालय में हुआ चयन



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** ग्राम पंचायत बिंगा के बिंगा गांव की बेटी शैवी ठाकुर ने इंग्लैंड में एमबीबीएस की कठिन प्रवेश परीक्षा को पास करके अपने गांव, जिला व प्रदेश का नाम रोशन किया जिस कारण उसका चयन विश्व की प्रसिद्ध इंग्लैंड की नौटींघम विश्वविद्यालय में हुआ है। इनके पिता अविनाश ठाकुर होटल लाईन में इंग्लैंड में ही कार्य करते हैं और माता मधु ठाकुर गृहिणी है। इनके दादा सेवानिवृत्ति ड्राइंग मास्टर एनआर ठाकुर इलाके के प्रसिद्ध समाजसेवी हैं।

# महिलाओं ने बेची ईको फ्रेंडली राखियां

**अनंत ज्ञान, पधर।** विकास खंड अधिकारी द्रंग विनय चौहान ने बताया कि विकासखंड द्रंग में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार ईको फ्रेंडली राखियों (हैंडमेड) की बिक्री हेतु राखी सप्ताह उत्सव का आयोजन 12 अगस्त से 18 अगस्त तक किया गया। इस उत्सव के आयोजन में 55 ग्राम संगठन भाग ले रहे हैं।

प्रत्येक दिन 8 ग्राम संगठनों ने राखी उत्सव में भाग लिया। 17 अगस्त को ग्राम संगठन पाली व सरस्वती ग्राम संगठन पाली ने 1500 की राखी बेची।

# पड्डल में न बनाया जाए इंडोर स्टेडियम : देवता समिति

**अनिल शर्मा, मंडी**

सर्व देवता सेवा समिति कार्यकारिणी की बैठक देव सदन में अध्यक्ष शिवपाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि पड्डल मैदान में इंडोर स्टेडियम बनाने का प्रस्ताव रखा जा रहा है।

इसका समस्त कारदारों ने विरोध किया और सरकार व प्रशासन से मांग की कि अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि मेला जिला मंडी रियासत काल से पड्डल में मनाया जा रहा है। वर्ष 2021 जहां पड्डल में देवी देवता बैठते थे वहां प्रशासनिक भवन तैयार किया गया। वहां से 40 देवी देवताओं के बैठने के स्थान पहले ही डिस्टर्ब हुए हैं उसके लिए प्रशासन से बार बार अनुरोध किया जा रहा है, लेकिन अभी तक इसका हल नहीं हो सका है। रियासतकाल से चली आ रही देवी देवताओं की प्रथाएं हिमाचल में कहीं भी डिस्टर्ब नहीं हुई हैं। अत: सरकार और प्रशासन से अनुरोध है कि इस मेले को और देवी देवताओं के बैठने के स्थान को यथावत रखने के लिए इंडोर स्टेडियम के लिए कोई और जगह चिन्हित की जाए।

कारदारों ने स्पष्ट किया कि इस विषय पर कार्रवाई न हुई तो न्यायालय में जनहित याचिका दायर की जाएगी।



बैठक करते हुए सर्व देवता सेवा समिति कार्यकारिणी के पदाधिकारी।

# वैदिक सप्ताह के समापन पर करवाया पांच कुंडीय यज्ञ

**अनिल शर्मा, मंडी**



श्रावणी पर्व के उपलक्ष्य में वैदिक सप्ताह के समापन पर पांच कुंडीय यज्ञ का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया ने बताया कि 12 अगस्त से विद्यालय में चल रहे वैदिक सप्ताह का रविवार को समापन पांच कुंडीय यज्ञ में सभी अध्यापकों द्वारा अग्निकुंड में पूर्णाहुति डालकर किया गया।

उन्होंने बताया कि यह यज्ञ प्रमुख प्रवक्ता आचार्य वेद मित्र शास्त्री के सानिध्य में सुबह बजे से दोपहर तक चला। आचार्य ने वैदिक मंत्रों से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय बना दिया। यज्ञ के उपरांत प्रवचन, भजन, कीर्तन किया गया और अंत में वहां उपस्थित सभी भक्तजनों के लिए प्रसाद स्वरूप ऋषि लंगर का आयोजन भी किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया के साथ मैडम वंदना गुलेरिया भी यज्ञ में उपस्थित रहीं।

**मांग** जिला पार्षद ने मंत्री को सौंपा 280 गांव के लोगों का हस्ताक्षरों भरा मांग पत्र, कहा-

# बल्ह के बजाय जाहू में बने अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

नबाही वार्ड के जिला परिषद सदस्य मुनीष शर्मा ने घुमारवीं में प्रदेश के माननीय तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी को सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र के लगभग 280 गांवों से एकत्रित प्रबुद्ध जनों के हजारों हस्ताक्षरों सहित बल्ह में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रोजेक्ट को जाहू क्षेत्र में शिफ्ट करने एवम् सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र के तीनों औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों बतैल, मौहीं व भद्रोता के भवनों के निर्माण के लिए बजट का प्रावधान करने का मांगपत्र सौंपा। चूंकि बल्ह क्षेत्र ऐतिहासिक रूप से कृषि क्षेत्र रहा है जिसे मिनी पंजाब के नाम से भी जाना जाता है जिसमें मुख्य रूप से सब्जी उत्पादन होता है।

प्रस्तावित जगह में हवाई अड्डे के निर्माण से 2000 परिवार (10000 आबादी) को पूर्ण रूप से बेघर होना पड़ेगा। बल्ह घाटी की अत्यंत उपजाऊ भूमि का हवाई अड्डे के निर्माण के लिए अधिग्रहण करना तर्कसंगत एवम् न्यायपूर्ण नहीं है। वहां पर किसान भी लगातार भूमि अधिग्रहण का भारी विरोध कर रहे हैं। सर्दियों के मौसम में अधिक धुंध व बरसात के मौसम में बाढ़ जैसी स्थिति के कारण यह जगह हवाई अड्डे के निर्माण के लिए बिल्कुल भी उपयुक्त जगह नहीं है। उन्होंने बताया कि जाहू क्षेत्र भूगौलिक रूप से हिमाचल प्रदेश के मध्य में स्थित है व तीन जिलों मंडी, हमीरपुर व बिलासपुर का केंद्र है। यह जगह जलवायु के अनुसार हवाई अड्डे के निर्माण के लिए उपयुक्त है और यहां बड़ी हवाई पट्टी (3150 मीटर) के निर्माण के लिए काफी जमीन उपलब्ध है। यहां पर बल्ह की तुलना में एक चौथाई बजट में हवाई अड्डे का निर्माण संभव है। जाहू क्षेत्र को बिलासपुर जिले से निर्माणाधीन रेलवे लाइन से जोड़ना भी संभव है।



मंत्री राजेश धर्माणी को ज्ञापन सौंपते हुए गणमान्य

जिला परिषद मनीष शर्मा ने मंत्री को बताया कि सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र के तीनों सरकारी आई टी आई (औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान) क्रमश: भद्रोता, बतैल एवं मौहीं किराए के भवनों में कई वर्षों से चल रहे हैं। तीनों प्रशिक्षण संस्थानों के भवनों के निर्माण के लिए जमीन तकनीकी शिक्षा विभाग के नाम स्थानांतरित हो चुकी है व तीनों संस्थानों को एक-एक करोड़ रूपया बिल्डिंग फंड के लिए जारी कर दिया गया है लेकिन भवनों के निर्माण के टेंडर जरूरी बजट के अभाव में नहीं हो पा रहे हैं। जिला पार्षद ने बताया कि मंत्री ने गंभीरता से दोनों मुद्दों को सुना और सकारात्मक आश्वासन दिया। इस मौके पर खलारडू पंचायत के उप प्रधान रणवीर गुलेरिया, नौबाही पंचायत के भूतपूर्व उप प्रधान कश्मीर चंद, धीरज चंदेल, अशोक ठाकुर भी मौजूद रहे।

# लोगों की समस्याओं के नहीं हो रहे समाधान : जम्वाल

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

हिमाचल प्रदेश की सरकार हर बैठक को कांग्रेस पार्टी का मंच बनाने चाहते हैं। विधायक प्राथमिकता से लेकर अन्य सभी विकासात्मक बैठकों में सरकार राजनीति करने का कार्य कर रही है। यह बात प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक सुंदरनगर राकेश जम्वाल ने कही।



उन्होंने कहा कि बीते रोज जिला मंडी मुख्यालय में आयोजित जिला योजना, विकास एवं 20 सूत्रीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की समीक्षा बैठक के मंच को भी कांग्रेस पार्टी का मंच बना दिया गया। जिस बैठक में मंडी संसदीय क्षेत्र की सांसद, जिले के 9 विधायक एवं शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के जनप्रतिनिधि उपस्थित नहीं रहे तो इस प्रकार की बैठकों से स्थानीय जनता की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सुक्खू सरकार में ही हारे हुए नेताओं से उद्घाटन व शिलान्यास कराने का सिलसिला शुरू हुआ है। क्षेत्र के मतदाताओं द्वारा नकार दिए जाने के बावजूद भी स्कूलों के कार्यक्रमों को कांग्रेस पार्टी का मंच बना दिया है।

बता दें कि बीते कल जिला योजना, विकास एवं 20 सूत्रीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की समीक्षा बैठक मंडी मुख्यालय में आयोजित की गई थी। इसकी अध्यक्षता विधानसभा क्षेत्र धर्मपुर विधायक एवं समिति अध्यक्ष चंद्रशेखर ने की।

राकेश जम्वाल ने कहा कि जिला में उपायुक्त के पास पिछड़ा क्षेत्र सब प्लान, एसडीपी सहित अन्य प्रकार के फंड आते हैं।

पूर्व भाजपा सरकार में भी कांग्रेस के विधायकों की अनुशंसा पर क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के लिए धन दिया जाता था, लेकिन प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने अपने दो वर्ष के कार्यकाल में चुने हुए जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा पर रोक लगाने का कार्य किया गया है। जंवाल ने कहा कि आगामी विधानसभा क्षेत्र में मुद्दा उठाया जाएगा और इस प्रकार की बैठकों में लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विभिन्न समस्याओं को उठाए जाने के बावजूद भी सरकार द्वारा उनका समाधान करने की नियत नहीं होती है।



शिव सेना हिमाचल प्रदेश की ओर से मैहतपुर में पौध वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिव सेना प्रमुख शिवदत्त वशिष्ट पौधे वितरित करते हुए, साथ हैं अन्य।

## न्यूज ब्रीफ

### एलएलबी छठे सेमेस्टर में छाए हिमकैप्स

**अनंत ज्ञान, हरोली।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा एलएलबी छठे सेमेस्टर का परिणाम घोषित कर दिया जिसमें हिमकैप्स लॉ कालेज बढ़ेडा के छात्रों का परिणाम शत प्रतिशत रहा। छठे सेमेस्टर की आकांक्षा ने प्रथम स्थान सुनैना ने दूसरा वहीं सुधीर सिंह ने तीसरा स्थान हासिल किया। संस्थान के चेयरमैन विक्रमजीत सिंह ठाकुर तथा प्रधानाचार्य जसवंत सिंह ने सभी छात्रों को बधाई दी तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की चेयरमैन विक्रमजीत सिंह ने कहा की संस्थान का मुख्य उद्देश्य छात्रों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करना है ताकि छात्र आगे जाकर कामयाबी हासिल कर सके।



आकांक्षा



सुनैना



सुधीर

### हेल्थ इंशोयरेंस लि. में भरे जाएंगे एजेंसी मैनेजर के 5 पद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मैसर्ज केयर हेल्थ इंशोयरेंस लिमिटेड में एजेंसी मैनेजर के 5 पद नियमित आधार पर भरे जाएंगे। इन पदों के लिए साक्षात्कार 20 अगस्त को सुबह साढ़े दस बजे जिला रोजगार कार्यालय ऊना में आयोजित होगा। इस बारे जानकारी देते हुए जिला रोजगार अधिकारी अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता किसी भी स्ट्रीम में ग्रेजुएशन, आयु सीमा 24 से 40 वर्ष और वेतन 20 से 25 हज़ार रुपए प्रतिमाह निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपनी योग्यता प्रमाण पत्र, जन्म तिथि, रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड नम्बर, दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ व मूल प्रमाण पत्र सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 9023141313 पर संपर्क किया जा सकता है। साक्षात्कार में आने जाने का यात्रा भत्ता देय नही होगा।

### भंजाल स्कूल में सौर ऊर्जा पर करवाई प्रतियोगिता



**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल में भंजाल सौर ऊर्जा परियोजना द्वारा सौर ऊर्जा पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। इसका आयोजन हिमाचल प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड सौर ऊर्जा परियोजना 5 मेगावाट भंजाल द्वारा के माध्यम से किया गया। इस टीम में मनीष धीमान जेई, अखिलेश जेई, रवि स्टील से राहुल गुप्ता, नरेंद्र पाल, सदाव हामी भानु प्रताप उपस्थित थे। बच्चों के लिए रिफ्रेशमेंट की व्यवस्था की गई थी ,इसमें करीब 60 बच्चों ने भाग लिया। विजेता बच्चों को पुरस्कार भी वितरित किए। इस अवसर पर कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा, विनोद ठाकुर कार्यक्रम प्रभारी सुशील कुमार अनु शर्मा, सीमा, सोहाल आदि उपस्थित थे।

### लठियानी की आरुषि मल्टी टेलेंट शो के फाइनल में

**विनोद शर्मा, लठियानी।** उपमंडल बंगाणा की पंचायत लठियानी के गांव बलियारा की आरुषि शर्मा ने मल्टी टेलेंट शो में केसी कॉलेज पंडोगा में क्वार्टर फाइनल में योगा के आसान किया। और सेमीफाइनल में जीत हासिल की। सेमीफाइनल बाथू में इंडस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में हुआ। आरुषि शर्मा ने सेमीफाइनल जीतकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। आरुषि शर्मा के पिता संदीप कुमार ने कहा कि मैं बहुत ही आभारी हूं। टीवी रियलिटी शो किस में कितना है दम। उन्होंने कहा कि मैं वरुण बंसल का बहुत ही धन्यवाद करता हूं जिसने मेरी बेटी की प्रतिभा को पहचाना और इतना बड़ा मंच दिया । आरुषि शर्मा ने कहा कि योगा करने से शरीर स्वस्थ रहता है आजकल का युवा जो है गलत काम की ओर ज्यादा अग्रसर हो रहा है । (अनंत ज्ञान)



### दशमल आंगनबाड़ी केंद्र में मनाया रक्षाबंधन

**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी।** वृत्त बराडा के आंगनबाड़ी केंद्र दशमल में पावन रिश्तों का त्योहार रक्षाबंधन मनाया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरोज कुमारी ने गर्भवती धात्री माताओं 11 से 18 वर्ष की किशोरियों को आंगनबाड़ी केंद्र में बुलाकर उन्हें राखी बांधी व विश्वास दिलाया कि यह एक सिर्फ राखी नहीं है बल्कि आप सब की सुरक्षा देखभाल का रक्षा सूत्र है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का कहना है कि लाभार्थी गर्भवती माताओं और 11 से 18 वर्ष की किशोरियों के पोषण स्तर में सुधार लाने, मां-शिशु की देखभाल, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को सफल बनाकर उनके सशक्तिकरण करने का जिमा लेती है। हम इनकी यथासंभव हर प्रकार से सहयोग व देखभाल करेंगी। छोटी बच्चियों व किशोरियों को गुड टच और बेड टच के बारे में भी अवगत करवाया गया। (अनंत ज्ञान)



# ऊना में 'रेड रन' मैराथन 22 को

## एचआईवी और एड्स के प्रति छात्रों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से करवाई जा रही मैराथन

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना में एचआईवी और एड्स के प्रति छात्रों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 22 अगस्त को 5 किलोमीटर की 'रेड रन' मैराथन का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, और जिला एड्स रोकथाम एवं नियंत्रण इकाई के संयुक्त प्रयास से आयोजित होने वाली इस मैराथन में 'रेड रिबन क्लबों' का संचालन करने वाले जिले के 14 शिक्षण संस्थानों के 17 से 25 आयु वर्ग के 84 विद्यार्थी भाग लेंगे। इनमें 42 लड़के और 42 लड़कियां शामिल होंगी। मैराथन में प्रत्येक प्रतिभागी संस्थान से 3 लड़के और 3 लड़कियां हिस्सा लेंगी।

अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने मैराथन के संबंध में शनिवार को सीएमओ कार्यालय में आयोजन समिति की बैठक ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मैराथन के सुचारु आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त ने पुलिस विभाग को मैराथन के दौरान यातायात के सुचारु प्रबंधन को को कहा। उन्होंने प्रतिभागियों की स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि मौके पर एंबुलेंस तैनात रखने तथा बच्चों के लिए जलपान की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए।



रेड रन मैराथन की तैयारियों को लेकर समीक्षा करते अधिकारी।

अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि इस मैराथन का उद्देश्य समाज में एचआईवी के प्रति जागरूकता फैलाना और युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। इसके अलावा, नशा और अन्य जोखिम भरे व्यवहारों से बचने के प्रति भी जागरूक करना है, जो उन्हें एचआईवी और अन्य यौन संचारित संक्रमणों (एसटीआई) से संक्रमित होने के खतरे में डाल सकते हैं।

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस.के. वर्मा, जिला एड्स नियंत्रण कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रमेश रत्तू, उद्योग विभाग के संयुक्त निदेशक अंशुल धीमान, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजय मनकोटिया, एमओएच डॉ. सुखदीप सिंह सिद्धू, डॉ. रविंद्र मोहन, जिला खेल एवं युवा मामले अधिकारी उत्तम डोड सहित समति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### यह रहेगा मैराथन का रूट

**'रेड रन'** मैराथन 22 अगस्त को प्रातः 8 बजे रामपुर से शुरू होगी और सोमभद्रा पुल से होते हुए वापस रामपुर में संपन्न होगी। पुरुष और महिला वर्ग में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः 2500, 2000, और 1500 रुपये के नकद पुरस्कार तथा 700-700 रुपये के चार सांत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे। यह नकद पुरस्कार विजेताओं को सितंबर के पहले सप्ताह में होने वाली राज्य स्तरीय मैराथन में भाग लेने पर प्रदान किए जाएंगे। मैराथन समापन पर विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

### यह हैं प्रतिभागी संस्थान

**मैराथन** में भाग लेने वाले संस्थानों में राजकीय कॉलेज बंगाणा, लाला जगत नारायण हिमोत्कर्ष कन्या महाविद्यालय ऊना, केसी कॉलेज पंडोगा, राजकीय डिग्री कॉलेज ऊना, राजकीय कॉलेज भटोली, एसबीडीएम राजकीय कॉलेज बीटन, राजकीय डिग्री कॉलेज चिंतपूर्णी, इंडस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी बाथू, राजकीय डिग्री कॉलेज अंब, डीएवी कॉलेज दौलतपुर चौक, राजकीय डिग्री कॉलेज हरोली, राजकीय डिग्री कॉलेज चौकी मन्यार, राजकीय डिग्री कॉलेज खड्ड और राजकीय कॉलेज कोटला खुर्द शामिल हैं।

## डेरा रुद्रानंद अमलेहड़ में सप्तऋषि मूर्ति स्थापना समारोह 8 सितंबर को

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम अच्युतानंद अमलेहड़ ठाकुरद्वारा में 8 सितंबर को सप्तऋषि मूर्ति स्थापना समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए भव्य स्थान का निर्माण कर लिया गया है।

इस अवसर पर एक सितंबर को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो अमलेहड़ डेरा से पंच तीर्थ कालेश्वर महादेव तक आयोजित जाएगी। यह यात्रा अमलेहड़ में आकर संपन्न होगी, डेरा के महाराज वेदांताचार्य सुग्रीवानंद जी उनके शिष्य हेमानंद जी के आशीर्वाद से इस धार्मिक कार्यक्रम की तैयारी जोरों पर है। इसके अलावा वार्षिक कुशा अमावस पर भी 2 सितंबर को धूमधाम से मनाया जा रहा तथा रासलीला वृंदावन मंडली द्वारा 2 सितंबर से 7 सितंबर तक भजन संध्या के रूप में आयोजित की जाएगी ।यह जानकारी डेरा के मुख्य सेवक सतपाल शास्त्री जी ने दी।

## ममता बनर्जी को दे देना चाहिए इस्तीफा : योगी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष वंदना योगी ने बंगाल पुलिस और ममता सरकार के तानाशाही रवैये पर गंभीर सवाल खड़े किए, जो लोग भी बंगाल की बेटी के न्याय के लिए आवाज उठा रहे हैं, कोलकाता पुलिस उन्हें नोटिस भेज रही है कि आप अपने ट्वीट और पोस्ट हटाइए नहीं तो हम आधी रात को आपको पकड़ कर ले जाएंगे। अगर ममता बनर्जी में नैतिकता का कुछ अंश भी बचा है तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए और इंडी गठबंधन को महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार पर अपनी चुप्पी तोड़नी चाहिए।

योगी ने कहा कि बंगाल के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ जो हुआ उससे आज पूरा देश



आक्रोशित है और कश्मीर से कन्याकुमारी तक न्याय की मांग की जा रही है, लेकिन न्याय देने के बदले तृणमूल कांग्रेस की सरकार 'बेटी को मत बचाओ, केवल बलात्कारी बचाओ' के एजेंडे पर चल रही है और बलात्कारी बचाओ अभियान में तृणमूल कांग्रेस इतना आगे निकल चुकी है कि तृणमूल का मतलब ही 'तालिबानी मुझे चाहिए' बन चुका है।

वंदना ने कहा कि तृणमूल सरकार बलात्कारियों, हत्यारों और आरजी कर मेडिकल कॉलेज में सुनियोजित ढंग से घुसकर तोड़-फोड़ करने वालों पर कार्रवाई करने के बदले न्याय की गुहार लगा रहे आम नागरिकों, डॉक्टरों और मीडिया कर्मियों पर कार्रवाई कर रही है। ममता बनर्जी की कार्रवाई देखकर दुनिया के सबसे बड़े तानाशाह रहे इंदिरा गांधी, हिटलर, स्टालिन भी कहेंगे कि 'वाह ममता वाह'। ममता सरकार ने बंगाल की बिटिया के लिए न्याय की आवाज उठाने वाले 43 डॉक्टरों का ट्रांसफर करने का तालिबानी फतवा जारी किया है और कुछ डॉक्टरों का ट्रांसफर दूर-दराज के इलाकों में भी किया गया है। यह सिर्फ भाजपा या मीडिया ही नहीं कह रही है, बल्कि यूनाइटिड डॉक्टरस फ्रन्ट एसोसिएशन ने भी ट्वीट करके इस फतवे की आलोचना की है।

## किसानों को ज्यादा से ज्यादा दुग्ध समितियों से जोड़ें

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिले में डेयरी उद्योग को सशक्त बनाने के प्रयासों की कड़ी में पशु पालन विभाग ने दिलवां में एकदिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया। शिविर में क्षेत्र की दुग्ध समितियों के संचालकों ने भाग लिया। विभाग के अधिकारियों ने दुग्ध उत्पादन और प्रसंस्करण में ऊना जिला की भागीदारी मजबूत करने में उनकी भागीदारी को लेकर मार्गदर्शन किया।

इस अवसर पर पशुपालन विभाग के सहायक निदेशक डॉ. राकेश भट्टी ने दुग्ध समितियों के संचालकों को ज्यादा से ज्यादा किसानों को अपने साथ जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने अपंजीकृत दुग्ध समितियों से अपना पंजीकरण कराने का आग्रह करते हुए समितियों की क्षमता वृद्धि को लेकर बहुमूल्य सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि दूध करोबार के सुदृढ़ होने के साथ किसानों की आमदनी में भी बढ़ोतरी होगी। उन्होंने मिल्क सोसायटी दिलवां को अपनी क्षमता में वृद्धि करने तथा प्रतिदिन 2 हजार लीटर दूध इकट्ठा करने का लक्ष्य के साथ काम करने को कहा।



दिलवां में दूध उत्पादकों के साथ पशु पालन विभाग के अधिकारी।

बैठक में चिकित्सा अधिकारी डॉ. गोपाल कृष्ण पशु, सहायक रजिस्टर को-ऑपरेटिव सोसायटी अंब विपिन कुमार, अक्षय खन्ना, सहित खंड अंब के अधिकारियों ने किसानों को जागरूक किया।

## कॉमरेड जगत राम ने कृषि मंत्री से की चर्चा



कृषि मंत्री से मुलाकात करते हुए कामरेड जगत राम शर्मा।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

इंटक नेता कॉमरेड जगत राम शर्मा ने कृषि मंत्री प्रोफेसर चंद्र कुमार से कई मुद्दों पर खुलकर चर्चा की। इंटक नेता ने बताया कि उन्हें सुझाव दिया कि जिस प्रकार मोदी, अमित शाह तथा बीजेपी नेता सरकारी कार्यक्रमों में कांग्रेस पार्टी और उनके नेताओं तथा विचारधारा के विरुद्ध प्रचार करती है उसका मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए।

इंटक नेता ने कहा कि कांग्रेस के पास देश के लोगों को बताने के लिए आजादी का इतिहास बड़ा है, जिसके लाखों लोग शहीद हुए, करोड़ लोग बेघर हुए। इंटक नेता ने मंत्री से कहा कि भारत माता के दो टुकड़े करने के लिए भारत में आरएसएस और पाकिस्तान के मुस्लिम लोग तथा इस्लामी सोच का परिणाम है जिसे भारत और पाकिस्तान बना पाकिस्तान के इंदिरा ने दो भाग किए बांग्लादेश बना। संप्रदायिक सोच के कारण बांग्लादेश की चुनी हुई सरकार को जाना पड़ा। 1947 से पहले सुई भी विदेश से बनकर आती थी। आजादी की लड़ाई राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में लड़ी गई। कांग्रेस के नेहरू, शास्त्री, इंदिरा जी, राजीव के देश में आने से सार्वजनिक क्षेत्र तथा मूलभूत सुविधाएं में काफी प्रसार हुआ। जिनमें बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, सड़क और हवाई अड्डे किसी भी क्षेत्र में भरपूर विकास हुआ।

जगतराम ने जोर देकर कहा कि कांग्रेस को आजादी का इतिहास और देश के विकास के बारे में लोगों को बताएं भाजपा का आजादी से पहले भी इतिहास देखें तो जीरो था और आजादी के बाद मोदी के राज में देश के किसान मजदूर बहुत दुखी हैं, इसलिए लोगों ने मोदी के 400 पार नारे को धूल चटा दी। महंगाई, बेरोजगारी, अग्निपथ, किसानों मजदूरों के संघर्ष द्वारा शुरू किए गए कानून और सुविधाएं, मोदी की पूंजीवादी सरकार ने जबरदस्ती छीन ली और आज लोग मोदी और भाजपा का नाम लेना पसंद नहीं करते। सेंट्रल ट्रेड यूनियन के नेतृत्व मे राष्ट्रीय इंटक के अध्यक्ष संजीवा रेड्डी के नेतृत्व में रहकर संघर्ष कर रहे हैं।

## अगस्त्या इंटरनेशनल प्रा. लि. में भरे जाएंगे 4 पद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मैसर्ज अगस्त्या इंटरनेशनल प्राईवेट लिमिटेड बेला बाथड़ी में चार पद भरे जाएंगे, जिसमें एक पद सर्च इंजन ऑपटिमाइजेशन, एक पद एक्सपोर्ट-इंपोर्ट स्पेशियलिस्ट और सेल एग्जीक्यूटिव के दो पद शामिल हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला रोजगार अधिकारी अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए साक्षात्कार 21 अगस्त को प्रात: 10 बजे आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सर्च इंजन ऑपटिमाइजेशन पद के लिए शैक्षणिक योग्यता ग्रेजुएशन और एसएफओ प्रमाण पत्र होना जरूरी है। इस पद के लिए 20 से 25 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन निर्धारित किया है। एक्सपोर्ट-इंपोर्ट स्पेशियलिस्ट पद के लिए पोस्ट ग्रेजुएशन और एक-दो साल का अनुभव होना अनिवार्य है।

इसके अलावा सेल एग्जीक्यूटिव पद के लिए ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन के साथ-साथ एक-दो साल का अनुभव तथा वेतन 20 हजार रुपए प्रतिमाह दिया जाएगा। सेल एग्जीक्यटिव पदों के लिए केवल पुरुष अभ्यर्थी पात्र होंगे। इन पदों के लिए आयु सीमा 25 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपनी योग्यता प्रमाण पत्र, जन्म तिथि, रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड नंबर, दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ व मूल प्रमाण पत्र सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 9317502255 पर संपर्क किया जा सकता है। साक्षात्कार में आने जाने का यात्रा भत्ता देय नही होगा।

## बंगाणा महाविद्यालय में क्षमता निर्माण पर हुई कार्यशाला



**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

महाविद्यालय बंगाणा और हिमाचल प्रदेश विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पर्यावरण परिषद के सौजन्य से ऊर्जा और जल संरक्षण थीम पर राज्य स्तरीय एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने की।

कार्यशाला के मुख्य वक्ता प्रोफेसर वीपी पटियाल, डीन साइंस, सीओई श्री साई विश्वविद्यालय, पालमपुर और डॉ. एसके बस्सी प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय ज्वालाजी जिला कांगड़ा थे। मुख्य वक्ता, प्रोफेसर वीपी पटियाल , डीन साइंस, सीओई श्री साई विश्वविद्यालय, पालमपुर ने बताया कि ऊर्जा और जल हमारे जीवन का मुख्य भाग है। ऊर्जा एवं जल संरक्षण के संबंध में जैसे घरों में रेन वाटर हारवेस्टिंग, अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाना, जल का व्यर्थ उपयोग व बहने से रोकना, कोयला, पेट्रोलियम, लकड़ी इत्यादि पदार्थों पर निर्भरता व उनकी खपत कम से कम हो, जिससे हमारी आने वाली पीढ़ी को सुचारु रूप से ऊर्जा एवं जल उपलब्ध हो। ऊर्जा एवं जल संरक्षण करने हेतु अपना व अपने आस-पड़ोस के अन्य व्यक्तियों को बताकर विशेष योगदान देने हेतु आह्वान किया गया। इसके बाद डॉ. एसके बस्सी ने ऊर्जा संरक्षण के उपाय जैसे घर से बाहर जाने पर लाइट व पंखें को बंद करना इत्यादि से अवगत कराया गया।

इस अवसर पर ऊर्जा संरक्षण मॉडल पर प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें संजना सहूता प्रथम, प्रिंस द्वितीय और पायल ने तृतीय प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में तन्वी प्रथम, दीप्ति शर्मा द्वितीय और खुशभू राणा तृतीय रही। इस अवसर पर उपप्राचार्य रेखा शर्मा, प्रोफेसर अणु लखनपाल, कार्यक्रम कन्वीनर प्रोफेसर नंद लाल, डिस्ट्रिक साइंस सुपरवाइजर राजन शर्मा और महाविद्यालय के तमाम स्टाफ मौजूद रहे।

## मवा सिंधियां के युवक से 30 लाख की ठगी

**सन्नी पुरी, गगरेट**

शेयर बाजार में निवेश कर दिनों दिन अमीर बनाने के सब्जबाग दिखाकर जालसाज व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से उपमंडल गगरेट के मवा सिंधियां गांव के एक युवक को तीस लाख रुपए से भी अधिक राशि का चूना लगा गए। इन जालसाजों का शिकार बनकर युवक ने आईपीओ खरीदने के लिए विभिन्न बैंकों से ऋण भी उठा लिया, लेकिन जब तक उसे इस जालसाजी का पता चला तब तक उसे लाखों रुपए की चपत लग चुकी थी। युवक की शिकायत पर अब गगरेट पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

उपमंडल गगरेट के मवा सिंधियां गांव के पुनीत राणा को जालसाजों ने बड़ी चतुराई के साथ पहले उसे दो व्हाट्सएप ग्रुप में एड कर लिया। इसके बाद उसे शेयर बाजार में निवेश करने के टिप्स देने लगे। इसी बीच उसे एक नैना नाम की युवती का फोन आया, जिसने उसे बताया कि अगर वह उनकी कंपनी के माध्यम से निवेश करेगा तो उसे कंपनी दस हजार रुपए का बोनस भी देगी और वह ज्यादा कमाई कर सकेगा।

युवती ने उसे बताया कि शेयर बाजार में निवेश करने के लिए अगर वह उनकी कंपनी के माध्यम से पचास हजार रुपए निवेश करता है तो कंपनी उसे साठ हजार रुपए के शेयर देगी। उसके झांसे में आकर युवक ने पहले पचास हजार रुपए निवेश कर दिए। जालसाजों ने बड़ी चतुराई के साथ उसे 2900 रुपए का प्राफिट भी दर्शाया। युवक ने इस प्राफिट को अपने खाते में ट्रांसफर करना चाहा तो वह पैसे आसानी से ट्रांसफर भी हो गए। इसके बाद अपनी तय रणनीति के अनुसार उस युवती ने युवक को एक आईपीओ में निवेश करने को कहा। युवक भी उसके झांसे में आकर विभिन्न बैंकों से ऋण लेकर तीस लाख रुपए से भी ज्यादा पैसे उस युवती द्वारा बताए गए अकाउंट में ट्रांसफर कर बैठा। इसके बाद उसे बताया गया कि आईपीओ की खरीद से उसे अच्छा लाभ हुआ है। जब उसने उसे पैसे लौटाने को कहा तो उसे बताया गया कि आईपीओ की खरीद पर उसे 15 प्रतिशत टैक्स भरना होगा।

युवक फिर उसके झांसे में आया और उसने फिर से पैसे ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद दस प्रतिशत और टैक्स भरने को कहा गया। इसके बाद युवती ने उसे अपने व्हाट्सएप ग्रुप से रिमूव कर दिया। इसके बाद युवक को पता चला कि केरल का एक और युवक भी उसकी तरह ही जालसाजी का शिकार हुआ है। इसके बाद उसने इस धोखाधड़ी की शिकायत गगरेट पुलिस में की है। डीएसपी डॉ. वसुधा सूद ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

**पहल** हजारों किसानों को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने दिया नायाब तोहफा

# बड़ा में तैयार होगी रोगमुक्त सब्जियों की पौध

**अनंत ज्ञान, बड़ा (हमीरपुर)**

अपने विधानसभा हलके के बड़ा नादौन में उन्होंने हमिाचल फसल प्रदेश विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना चरण 2 के अंर्तगत सब्जियों की रोगमुक्त व आधुनिक तकनीक से पौध तैयार करने के मकसद से उत्कृष्टता केंद्र का उदघाटन किया।

इस केंद्र से परियोजना के साथ प्रदेश भर में जुडे हुए लगभग 25 हजार किसानों को उनके फसल चक्र के मुताबिक नवीनतम तकनीक से तैयार की गई पौध मुहैया करवाई जाएगी। इस अवसर पर परियोजना के अधिकारियों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बताया कि उनका मकसद है कि हिमाचल के किसानों की माली हालत मजबूत हो इसके लिए सरकार कृषि विभाग के जरिए और भी कई महत्वपूर्ण योजनाओं को लागू करने जा रहा है । उन्होंने परियोजना के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे हर काम में गुणवत्ता सुनिश्चित करें।



हमीरपुर के कृषि उत्कृष्टता केंद्र बड़ा में मुख्यमंत्री को प्रोजेक्ट की जानकारी देते अधिकारी।

मीडिया सलाहकार राजेश्वर ठाकुर ने बताया कि इस मौके पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस परिसर में हाइड्रो पोनिक तकनीक से तैयार होने वाले सब्जियों के सिलसिले में भी केंद्र की शुरुआत की तथा किसानों के प्रशिक्षण के लिए किसान प्रशिक्षण केंद्र भवन की आधार शिला रखी। इस उत्कृष्टता केंद्र से मौसम के अनुसार किसानों के लिए लाखों के हिसाब से पौध तैयार करके दिए जाएंगे। किसानों को सब्जी उत्पादन के अपने अब तक प्रयासों में सामने आ रही पौध की गुणवत्ता में कमी और रोगों के कारण सामने आने वाले दिक्कतों से मुक्ति मिल जाएगी।

इस मौके पर खेल मंत्री यादविंद्र गोमा, भोरंज के विधायक सुरेश कुमार, सेंट्रल बैंक के चेयरमैन कुलदीप पठानिया, हमीरपुर हलके से कांग्रेस प्रत्याशी रहे डॉ. पुष्पिंद्र वर्मा, कृषि निदेशक कुमुद सिंह, उपायुक्त अमरजीत सिंह, एसपी भगत सिंह, परियोजना निदेशक डॉ. सुनील चौहान आदि मौजूद थे।

### कृषि विवि पालमपुर के साथ किया एमओयू

**इस** उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना के लिए परियोजना की ओर से कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के साथ एमओयू किया गया है। परियोजना के इस केंद्र से आने वाले दौर में हिमाचल का आम किसान भी सब्जी उत्पादन के लिए स्वस्थ और प्रमाणित पौध हासिल कर सकेगा। इसके लिए उसे न्यूनतम पैसा अदा करना होगा, लेकिन यह पौध बाजार और खुले में बिकने वाली पौधों के मुकाबले में ज्यादा गुणकारी होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्र ध्वज के अपमान की पोस्ट डालने पर एफआईआर दर्ज

**बीबीएन।** पुलिस थाना नालागढ़ के तहत सोशल मीडिया पर राष्ट्र ध्वज के अपमान को पोस्ट डालने वाले के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में अनिल कुमार पुत्र कर्म चंद निवासी सल्लेवाल नालागढ़ ने बताया कि इस्टाग्राम पर वारियर सिंह के नाम से आईडी में पोस्ट डाली गई, जिसमें तिरंगे को पैर से कुचला जा रहा था और उसके उपर लिखा था कि तिरंगा हमारे पैर के नीचे रहेगा। इस संबंध में दर्जन भर युवा नालागढ़ पुलिस थाना पहुंचे और उक्त आईडी के खिलाफ शिकायत दी। युवाओं ने बताया कि जिस व्यक्ति के द्वारा यह पोस्ट डाली गई है वह नालागढ़ वार्ड-7 का रहने वाला है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। जिला बद्दी पुलिस अधीक्षक इल्मा अफरोज ने बताया कि युवाओं की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

### राजगढ़ में 20 से आरंभ होगा 14वां भक्ति ज्ञान यज्ञ

**राजगढ़।** सनातन धर्म मंदिर राजगढ़ में मद भागवत कथा का आयोजन आगामी 20 से 27 अगस्त तक किया जाएगा। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र सूद व कोषाध्यक्ष सचिन सुरी ने बताया कि सनातन धर्म मंदिर कमेटी की ओर से पिछले लगभग 14 सालों से आमजनता के सहयोग से विश्व शांति एवं विश्व की प्राकृतिक आपदाओं से रक्षा एवं क्षेत्र की सुख-शांति व आम जन मानस के कल्याण के लिए हर साल मंदिर परिसर में भागवत का आयोजन करता आ रहा है। इस बार इस भागवत महायज्ञ में कथा का व्याख्यान भागवताचार्य विजय भारद्वाज करेंगे। 20 को 9 बजे क्लश यात्रा सनातन धर्म मंदिर से शिरगुल देवता मंदिर उसके बाद पुराना बस स्टैंड, नया बस स्टैड़ व सब्जी मंडी होते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंचेगी। इस बार इस क्लश यात्रा में राधा-कृष्ण की झांकी विशेष आर्कषण रहेगी।

### एनईएएसटी परीक्षा में दिव्यांश का बेहतरीन प्रदर्शन

**दाड़लाघाट।** एनईएएसटी (नेशनल अन्वेशिका एक्सपेरिमेंटल स्किल टेस्ट) (भौतिक विज्ञान) की परीक्षा में डीएवी अंबुजा विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल दाड़लाघाट के छात्र दिव्यांश गुप्ता ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रिलिंस राउंड पास कर पूरे हिमाचल में प्रथम स्थान प्राप्त किया और सेमीफाइनल और फाइनल के लिए चयनित होकर विद्यालय का नाम रोशन कर दिया। सेमीफाइनल और फाइनल राउंड शिक्षा सोपान आई आईटी कानपुर उत्तरप्रदेश में 14 से 16 सितंबर को होना तय हुआ है। अगले राउंड के लिए दिव्यांश ने अभी से अपने भौतिक विज्ञान के शिक्षक अजय शर्मा के मार्गदर्शन में तैयारी शुरू कर दी है। इस अवसर पर अध्यक्ष एलएमसी मुकेश सक्सेना और विद्यालय प्रधानाचार्य अनुपल सागर ने दिव्यांश गुप्ता, उसके परिवार और सभी शिक्षकों को बधाई दी।

### झाड़ियां काट कर दिया श्रमदान का संदेश



**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी।** भोरंज उपमंडल की कंज्याण पंचायत के ढो ग्राम सुधार सभा के सदस्यों ने ग्रामीणों के सहयोग से डेढ़ किलोमीटर लंबे लिंक रोड की झाड़ियों को काट कर स्वयं श्रमदान करने का संदेश दिया और भविष्य में भी सामूहिक रूप में ग्रामीण विकास के लिए सहयोग करने का संकल्प लिया। कंज्याण पंचायत के पूर्व प्रधान पवन ने बताया कि ग्राम सुधार सभा ढो के अध्यक्ष सुकेश नेगी, विकास कुमार, राजेश वर्मा, जगजीत सिंह, मदन लाल व अन्य ने मिलकर रविवार को श्रमदान कर सामूहिक रूप से डेढ़ किलोमीटर गांव ढो के लिंक रोड से मेन रोड बस्सी से अवाहदेवी वाया तरक्वाडी सड़क तक झाड़ियों को काट कर साफ किया है। गांव के लिंक रोड के दोनों किनारों पर उगी झाड़ियों से आने-जाने के लिए कई दिनों से ग्रामीणों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। ग्राम सुधार सभा के सदस्यों व ग्रामीणों ने मिलकर सराहनीय कार्य कर दूसरे गांवों के लोगों के लिए मिशाल कायम की। पवन का कहना है कि विकास कार्यों के लिए सरकारें पैसा देती हैं, लेकिन सुविधा के लिए तैयार लिंक रोड व ग्रामीण रास्तों को ग्रामीणों को स्वयं देखभाल करनी चाहिए। इससे जहां ग्रामीण विकास को मजबूती मिलगी। वहीं, आपसी भाईचारा भी बढ़ेगा। फोटो- कंज्याण पंचायत की ग्राम सुधार सभा ढो के सदस्य व ग्रामीण लिंक रोड की झाडियों को काट कर साफ करते हुए।

### 23 वर्षीय युवती ने फंदे पर झूल कर की आत्महत्या

**पतलीकूहल।** रविवार तड़के सुबह करीब तीन बजे खड़ीहार क्षेत्र की एक युवती ने घर में फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक खड़ीहार क्षेत्र में 23 वर्षीय युवती ने किसी वजह से अपनी इह लीला समाप्त कर ली। इसके लिए उसने घर में अपने कमरे की छत में रस्सी लगा कर उससे गले में फंदा लगा लिया। घरवालों ने उसे देखा तो उन्होंने कमरे की कुंडी तोड़ कर उसे नीचे उतारा। उसे अचेत अवस्था में सीएचसी पतलीकूहल अस्पताल लाया गया, ताकि उसका उपचार हो सके, लेकिन अस्पताल में तैनात चिकित्सक ने उसकी जांच करने के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया गया। एसपी डॉ. कार्तिकियन गोकुलचंद्रन ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

# तीन साल बाद मनाए जाने वाला लराकेलों काहिका मेला शुरू

## पंचायत प्रतिनिधियों ने किया मेले का शुभारंभ, देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की, कबड्डी, वॉलीबाल के मैच आयोजित

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

कुल्लू के लराकेलों में करीब तीन साल बाद मनाए जाने वाले काहिका मेले का विधिवत शुभारंभ हो गया है। यह मेला लराकेलों के आराध्य देव लराई महादेव के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। ये कहिका मेला अगले तीन दिनों तक देव संस्कृति का निर्वहन करते हुए धूमधाम से मनाया जाएगा।

लराकेलों के आराध्य देव लराई महादेव के कारदार अर्जुन ने कहा कि तीन साल बाद मनाए जाने वाले लराकेलों काहिका मेले में नौड़ मेघ यज्ञ किया जाता है, जो कि विश्व कल्याण के लिए बेहद उपयोगी होता है। इस दौरान विष्णु जी दवाड़ा, खंडासनी सरसई, गणपति जी घुड़दौड़, माता चामुंडा सरसेई, माता काली ओड़ी अरछनंड़ी और देवता वीर नाथ अपने रथों के साथ विराजमान रहते हैं। मेले के शुभारंभ के अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों ने मेले का शुभारंभ किया। उपप्रधान ऋषि किशोर ने मेले में आए सभी देवी-देवताओं का देव परंपरा अनुसार स्वागत एवं सत्कार किया। उन्होंने महादेव युवक मंडल का मेले के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद किया। मेले में स्थानीय लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया और देव लाराई महादेव और मेले में आए अन्य देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की। मेले में सांस्कृतिक संध्या में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जिनमें नृत्य, संगीत और नाटक आदि शामिल हैं। इसके साथ ही खेलों में कबड्डी और वॉलीबाल के ग्रामीण स्तर के मैच भी आयोजित किए जाते हैं। मेले के दौरान स्थानीय लोगों ने देव लाराई महादेव और आए हुए देवी-देवताओं को प्रसन्न करने के लिए विशेष पूजा-अर्चना की और उनसे सुख-समृद्धि की कामना की। मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं और लाराई महादेव के दर्शन कर रहे हैं।



लराकेलों में तीन साल बाद मनाए जाने वाले तीन दिवसीय काहिका मेले में भाग लेने आए देवी-देवता।





काहिका मेले के दौरान आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी।

## माता त्रिपुरा सुंदरी के मंदिर से चोरों ने उड़ाए 3 किलो 700 ग्राम के चांदी के आभूषण

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

कुल्लू के नग्गर में चोरों ने माता त्रिपुरा सुंदरी के मंदिर में चोरी कर मंदिर के सभी गहने चुरा लिए। जानकारी के अनुसार पतलीकूहल थाना के अंतर्गत आने वाले धरोहर गांव नग्गर में स्थित माता त्रिपुरा सुंदरी के मंदिर में चोरी का मामला सामने आया है।

देर रात चोरों ने माता त्रिपुरा सुंदरी के मंदिर से करीब तीन किलो 700 ग्राम चांदी के आभूषणों और अन्य सामान पर हाथ साफ किया है। पुलिस थाना प्रभारी रजत शर्मा ने बताया कि देर रात चोरों ने मंदिर के गेट की कड़ी तोड़कर अंदर प्रवेश किया और वहां रखे चांदी के आभूषणों और माता के अन्य सामान को चोरी कर लिया। चोरी किए सामान में चांदी का बड़ा व छोटा छत, बड़ा और छोटा मुकुट, धनुष और नौ बाण, पांच चांदी के नेत्र, चांदी की कटोरी और अन्य चांदी की कीमती वस्तुएं शामिल हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कुल्लू पुलिस अधीक्षक डॉ. गोकुलचंद्रन कार्तिकेयन ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि आसपास के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली जा रही है और चोरों की तलाश की जा रही है। जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। माता त्रिपुरा सुंदरी नग्गर के कारदार जोगिंदर आचार्य ने बताया कि माता त्रिपुरा सुंदरी का मंदिर क्षेत्र के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और यहां पर हजारों श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए आते हैं। उन्होंने जिला पुलिस से इस क्षेत्र में अधिक गश्त करने की भी मांग की है।





मंदिर में हुई चोरी के मामले में पुलिस कार्रवाई करते हुए(दाएं) चोरी के बाद की तस्वीर।

## विधायक हरदीप बावा ने ढांग निहली पंचायत के विकास कार्यों के लिए दिए 39 लाख रुपए

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नालागढ़ के विधायक हरदीप बावा ने ढांग निहली पंचायत के विकास कार्यों के लिए 39 लाख रुपए चैक पंचायत प्रतिनिधियों को सौंपा। उन्होंने कहा कि बीबीएनडीए के माध्यम से यह राशि स्वीकृत करवाई गई है।

पंचायत की ओर से जल्द इसका निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। बाबा ने कहा कि ढांग निहली पंचायत के स्कूल वाला ढाणा के खेल मैदान के लिए पांच लाख रुपए, ढांग टपरिया में पक्का रास्ता बनाने के लिए पांच लाख रुपए, ढांग टपरिया नगर खेड़ा से हरबंस सिंह के घर तक पक्की सड़क के लिए पांच लाख रुपए, नंदे वाला ढाणा में प्लासी से हाकम सिंह के घर तक पक्के संपर्क मार्ग को दस लाख रुपए, कंगनवाल में झूले पुल की रिपेयर के लिए चार लाख रुपए, ढांग उपरली गांव में पक्के रास्ते के लिए दस लाख की राशि पंचायत को सौंपी। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के समय में उनकी गृह पंचायत होने के नाते, यहां के भाजपा नेताओं ने अनदेखी की थी। उन्होंने भाजपा नेताओं को घेरते हुए कहा कि जो लोग बीबीएनडीए के पास फंड न होने की बात कर लोगों को गुमराह कर रहे थे, आज उसी बीबीएनडीए की राशि से नालागढ़ की पंचायतों में विकास कार्य हो रहा है। भाजपा नेता क्षेत्र का विकास करने की बजाय अपना विकास करने में लगे रहे, जिसके चलते इन्हें आज भी कांग्रेस सरकार की ओर से करवाए जा रहे विकास कार्य नहीं दिख रहे हैं। नालागढ़ की सभी पंचायतों में एक समान विकास कार्य करवाए जाएंगे।

ढांग निहली पंचायत से इसकी शुरूआत कर दी गई है। इस मौके पर पचायत प्रधान भोली देवी, उपप्रधान रामलोक सिंह, वार्ड सदस्य नरेंद्र कौर, जमीन अक्खतर, कुसुम लता, पवित्र सिंह, सुरजीत सिंह, हर भजन सिंह, दलजीत कौर, पूर्व जिप सदस्य उजागर चौधरी, महेंद्र सिंह, हरप्रीत, दर्शन सिंह, इंद्रजीत सिंह सोनू, धर्मचार, विक्रम चंद आदि उपस्थित रहे।



## बबेली व पलचान में महिलाओं ने जवानों को बांधी राखी

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा मनाली ने आईटीबीपी बबेली व पलचान में जवानों के बीच जाकर रक्षा बंधन के त्योहार को हर्षोल्लास के साथ मनाया।

भाई-बहन के इस पवित्र रिश्ते को हाथों की कलाई में डोरी बांधकर मोर्चा की महिलाओं ने देश की बहनों को संदेश भी दिया। सीमा पर डटे प्रहरी व देश के अंदर सेवा कर रहे पुलिस के जवानों को महिला मोर्चा की बहनें हर वर्ष राखी बांधती हैं। इस वर्ष पूर्व जिला परिषद सदस्या धनेश्वरी ठाकुर एवं रजनी ठाकुर की अगुवाई में मनाली के सासे पलचान में 211 जवानों की कलाई पर राखी बांधी। वहीं, मनाली महिला मोर्चा अध्यक्ष हेमा ठाकुर, पूर्व जिला परिषद सदस्य मंजरी नेगी व चंपा शर्मा की अगुवाई में आईटीबीपी बबेली में 50 भाइयों के साथ रक्षा बंधन का त्योहार मनाया। इसके अलावा बहनों ने वाल्मीकि समुदाय मनाली के 50 भाईयों व पतलीकूहल पुलिस स्टेशन के स्टाफ को भी राखी बांधकर रक्षा बंधन का त्योहार मनाया। इस दौरान बहन नीलम, कल्पना ठाकुर, शांता ठाकुर, अनीता ठाकुर, कमलेश ठाकुर, निर्मला ठाकुर, सुषमा, नीमा सहित महिला मोर्चा की अनेक बहनें उपस्थित रहीं। (अनंत ज्ञान)





भाजपा महिला मोर्चा मनाली आईटीबीपी बबेली में जवानों के साथ राखी का त्योहार मनाते हुए (दाएं) जवानों की कलाई पर राखी बांधती महिलाएं।

## बोर्ड प्रबंधन के साथ कई मुद्दों पर की विस्तारपूर्वक चर्चा



शाड़ाबाई में आयोजित बिजली बोर्ड पेंशनर्स वेलफेयर की बैठक में भाग लेते सदस्य।

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन कुल्लू ईकाई की मासिक बैठक ई. प्रवेश ठाकुर, प्रधान की अध्यक्षता में रविवार को शाड़ाबाई (भुंतर) में आयोजित की गई।

बैठक में विभिन्न क्षेत्रों से करीब सौ से ज्यादा एसोसिएशन के सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रधान ई. प्रवेश ठाकुर ने बोर्ड प्रबंधन के साथ कई मुद्दों के विषय में विस्तारपूर्वक चर्चा की। इस दौरान अधिकतर सदस्यों ने सरकार द्वारा स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रिवाइज पे स्केल की बकाया राशि के बारे में 75 साल से ऊपर पेंशन धारकों को लेकर फैसला लिया, जबकि बाकी पेंशन भोगियों के बारे में केंद्रीय कार्यकारिणी से आग्रह किया जाता है कि बोर्ड प्रबंधन एवं सरकार के समक्ष इस मुद्दे के ऊपर जल्द सेवानिवृत्त कर्मचारियों के हक में फैसला लें अन्यथा कर्मचारियों में सरकार के इस फैसले के प्रति बहुत आक्रोश पैदा हो रहा है तथा सरकार और बोर्ड प्रबंधन पे स्केल की बकाया राशी न देकर उच्च न्यायालय के समक्ष जाने के लिए बाध्य कर रहे हैं।

## अवैध पेड़ काटने की घटनाओं पर पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने जताई चिंता

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

कुल्लू जिले में वन माफियाओं के द्वारा अवैध तरीके से पेड़ों को काटने पर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने चिंता जताई है।

उन्होंने कहा कि हाल ही में जिस तरह से बंजार के बाद मनाली विधानसभा क्षेत्र के बंदरोल में नेशनल हाईवे के समीप चील के 21 हरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाने की घटना सामने आई है, वो बेहद गंभीर मामला है। इस गंभीर मामले को लेकर डेढ़ महीने से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अभी तक गिरफ्तारी की कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। गोविंद ने हरे भरे पेड़ों को काटने पर सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर इन 21 पेड़ों को काटने का जिम्मेदार कौन है? इसके बाद उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि वन माफिया को सरकार का भरपूर संरक्षण प्राप्त है, जिस कारण वो निडर होकर ऐसी अवैध गतिविधियां कर रहे हैं। गोविंद ने कहा कि इन घटनाओं के बावजूद कानूनी कार्रवाई न के बराबर हो रही है। ग्रामीणों से यह भी सूचना मिली है कि पेड़ काटे जाने के दौरान आसपास के बगीचों को भी नुकसान हुआ है। इन ग्रामीणों ने व्यक्तिगत तौर पर अपनी प्राथमिकी भी दर्ज करवाई है, लेकिन उन्हें अभी तक उचित न्याय नहीं मिल पाया है। गोविंद ने आरोप लगाया कि इस तरह की अनदेखी निश्चित रूप से अपराध को बढ़ावा देने के समान है।



## मलाणा के लिए भेजा 1200 किलोग्राम राशन

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

कुछ समय पहले मणिकर्ण घाटी का दूरदराज गांव मलाणा में हुई भारी वर्षा से गांव को जोड़ने वाली संपर्क सड़क क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिस कारण मलाणा गांव शेष विश्व से कट गया।

सड़क मार्ग क्षतिग्रस्त होने के कारण मलाणा वासियों के लिए जहां आवाजाही करना मुश्किल हो गया है। वहीं, जरूरी राशन सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में भी बाधा आई है। जिला प्रशासन की टीम मलाणा वासियों के लिए जरूरी राशन तथा आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के लिए लगातार प्रयास कर रही है और मलाणा गांव के लिए प्रतिदिन राशन भेजा जा रहा है। शनिवार को भी मजदूरों के माध्यम से मलाणा गांव के लिए करीब डेढ़ क्विंटल राशन भेजा गया था। इसी कड़ी में रविवार को 22 मजदूरों की सहायता से लगभग 1200 किलोग्राम राशन भेजा गया। इस संदर्भ में एसडीएम विकास शुक्ला ने बताया कि मलाणा वासियों के लिए राशन भेजा जा रहा है और प्रतिदिन भेजा जा रहा है, उन्होंने कहा कि राशन में आटा, चावल, दालों सहित टमाटर, तेल और अन्य खाद्य सामग्री ग्रामीणों के लिए उपलब्ध करवाई जा रही है, ताकि ग्रामीणों को किसी भी तरह की परेशानी न हो। इसके साथ ही उन्होंने गैर-सरकारी संस्था एडीएच का इस मुश्किल समय में मदद करने के लिए धन्यवाद किया।



एसडीएम विकास शुक्ला बाढ़ प्रभावित मलाणा गांव के लिए राशन भेजते हुए।




**परेशानी** बेसहारा पशुओं के मामले में प्रशासन की कोशिशें नाकाम, 25 से 30 बेसहारा पशु सड़कों में आसानी से दिख जाते हैं

# सड़कों की खाक छान रहे बेसहारा पशुओं की कोई नहीं ले रहा सुध

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

कुल्लू जिले में बेसहारा पशुओं की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है, जबकि प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है।

लंबे समय से मीडिया के माध्यम से शहर में बढ़ती बेसहारा पशुओं की तादाद के बारे में हर बार प्रशासन को अवगत करवाया गया, मगर कार्रवाई के नाम पर प्रशासन कोई भी ठोस कदम अब तक तय नहीं कर पाया है। हैरानी की बात ये है कि जब पालतू पशुओं को टैग लगाया गया था, तो उस समय दावा किया गया कि टैग लगने के बाद कोई भी अपने पालतू पशुओं को बेसहारा छोड़ता है, तो ऐसे में टैग के माध्यम से मालिक की पहचान की जाएगी और उसपर कार्रवाई की जाएगी, मगर शहरों में लगातार बढ़ती बेसहारा पशुओं की संख्या चिंताजनक है। अगर सिर्फ कुल्लू शहर की बात की जाए, तो मौजूदा समय में 25 से 30 बेसहारा गाय और बैल सड़कों में आसानी से दिख जाते हैं और इसके अलावा एक दो खच्चर भी हैं, जो कि शरीर पर घाव लिए अस्वस्थ अवस्था में हैं। इन में से ज्यादातर पशु लोअर ढालपुर, ढालपुर, सरवरी, बस स्टैंड के नजदीक, आखड़ा बाजार, ब्वॉयज स्कूल के नजदीक आसानी से दिख जाते हैं और इसके अलावा कुछ एक होटल सरवरी और महंत बेहड़ के नजदीक भी देखे जा सकते हैं क्योंकि इन स्थानों में कूड़े के ढेर पड़े हैं, जहां पर ये पशु सड़ा गला कूड़ा खाते हैं। शहर के ही बिशन लाल, डॉ. प्रीतम, सुरेश लाल, मास्टर दिनेश, चंद्रकला, नीलचंद ठाकुर, किशन लाल, वैद राम, पारुल ठाकुर, कविता बौद्ध, सुनीता सिंह और मनोहर लाल ने बताया कि शहर में इस समस्या को लगातार अनदेखा किया जा रहा है, जबकि इन पशुओं के लिए प्रशासन को कोई ठोस और स्थायी हल निकालना चाहिए। बेहरहाल समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है, ऐसे में प्रशासन इस समस्या का कैसे समाधान करेगी ये देखना बाकी है। (अनंत ज्ञान)



ढालपुर के रथ मैदान के समीप सड़कों में घूम रहे बेसहारा पशु।।



सरवरी सब्जी मार्केट के समीप घूम रहे बेसहारा पशु।

## न्यूज ब्रीफ

### कार ढांक से लुढ़की एक व्यक्ति की मौत

**दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट उपतहसील के तहत बागा के शालुघाट के एडमिन ब्लॉक यूटीसीएल कंपनी बागा के निकट एक कार ढांक में गिर गई, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि हादसे में एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने थाना बागा में मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच आरंभ कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक करीब 12:10 बजे शालुघाट बागा अल्ट्राटेक कंपनी के समीप एक कार ढांक में करीब 200 फुट नीचे जा गिरी। हादसे में एक व्यक्ति पूर्ण चंद पुत्र वजीरु राम निवासी बागा (मांगल) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि हादसे में राकेश रिंकू पुत्र गीतू निवासी करला (सुंदरनगर) घायल हो गया। डीएसपी दाड़लाघाट संदीप शर्मा ने बताया पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच आरंभ कर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अर्की अस्पताल लाया, जहां पर पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

### वन विभाग ने अवैध शराब की भट्टियां की नष्ट

**पांवटा साहिब।** वन परिक्षेत्र पांवटा साहिब में आने वाले खारा के जंगल में वन विभाग की टीम ने स्ट्राइक की। बता दें कि इस दौरान अवैध रूप से बनाई जा रही शराब की भट्टियों को नष्ट किया। जानकारी के अनुसार भाग 16 में 2 शराब की भट्टियां, 5 ड्रमों में रखी लगभग 750 लीटर लाहन व आरक्षित वन लाई भाग-20 में एक शराब की भट्टी, दो ड्रमों में रखे लगभग 350 लीटर लाहन को मौके पर नष्ट किया गया। वन परिक्षेत्र अधिकारी पांवटा साहिब के आदेशानुसार अनवर सिंह वन रक्षक प्रभारी खारा बीट व अतिरिक्त भार खारा ब्लॉक के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम की ओर से खारा के जंगलों में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई की गई, टीम की ओर से आरक्षित वन लाई भाग 16 में 2 शराब की भट्टियां, 5 ड्रमों में रखी लगभग 750 लीटर लाहन व आरक्षित वन लाई भाग-20 में एक शराब की भट्टी, 2 ड्रमों में रखी लगभग 350 लीटर लाहन को मौके पर नष्ट किया गया।

### खूब पसंद आ रही स्वयं सहायता समूहों की राखियां

**राजगढ़।** राजगढ़ शहर में लोगों को स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार की गई राखियां काफी पसंद आ रही हैं। महिलाओं का कहना है कि उनकी अच्छी बिक्री भी हो रही है। यहां राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन के तहत राजगढ़ विकास खंड की सभी पंचायतों में स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया है, जिसमें महिलाओं को स्वरोजगार के लिए अनेक तरह के प्रशिक्षिण दिए गए हैं। इसी कड़ी में रक्षाबंधन के पावन पर्व को देखते हुए। राजगढ़ विकास खंड की पंचायत बोहल टालिया के वृजेश्वर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने अपने घरों पर ही राखियां अपने हाथों से तैयार की हैं। स्वयं सहायता समूह की महिला पूजा वर्मा ने बताया कि समूह की चार-पांच महिलाओं ने अपने घरों में ही लगभग डेढ़ हजार राखियां तैयार की, जिसे तैयार करने में उन्हे लगभग 15 दिनों का समय लगा। उसके बाद उन्होंने राजगढ़ में इसको बेचने के लिए एक स्टाल लगाया, जिसमें उन्होंने लगभग चार दिनों में एक हजार से अधिक राखियां बेच दी हैं। पूजा वर्मा का कहना था कि उन्होंने राखियों के दाम भी काफी कम रखे हैं उनके स्टाल पर पांच से लेकर बीस रुपए तक की राखी उपलब्ध है और लोगों को उनकी राखियां काफी पंसद आ रही हैं। इन महिलाओं ने जहां देश के प्रधानमंत्री के वोकल फार लोकल के नारे को सार्थक किया है। वहीं, दूसरी महिलाओं के लिए भी प्रेरणा स्रोत बनी हैं।

### संजीव बने अखिल भारतीय कांग्रेस ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव

**दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट निवासी संजीव गुप्ता को अखिल भारतीय कांग्रेस ब्रिगेड का राष्ट्रीय सचिव एवं पंजाब, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर सहित तीन राज्यों का राज्य प्रभारी नियुक्त किया है। इसकी सूचना अखिल भारतीय कांग्रेस ब्रिगेड कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय सिंह विशान की ओर से हस्ताक्षरित नियुक्ति पत्र में की गई है। ब्रिगेड के दिल्ली कार्यालय से जारी नियुक्ति पत्र में बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय सचिव की सहमति से संजीव गुप्ता की नियुक्ति की गई है। संजीव गुप्ता कॉलेज स्तर से विश्वविद्यालय तक एनएसयूआई की विभिन्न गतिविधियों में शामिल रहे तथा संगठन के विभिन्न पदों पर कार्य करने के अतिरिक्त उन्होंने प्रदेश युवा कांग्रेस के पदाधिकारी के रूप में पार्टी की मजबूती के लिए कार्य किया। एक समय में वह प्रदेश विश्वविद्यालय में एनएसयूआई के तत्कालीन राज्य अध्यक्ष अरुण शर्मा तथा महासचिव नासिर खान के साथी रहे। अखिल भारतीय कांग्रेस ब्रिगेड कमेटी द्वारा संजीव गुप्ता की राजनीतिक पृष्ठभूमि, पार्टी के प्रति उनकी निष्ठावान सेवाओं तथा वरिष्ठता को देखते हुए इतने बड़े एवं महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी दी गई है।

### 32 वर्षीय महिला की संदिग्ध हालात में मौत

**पांवटा साहिब।** मालगी में एक 32 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने के बाद इलाके में डर का माहौल बना हुआ है। मौत का कारण आपसी विवाद बताया जा रहा है। परिवार के एक सदस्य से बातचीत कर पता चला कि मृतका और उसके पति में लंबे समय से अनबन चल रही थी, जिसके चलते दोनों अलग-अलग रहते थे। मृतका गीता देवी और उनके पति का झगड़ा इतना बढ़ चुका था कि अब बात तलाक तक जा पहुंची थी। मुकेश अपने दोनों बच्चे एवं माता-पिता भाई-बहन के साथ इस घर में अलग रहता था और साथ ही एक कंपनी में काम कर अपने बच्चों का भरण पोषण कर रहा था। पुरुवाला थाना प्रभारी राजेश पॉल ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि एक महिला ने कुछ नशीली दवाई खाकर अपनी जान दे दी है, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची व महिला के शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चलेगा।

### एसडीएम ने नशों से दूर रहने की दी सलाह

**राजगढ़।** शिक्षा खंड राजगढ़ की छात्र वर्ग की अंडर-14 आयु वर्ग की खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता उपतहसील पझोता के सनौरा में आरंभ हो गई हैं। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता का शुभारंभ एसडीएम राजगढ़ राज कुमार ठाकुर द्वारा किया गया। ठाकुर ने मार्च पास्ट सलामी लेने के बाद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए खेल को खेल भावना से खेलने का संदेश दिया तथा नशों से दूर रहने की सलाह दी। खेल हमे जहां अनुशासन सिखाते हैं। वहीं, स्वस्थ रहने में भी सहायक होते हैं। प्रतियोगिता में 37 स्कूलों के लगभग 462 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

# विधायक व मंत्री कर्नल शांडिल के वोट से बनेगा सोलन का मेयर

## विप जारी होने पर कांग्रेस पार्षदों के पास नहीं बचेगा विकल्प, दो बागी पार्षद न माने, तो बढ़ेगी मुश्किल

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन के मेयर का चुनाव कांग्रेस के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बन गया है। चुनाव प्रक्रिया में संशोधन से मेयर चुनाव में स्थानीय विधायक व मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल का वोट निर्णायक होगा।

शांडिल शुरू से ही सरकार सिंह ठाकुर के पक्षधर रहे हैं। ऐसे में सरदार की उम्मीदवारी पक्की मानी जा रही है पर वार्ड -15 की पार्षद संतोष ठाकुर के नाम पर भी सहमति बनाने की कोशिशें जारी हैं। जानकारी के मुताबिक बागी पार्षद संतोष ठाकुर का समर्थन कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)


नगर निगम सोलन का कार्यालय।

### कांग्रेस के पास बहुमत पर गुटबाजी हावी

पार्षदों की संख्या घटने के बावजूद कांग्रेस के पास बहुमत तो है पर पार्टी के पार्षदों में मेयर पद को लेकर सहमति नहीं बन पा रही है। इससे चुनाव 2 महीने से लंबित है। निगम में कांग्रेस के सात पार्षद हैं। विधायक का वोट मिलाकर संख्या 8 हो जाती है, जबकि भाजपा के छह पार्षद हैं। निर्दलीय पार्षद का समर्थन मिलने से संख्या 7 ही बन पाती है। गुटबाजी को तोड़ने के लिए सरकार ने एमसी एक्ट में संशोधन कर ओपन वोटिंग का प्रावधान किया है। ऐसे में पार्टी के टिकट से जीत कर आए पार्षद यदि उम्मीदवार के खिलाफ वोट करता है, तो उनपर दलबदल कानून के तहत कार्रवाई संभव है। ऐसी परिस्थितियों में कोई भी पार्षद अपनी पार्षदी गवाना नहीं चाहेगा। हालांकि यदि बागी पार्षद नहीं माने, तो कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ जाएंगी। बागी पार्षद राजीव कौड़ा और अभय शर्मा शुरू से ही दूसरे गुट को समर्थन देने के पक्ष में नहीं हैं। ओपन वोटिंग की स्थिति में यदि वे चुनाव के दिन अनुपस्थित रहते हैं, तो भी उनकी पार्षदी जाना तय है। ऐसे में यदि दोनों पार्षद अपना इस्तीफा देते हैं, तो कांग्रेस बैकफुट पर आ जाएगी, जिसका सीधा फायदा भाजपा को मिलेगा।

### गुटबाजी से सरदार को मिली थी हार

पिछली बार गुटबाजी के चलते पार्टी प्रत्याशी और वार्ड-17 के पार्षद सरदार सिंह ठाकुर को पराजय का सामना करना पड़ा था, जब कांग्रेस की वार्ड-12 पार्षद ने पार्टी चुनाव में उतर कर भाजपा के समर्थन से मेयर का चुनाव जीता था। इससे कांग्रेस की खूब किरकिरी हुई। हालांकि सरदार सिंह ठाकुर ने हार न मानते हुए उषा शर्मा की उम्मीदवारी के खिलाफ दलबदल कानून के तहत जिला उपायुक्त को याचिका दी थी। डीसी की रिपोर्ट के आधार पर यूडी सचिव ने उषा को दलबदल कानून का दोषी मानते हुए उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया। उनका साथ देने वाली पूर्व मेयर पूनम को भी पार्षद पद से हाथ धोना पड़ा।

## पेड़ पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते : भगत


मांझू में ईको क्लब के कार्यक्रम के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण करते हुए।

**अनंत ज्ञान, अर्की**

अर्की उपमंडल के राजकीय प्राथमिक एवं वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मांझू में ईको क्लब के कार्यक्रम के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने अध्यापकों की मौजूदगी में फलदार पौधे लगाए।

प्रधानाचार्य पवन शर्मा और केंद्राध्यक्ष भगत राम ने छात्रों को इस कार्यक्रम के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रधानाचार्य पवन शर्मा ने कहा, यदि पेड़ होंगे, तो ही जीवन होगा, पेड़ ही प्राण हैं। पेड़ हमारी हर जरूरत को पूरा करते हैं, परंतु हमें भी पेड़ों के प्रति प्रेम और वफादारी रखनी चाहिए। पेड़ों का ऋण हम कभी भी नहीं उतार सकते क्योंकि ये प्रकृति के सुंदर उपवन के आभूषण हैं, जो हमारे जीवन की तमाम आवश्यकताओं को पूर्ण करते हैं। क्रेंद्राध्यक्ष भगत राम ने कहा कि पेड़ पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन्हें बचाना और अधिक से अधिक लगाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

## मेयर चुनाव की घोषणा के बाद एमसी एक्ट में संशोधन लोकतांत्रिक की हत्या : शैलेंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

भाजपा के प्रवक्ता शैलेंद्र गुप्ता का कहना है कि विनाश काले विपरीत बुद्धि प्रदेश की कांग्रेस की सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार पर यह सटीक बैठता है।



उन्होंने आरोप लगाया कि जनहित विरोधी निर्णय लेने के साथ-साथ सत्ता के नशे में धुत्त कांग्रेस सरकार लोकतंत्र की हत्या करने में उतारु है, जिसका जीता जागता उदाहरण है, सोलन में मेयर के पद के चुनाव। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की कठपुतली बने शहरी विकास विभाग असंवैधानिक अधिसूचना जारी करते हुए यह फरमान निकाल दिया है कि वोट डालने वाला पार्षद वोट दिखाकर डालेगा। यदि चुने हुए पार्षद वोट दिखाकर डालेंगे, तो वोटिंग का अर्थ ही समाप्त हो गया और वोटिंग करवाने की जरूरत ही नहीं है। हाथ खड़े कर भी चुनाव करवाए जाने का विकल्प है। चुनाव आयोग भी इस मामले में चुप्पी साधे दिख रहा है। राजनीतिक लाभ को उठाने के लिए सरकार किसी भी हद तक जा रही है। सरकार के षड्यंत्र ज्यादा नहीं चलेंगे, अब वो दिन दूर नहीं जब कांग्रेस सरकार को जनता हिमाचल में जड़ से उखाड़ कर बाहर का रास्ता दिखाएगी। सोलन नगर निगम मेयर के चुनाव प्रक्रिया 12 को शुरू हो गई थी, उस प्रक्रिया के बीच में संशोधन करना तर्कसंगत नहीं है, यह बिलकुल लोकतांत्रिक है।

## 3 किलो106 ग्राम नशे सहित आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

जिला बद्दी पुलिस का नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। पुलिस ने तीन अलग-अलग मामलों में 24 घंटे में 3 किलो 106 ग्राम नशे के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो कि बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ में नशा तस्करी का जाल बिछाकर काम कर रहे थे।

बद्दी पुलिस के इस नशे के खिलाफ अभियान के तहत 3.106 किलोग्राम नशे को लोगों व युवाओं तक पहुंचने से रोकने में बड़ी सफलता हासिल की है। जिला बद्दी पुलिस अधीक्षक इल्मा अफरोज ने नशे को बीबीएन से खत्म करने के लिए विशेष दल का गठन किया है, जिसका नाम विशेष दल एक्स रखा है। यह विशेष दल चिट्टा, चरस, चूरा पोस्त, नशीली गोलियों समेत अन्य प्रकार के नशे के खिलाफ काम कर रहा है। जिला बद्दी पुलिस अधीक्षक इल्मा अफरोज का कहना है कि नशे को जड़ से खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है और सफलता भी मिल रही है। 24 घंटे में बड़ी मात्रा में 3.106 किलोग्राम नशा बरामद किया है और तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि अगर कोई नशा बेचने व सेवन का काम करता है, तो पुलिस को सूचना दें और उसकी पहचान को भी गुप्त रखा जाएगा।


बद्दी पुलिस टीम की हिरासत में चूरा पोस्त समेत पकड़ा आरोपी।

### 24 घंटे में ये तीन मामले दर्ज

**पहला मामला:** पुलिस थाना रामशहर की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर एक मकान से महिला को गिरफ्तार किया, जिसके पास से 1.992 किलोग्राम चूरा पोस्त बरामद किया गया, जो कि नशा बेचने का काम करती थी।

**दूसरा मामला:** देर रात थाना पुलिस टीम ने ढेरोवाल स्थित मेडिकल डिवाइस पार्क के संपर्क मार्ग में एक व्यक्ति को पकड़ा, जिसकी तलाशी लेने पर 796 ग्राम चूरा पोस्त बरामद किया। आरोपी की पहचान कुलदीप कुमार पुत्र देव कुमार निवासी बेरसन मंझौली नालागढ़ से हुई।

**तीसरा मामला:** पुलिस टीम ने 318 ग्राम चरस समेत एक आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान भूपेंद्र कुमार पुत्र हरी सिंह गांव सरौहला तहसील करसोग मंडी से हुई, जो कि चरस तस्करी का काम करता था।

## ट्रक यूनियन बद्दी में 65 लोगों ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

रोटरी क्लब बद्दी द्वारा ट्रक यूनियन बद्दी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ ट्रक ऑपरेटर्स यूनियन नालागढ़ के प्रधान चौधरी हरभजन सिंह ने किया और उन्होंने रक्तदान के महत्व पर जोर देते हुए अन्य लोगों से भी रक्तदान करने की अपील की। रक्तदान परियोजना के अध्यक्ष कार्तिक शर्मा ने रोटेरियंस कविता बंसल, अनुभव भसीन, डॉ. सीएल भारद्वाज, विपन गुप्ता और दीपक जांगड़ा सहित अन्य रोटेरियंस ने रक्तदान की शुरुआत की। शिविर में ट्रक यूनियन के सदस्यों और स्थानीय 65 लोगों ने रक्तदान किया। यह आयोजन रोटरी क्लब और ब्लड बैंक सोसायटी रिसोर्स सेंटर, चंडीगढ़ के साथ तालमेल में डॉ. रोली अग्रवाल के नेतृत्व में करीब डेढ़ दर्जन कर्मचारियों की टीम ने रक्त एकत्रित किया। डॉक्टर रोहली अग्रवाल ने रक्त के बारे में विस्तार से बताया। क्लब की प्रधान कविता बंसल ने सभी रक्तदानियों का आभार जताया और कहा कि ब्लड बैंकों में रक्त की कमी के चलते अधिक से अधिक रक्तदान करना चाहिए।



ट्रक यूनियन बद्दी के सभागार में आयोजित रक्तदान शिविर के मौके पर रक्तदान करते हुए।

## नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दो युवक गिरफ्तार

**पांवटा साहिब।** सतौन में एक नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म करने के मामले में पांवटा पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। जानकारी मिली है कि सतौन के रहने वाले नाबालिग के पिता ने पांवटा थाने में शिकायत दर्ज करवाते हुए बताया कि उनकी बेटी के साथ अजय और मनीष ने दुष्कर्म किया है। इस दौरान उन्होंने बताया कि दोनों ही आरोपी युवक सतौन और कमरऊ के निवासी हैं। फिलहाल पुलिस ने शिकायत उपरांत दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और इस मामले को लेकर गहनता से जांच शुरू कर दी है। इस दौरान पांवटा थाने के प्रभारी करतार सिंह ने पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों युवकों को अदालत में पेश कर उनका दो दिन का पुलिस रिमांड लिया गया है। रिमांड के दौरान दोनों से पूछताछ की जाएगी।

## एनएसएस स्वयंसेवियों का नाहन कॉलेज में स्वागत

**अनंत ज्ञान, नाहन**

राजकीय महाविद्यालय नाहन की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के स्वयंसेवी आदर्श कुमार और साक्षी के नई दिल्ली में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेषातिथि के रूप में सफल सहभागिता के बाद कॉलेज में लौटने पर स्वागत किया गया।



इस अवसर पर उन्होंने एनसीसी, एनएसएस और आर एंड आर तीनों इकाइयों से संयुक्त रूप से अपने अनुभवों को साझा किया। आदर्श कुमार ने कहा कि 15 अगस्त को लाल किले पर देश के नेताओं के बीच बैठना एक सपना सच होने जैसा था। यह अनुभव हमें आगे भी समाज सेवा के लिए प्रेरित करेगा। आदर्श व साक्षी नें अपनी उपलब्धि का श्रेय कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रेमराज भारद्वाज, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पंकज चांडक व प्रो. लक्षिता को दिया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रेमराज भारद्वाज ने आदर्श कुमार और साक्षी को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह पूरे कॉलेज के लिए गर्व का क्षण है। आप दोनों ने न केवल कॉलेज का नाम रोशन किया है, बल्कि अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा स्रोत बने हैं।

## विभिन्न प्रजातियों के लगाए पौधे

**अनंत ज्ञान, सोलन**

रेसिडेंट वेलफेयर सोसायटी हाऊसिंग कॉलोनी फेज-एक ने अरहंत इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल नौणी सोलन के छात्रों और ट्रस्टियों के सहयोग से वार्ड-14 में पौधरोपण किया।

इसमें स्थानीय पार्षद राजीव कौड़ा ने विशेष रूप से शिरकत की। इस दौरान विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। पौधरोपण में स्कूली छात्रा काव्या, शिवांगी, ललिता, एरिका सहित पीटीआई वीरेंद्र अंगारिया, हरि सिंह तातर, रजत तातर, नवीन अरोड़ा, पंकज वर्मा ने सक्रिय भूमिका निभाई। राजीव कौड़ा ने भी पौधरोपण किया।


वार्ड-14 में पौधरोपण करते स्कूली छात्र व अन्य।

## गिरिपार के लोग विशेष फेरी वाले समुदाय से रहें सावधान : रणवीर

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर जिला भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष रणवीर ठाकुर ने गिरिपार के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को एक समुदाय विशेष के फेरी वालों से सतर्क और सावधान रहने की अपील की है।



ये फेरी वाले गांव-गांव जाकर आम लोगों के साथ ठगी कर रहे हैं और लोगों से विभिन्न प्रकार की सूचना एकत्रित करके न जाने कहां-कहां पहुंचा रहे हैं, जिन लोगों के पास गांव-गांव जाकर सामान बेचने की परमिशन नहीं है, उन्हें तुरंत पुलिस के हवाले किया जाना चाहिए, ताकि गांव के भोले-भाले लोगों को ठगी का शिकार होने से बचाए जा सके। उन्होंने खासकर युवाओं से आग्रह किया कि यदि उन्हें इस समुदाय के लोग ग्रामीणों के साथ ठगी करते हुए दिखें, तो उन्हें तुरंत पुलिस के हवाले किया जाना चाहिए।

## नाहन मेडिकल कॉलेज में प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, नाहन**

कोलकाता में ट्रेनी महिला डॉक्टर से दरिंदगी और हैवानियत के विरोध में देशभर में बवाल है। जिला मुख्यालय नाहन में भी जगह-जगह इस घटना का कड़ा विरोध हो रहा है।

मेडिकल कॉलेज नाहन में कई एसोसिएशन के पदाधिकारी एकत्रित हुए, जहां सभी मेडिकल यूनियनों ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की और इस मामले में आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। इस दौरान मेडिकल कॉलेज नाहन समेत अन्य अस्पतालों में ईमरजेंसी सेवाओं को छोड़कर बाकी सारी स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित रहीं। मेडिकल कॉलेज नाहन के अस्पताल परिसर में चिकित्सकों, प्रशिक्षु डॉक्टरों व अन्य मेडिकल एसोसिशन्स ने जमकर नारेबाजी की और अपना विरोध दर्ज किया। इस विरोध प्रदर्शन में शामिल मेडिकल ऑफिसर यूनियन, फार्मेसी एसोसिएशन और प्रशिक्षु चिकित्सकों ने महिलाओं की सुरक्षा को लेकर कठोर कानून बनाने और अपराधियों को सख्त से सख्त सजा देने की मांग उठाई। डॉक्टर्स ऐसोसिएशन मेडिकल कॉलेज नाहन के पदाधिकारी डॉ. विनय ने कहा कि कोलकाता में प्रशिक्षु महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या का एसोसिएशन कड़ा विरोध करती है।


मेडिकल कॉलेज नाहन में विरोध-प्रदर्शन करते डॉक्टर्स।

## एनएसयूआई की बैठक में अरिकेश ने छात्रों को बताई संगठन की बारीकियां



**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

युवा नेता अरिकेश जंग ने गुरु गोविंद सिंह कॉलेज में एनएसयूआई के स्टूडेंट्स के साथ एनएसयूआई कैंपस अध्यक्ष प्रिंस की अध्यक्षता में एक बैठक की। अरिकेश जंग ने कहा कि आप एक ऐसी पार्टी का अंग हो, जो सबको साथ लेकर चलती है, जो कभी किसी से भेदभाव नहीं करती। कांग्रेस पार्टी एक ऐसी पार्टी है, जब-जब सरकार में आई है, तब तब उन्होंने विकास के बड़े काम किए है। चाहे शिक्षा का क्षेत्र हो या स्वास्थ्य का क्षेत्र। आपको किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या हो आप मुझसे संपर्क कर सकते हैं। आपकी समस्या का समाधान किया जाएगा। इस मौके उनके साथ भगानी जॉन कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप चौहान, भाटावाली पंचायत प्रधान राकेश चौधरी, पूर्व रहे यूथ कांग्रेस अध्यक्ष मोहब्बत, बद्रीपुर पंचायत उपप्रधान शुभम चौधरी आदि मौजूद रहे।

**विरोध** बस स्टैंड तक हाथों में घटना के विरोध को लेकर स्लोगन के साथ कैंडल मार्च निकाला

## डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म को लेकर किया रोष प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या को लेकर दाड़लाघाट की स्थानीय जनता ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया।

इसके साथ दाड़लाघाट की स्थानीय निवासियों ने स्यार से लेकर दाड़ला बाजार होते हुए बस स्टैंड तक हाथों में घटना के विरोध को लेकर स्लोगन के साथ कैंडल मार्च निकाला। इस दौरान लोगों ने मामले में न्याय की मांग करते हुए और दुष्कर्म पीड़िता के प्रति अपनी एकजुटता व्यक्त की। कैंडल मार्च व शांति स्मृति निकालते हुए लोगों ने हर रेप पीड़ित महिला को श्रद्धांजलि दी और समाज को जागरूक बनाने की कोशिश की, ताकि समाज की हर एक स्त्री सुरक्षित और स्वतंत्र रह सके। समर्थन करने वाले लोगों ने नारे लगाए की रेपिस्ट को फांसी होनी चाहिए, समाज एक ऐसा सुरक्षित स्थान होना चाहिए, जहां पर स्त्री स्वतंत्रता के साथ रह सके, पढ़ाई कर सके, नौकरी कर सके, अपनी जिंदगी अपने ढंग से जी सके। प्रदर्शन के दौरान लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि यह प्रथा पहले से चली आ रही है कि अपनी लड़की को ज्ञान दिया जाए कि वह शाम के बाद बाहर सड़कों पर न जाए, ऐसी नौकरी न करें, जहां पर माहौल अच्छा न हो, दूसरे शहर की नौकरी न करें, बल्कि इस प्रकार अपने बेटे को भी एक अच्छा नागरिक बनाएं और शिक्षा दें की स्त्री की इज्जत करना उसका धर्म और उसकी सुरक्षा करना उसका परम कर्तव्य है।


दुष्कर्म और हत्या को लेकर दाड़लाघाट की जनता ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करते हुए।

## एबीवीपी नाहन इकाई का जघन्य रेप कांड के खिलाफ प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, नाहन**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नाहन इकाई ने आरजी मेडिकल कॉलेज में हुए जघन्य रेप कांड और हत्या के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया। परिषद ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। धरने का नेतृत्व प्रदेश महामंत्री मनीष बिरसांटा ने किया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया।



प्रदर्शनकारियों ने दोषियों को फांसी की सजा देने की पुरजोर मांग की और इस प्रकार की घटनाओं की कड़ी निंदा की। प्रदर्शन के दौरान एबीवीपी ने संबंधित अधिकारियों से त्वरित और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने की अपील की, ताकि पीड़िता को न्याय मिल सके। परिषद ने चेतावनी दी कि यदि दोषियों को सख्त सजा नहीं दी जाती है, तो वे इस मुद्दे पर व्यापक आंदोलन छेड़ने से पीछे नहीं हटेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### इगा सिनसिनाटी ओपन के सेमीफाइनल में



**मेसन (ओहियो)।** महिला एवं पुरुष वर्ग में विश्व के नंबर-1 खिलाड़ी क्रमशः इगा स्वियातेक और यानिक सिनर ने कड़ी मशक्कत करने के बाद सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। स्वियातेक ने 17 वर्षीय मीरा एंड्रीवा पर 6-4, 3-6, 7-5 से जीत के साथ अपना विजय अभियान 15 मैच तक पहुंचाया। उनका अगला मुकाबला आर्यना सबालेंका से होगा, जिन्होंने लुडमिला सैमसोनोवा को 6-3, 6-2 से हराया। सिनर ने आंद्रे रुबलेव को 4-6, 7-5, 6-4 से हराकर पिछले सप्ताह मोंट्रियल के क्वार्टर फाइनल में मिली हार का बदला चुकता किया। वह ओपन युग में इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले इटली के पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

### भारत 'ए' ने ऑस्ट्रेलिया 'ए' को हराया

**मैकाय (ऑस्ट्रेलिया)।** युवा लेग स्पिनर प्रिया मिश्रा के पांच विकेट के अलावा तेजल हसबनिस और राघवी बिष्ट के अर्धशतक से भारत 'ए' ने तीसरे और अंतिम एकदिवसीय मैच में ऑस्ट्रेलिया 'ए' को 171 रन से रौंद दिया। ब्रिसबेन में तीन टी-20 और यहां पहले दो एकदिवसीय मुकाबले गंवाकर लगातार पांच शिकस्त झेलने के बाद भारत 'ए' ने अंततः दौरे पर जीत का स्वाद चखा। तेजल की 66 गेंद में 50 और राघवी की 64 गेंद में 53 रन की पारी की बदौलत भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 243 रन बनाए। दिल्ली की 20 साल की प्रिया ने इसके बाद 14 रन देकर पांच विकेट चटकाते हुए ऑस्ट्रेलिया 'ए' को सिर्फ 72 रन पर ढेर करके मेहमान टीम को दौरे की पहली जीत दिलाई। कप्तानी मीनू मनि ने भी चार रन देकर दो विकेट हासिल किए। दोनों टीमों के बीच एकमात्र अनौपचारिक टेस्ट 22 अगस्त से गोल्ड कोस्ट में खेला जाएगा।



### अलीरेजा फिरोजा ने सेंट लुइस चरण जीता

**सेंट लुइस।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने ब्लिट्ज वर्ग में बेहतर प्रदर्शन किया, लेकिन इसके बावजूद सेंट लुइस रेपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट में अंतिम स्थान पर रहे।



प्रतियोगिता के अंतिम दिन प्रज्ञानानंदा के ब्लिट्ज वर्ग में आठ अंक रहे। वह इससे पहले रेपिड वर्ग में चार ही अंक जुटा पाए थे। इस ग्रैंड शतरंज टूर प्रतियोगिता में प्रज्ञानानंदा के कुल 12 अंक रहे। फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने रेपिड में 11 और ब्लिट्ज में 12 अंक से कुल 23 अंक के साथ खिताब जीता। फिरोजा ने दबदबा बनाते हुए दो दौर शेष रहते ही खिताब अपने नाम कर लिया था। इस जीत से फिरोजा को 40 हजार डॉलर की इनामी राशि मिली। प्रतियोगिता की कुल इनामी राशि एक लाख 75 हजार डॉलर थी। साथ ही इस नतीजे से फिरोजा ग्रैंड शतरंज टूर रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए। वह अमेरिका के फाबियानो करुआना से आगे निकल गए जो पिछली दो प्रतियोगिता जीतने के बाद यहां प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर पाए। फिरोजा के 30.58 अंक हैं और वे करुआना से काफी आगे हैं जिनके 26.75 अंक हैं। टूर रैंकिंग में तीसरे स्थान के साथ प्रतियोगिता की शुरुआत करने वाले प्रज्ञानानंदा 17.25 अंक के साथ पांचवें स्थान पर खिसक गए। प्रज्ञानानंदा को दो दिन में शुरू हो रही आखिरी प्रतियोगिता सिंकफील्ड कप में पोडियम में जगह बनाने के लिए किसी चमत्कार की जरूरत है। इस प्रतियोगिता में विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश भी हिस्सा लेंगे।

### लाहिड़ी संयुक्त 49वें स्थान पर खिसके



**व्हाइट सल्फर स्प्रिंग्स (अमेरिका)।** भारत के अनिर्बान लाहिड़ी यहां लिव गोल्फ ग्रीनबियर टूर्नामेंट में दूसरे दौर में शनिवार को एक ओवर 71 का निराशाजनक कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 49वें स्थान पर खिसक गए। लाहिड़ी 54 खिलाड़ियों की इस प्रतियोगिता में शुरुआती दौर के बाद संयुक्त रूप से 38वें स्थान पर थे। ओल्ड व्हाइट कोर्स में आसान परिस्थितियों के बावजूद वह दूसरे दौर में एक बर्डी के मुकाबले दो बोगी कर बैठे। जॉन रहम दूसरे दौर में आठ अंडर 62 के स्कोर के बाद तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए। उनका कुल स्कोर 14 अंडर का है और उनके पास दो शॉट की बढ़त है।

**महिला क्रिकेट** महिला अंडर-19 टी-20 विश्व कप-2025 आठ जनवरी से दो फरवरी तक खेला जाएगा

# विंडीज के खिलाफ अभियान शुरू करेगा भारत

**एजेंसी, दुबई**

गत चैंपियन भारत मलेशिया में अगले साल 18 जनवरी से 2 फरवरी तक होने वाले आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत वेस्टइंडीज के खिलाफ करेगा। भारत को ग्रुप-ए में मेजबान मलेशिया, वेस्टइंडीज और श्रीलंका के साथ जगह मिली है। भारत ने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका में फाइनल में इंग्लैंड को हराकर पहले टूर्नामेंट का खिताब जीता था।

इंग्लैंड, आयरलैंड, पाकिस्तान और अमेरिका को ग्रुप-बी में रखा गया है जबकि ग्रुप-सी में दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, समोआ और अफ्रीका से एक क्वालीफायर को जगह मिली है।

ग्रुप-डी में ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, स्कॉटलैंड और एशियाई से एक क्वालीफायर को रखा गया है। प्रत्येक ग्रुप की टीम राउंड रोबिन चरण में एक-दूसरे से भिड़ेंगी जिससे प्रत्येक टीम को ग्रुप चरण में तीन मैच खेलने को मिलेंगी। सभी चार ग्रुप से शीर्ष तीन टीम सुपर सिक्स चरण में जगह बनाएंगी।



चारों ग्रुप में अंतिम स्थान पर रहने वाली टीमें 24 जनवरी को अंतिम स्थान के प्लेऑफ में भिड़ेंगी। सुपर छह चरण में 12 टीम को 2 ग्रुप में बांटा जाएगा। ग्रुप-ए और डी की शीर्ष तीन टीम को ग्रुप एक जबकि ग्रुप-बी और सी की शीर्ष तीन टीम को ग्रुप दो में जगह मिलेगी। इस चरण में प्रत्येक टीम सुपर सिक्स चरण में क्वालीफाई करने वाली साथी टीमों के खिलाफ जीत से मिले अंक और नेट रन रेट के साथ आगे बढ़ेगी। प्रत्येक टीम सुपर सिक्स में दो मैच खेलेगी जो संबंधित ग्रुप के उन प्रतिद्वंद्वियों के विरुद्ध होंगे जो अन्य ग्रुप में अलग-अलग स्थान पर रहे थे। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम 31 जनवरी को होने वाले सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी, जबकि फाइनल दो फरवरी को होगा। सेमीफाइनल और फाइनल दोनों ही बेयुमास ओवल में खेले जाएंगे।

भारत अगर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करता है तो वह सेमीफाइनल दो खेलेगा जो 31 जनवरी को होगा। सेमीफाइनल और फाइनल दोनों के लिए रिजर्व दिन हैं। सेमीफाइनल के लिए एक फरवरी रिजर्व दिन है जबकि फाइनल के लिए तीन फरवरी रिजर्व दिन रखा गया है।

**16 टीमों के बीच 41 मुकाबले खेले जाएंगे**

**13 से 16 जनवरी तक 16 अभ्यास मैच होंगे**

### अब मलेशिया टूर्नामेंट का अकेला मेजबान

इस टूर्नामेंट की सह-मेजबानी थाईलैंड को भी करनी थी, लेकिन अब जब थाईलैंड मेजबानी से पीछे हट गया है तो मलेशिया अब इकलौता मेजबान है। इससे पहले 2008 में मलेशिया ने अंडर-19 पुरुष विश्व कप की भी मेजबानी की थी, जिसमें विराट कोहली, केन विलियम्सन, स्टीवन स्मिथ, इमाद वसीम, रीजा हेंड्रिक्स, ट्रेंट बोल्ट, रवींद्र जडेजा जैसे खिलाड़ी शामिल थे।

# विनेश फोगाट का सपना, बलाली गांव के पहलवान तोड़ें रिकॉर्ड

**एजेंसी, बलाली ( हरियाणा )**

पेरिस ओलंपिक से स्वदेश लौटने पर हुए भव्य स्वागत से अभिभूत विनेश फोगाट ने कहा कि अगर वह अपने गांव बलाली से महिला पहलवानों को प्रशिक्षित करके उन्हें खुद से अधिक सफल बना सके तो यह उनके लिए गर्व की बात होगी।

ओलंपिक में 50 किग्रा फाइनल में पहुंचने के बाद अधिक वजन के कारण अयोग्य घोषित की गईं विनेश का शनिवार को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। विनेश ने अपनी अयोग्यता के खिलाफ खेल पंचाट में अपील की थी लेकिन उसके तदर्थ प्रभाग ने उसे खारिज कर दिया था।

दिल्ली से अपने पैतृक गांव बलाली तक के रास्ते में विनेश को उनके समर्थकों और खाप पंचायतों ने सम्मानित किया। उन्हें 135 किलोमीटर की दूरी पूरी करने में



लगभग 13 घंटे का समय लगा। वह मध्य रात्रि के समय अपने गांव पहुंची। गांव वालों ने उनका पूरे उत्साह के साथ स्वागत किया।

पेरिस से यहां तक के लंबे सफर के कारण विनेश काफी थक गई थी लेकिन इसके बावजूद उन्होंने अपने प्रशंसकों को संबोधित किया।

विश्व चैंपियनशिप में दो बार की पदक विजेता विनेश ने उम्मीद जताई कि गांव का कोई खिलाड़ी उनकी विरासत को आगे बढ़ाएगा और उनसे अधिक सफलता हासिल करेगा।

उन्होंने कहा,''मैं तहेदिल से चाहती हूं कि गांव का कोई व्यक्ति मेरी विरासत को आगे ले जाए और मेरे रिकॉर्ड तोड़ दे। अगर मैं अपने गांव की महिला पहलवानों को बढ़ावा दे सकती हूं, तो यह मेरी सबसे बड़ी उपलब्धि होगी।''

विनेश ने कहा,,''अगर इस गांव से कोई पहलवान नहीं निकलता है तो यह निराशाजनक होगा। मैं आप सभी से अनुरोध करती हूं कि गांव की महिलाओं का समर्थन करें। अगर उन्हें हमारी जगह लेनी है तो उन्हें आपके सहयोग और समर्थन की जरूरत पड़ेगी।''

### हमारी लड़ाई जारी रहेगी सच्चाई की जीत होगी

पहलवान विनेश फोगाट ने कहा है कि भारतीय कुश्ती की बेहतरी के लिए भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के खिलाफ उनकी लड़ाई जारी रहेगी और उम्मीद जताई कि सच्चाई की जीत होगी। विनेश ने कहा, ''हमारी लड़ाई खत्म नहीं हुई है। लड़ाई जारी रहेगी और मैं भगवान से प्रार्थना करती हूं कि सच्चाई की जीत होगी।''

विनेश और उनके साथी ओलंपियन बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न को लेकर डब्ल्यूएफआई और उसके पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एक साल से अधिक समय से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। विनेश सहित छह पहलवान पिछले साल डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर धरने पर बैठे थे।

# ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर पैट कमिंस ने लिया आठ सप्ताह का ब्रेक

**एजेंसी, मेलबोर्न**

ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस ने इस साल के आखिर में भारत के खिलाफ प्रतिष्ठित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए होने वाली पांच टेस्ट मैच की सीरीज को ध्यान में रखते हुए आठ सप्ताह का ब्रेक लिया है। कमिंस अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट में भाग लेने के बाद हाल में ऑस्ट्रेलिया लौटे हैं।

ऑस्ट्रेलिया में गर्मियों के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए उन्होंने खुद को तरोताजा रखने के लिए विश्राम करने का फैसला किया है। इस कारण उन्हें इंग्लैंड के सीमित ओवरों के दौरे के लिए टीम में नहीं चुना गया है।

कमिंस ने कहा, ''ब्रेक के बाद वापसी करने पर हर कोई तरोताजा महसूस करता है। आपको इसका कभी अफसोस नहीं होता। मैं लगभग 18 महीने पहले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल से लगातार गेंदबाजी कर रहा हूं। इस ब्रेक से मुझे सात या आठ सप्ताह तक आराम करने का समय मिल जाएगा। इसके बाद मैं तरोताजा होकर गर्मियों के लिए तैयारी शुरू कर



सकता हूं।'' ऑस्ट्रेलिया ने 2017 के बाद से बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी नहीं जीती है और कमिंस यह सीरीज जीतने के लिए बेताब हैं।

उन्होंने कहा,'' मैंने अभी तक यहां ट्रॉफी नहीं जीती है। यह एक ऐसी ट्रॉफी है जिसे अभी तक हमारी टीम के कई खिलाड़ी नहीं जीत पाए हैं। गर्मियों में हमारा लक्ष्य इसे जीतना होगा। भारत की टीम वास्तव में बहुत अच्छी है। हम एक-दूसरे के खिलाफ काफी क्रिकेट खेलते हैं और एक-दूसरे को अच्छी तरह से समझते है, लेकिन मुझे लगता है कि इस बार हम ट्रॉफी जीतने के लिए अच्छी स्थिति में हैं।''

### रेहान पीजीटीआई पर पदार्पण करते हुए जीतने वाले दूसरे खिलाड़ी बने

**कोयंबटूर।** दुबई के रहने वाले रेहान थॉमस ने पीजीटीआई में अपने पदार्पण को यादगार बनाते हुए अंतिम दौर में चार अंडर 68 के स्कोर से कोयंबटूर ओपन गोल्फ



टूर्नामेंट का खिताब जीता। चौबीस साल रेहान कल तक संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर थे, लेकिन अंतिम दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए 14 अंडर 274 के कुल स्कोर से एक शॉट की बढ़त के साथ खिताब जीतने में सफल रहे।

वह पीजीटीआई में पदार्पण करते हुए जीत दर्ज करने वाले सिर्फ दूसरे गोल्फर हैं। थाईलैंड के परिया जुनहसवासदिकुल यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी थे जब उन्होंने 2016 में पीजीटीआई में पदार्पण करते हुए खिताब जीता था।

# लियोन ने जायसवाल से निपटने के लिए हार्टले से मांगे टिप्स

**एजेंसी, सिडनी**

दिग्गज ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की बोर्डर-गावस्कर सीरीज की तैयारी शुरू कर दी है और उन्होंने उभरते हुए स्टार बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल से निपटने के लिए इंग्लैंड के स्पिनर टॉम हार्टले से सलाह ली है।

पिछले साल वेस्टइंडीज में पदार्पण पर शतक बनाने वाले जायसवाल ने इस साल की शुरुआत में घरेलू मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की सीरीज में 712 रन बनाए थे, लेकिन ऑस्ट्रेलियाई पिचों पर मिलने वाली गति और उछाल मुंबई के इस बल्लेबाज के लिए अलग चुनौती पेश करेगी। लियोन ने कहा, ''मेरा अभी तक उनसे (जायसवाल) सामना नहीं हुआ है, लेकिन यह हम सभी गेंदबाजों के लिए एक बड़ी चुनौती होगी।''

उन्होंने कहा, ''जिस तरह से वह (जायसवाल) इंग्लैंड के खिलाफ खेला,



मैंने उसे काफी करीब से देखा और मुझे लगा कि यह शानदार था।''

लियोन ने कहा, ''मैंने टॉम हार्टले (इंग्लैंड के बाएं हाथ के स्पिनर) के साथ अलग-अलग गेंदबाजों के खिलाफ उसके खेलने के तरीकों के बारे में काफी अच्छी बातचीत की जो मुझे काफी दिलचस्प लगी।''

लियोन लंकाशर की ओर से इंग्लिश काउंटी में खेले और उन्हें हार्टले के साथ बातचीत करने का मौका मिला जिन्होंने भारत के खिलाफ चार टेस्ट मैच में 20 विकेट लिए थे और वह ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्हें जायसवाल के खिलाफ खेलने का अनुभव है। ऑस्ट्रेलिया ने 2014-15 में बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2-0 से जीतने के बाद से भारत के खिलाफ अगली चार सीरीज गंवाई हैं। इनमें से दो सीरीज विराट कोहली (2016-17, 2018-19) की अगुवाई में जबकि एक-एक अजिंक्य रहाणे (2021) और रोहित शर्मा (2023) की अगुवाई में खेली गई।

लियोन के अलावा 2014-15 सीरीज में खेलने वाले जोश हेजलवुड अब भी ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा हैं और उन्होंने स्वीकार किया कि भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के हालिया परिणाम उनके रिकॉर्ड में एक बड़ी कमी दर्शाते हैं।

### टेस्ट क्रिकेट के 150 साल पूरे होने पर इंग्लैंड की मेजबानी करेगा ऑस्ट्रेलिया

**मेलबोर्न।** ऑस्ट्रेलिया 2027 में टेस्ट क्रिकेट के 150 साल पूरे होने के अवसर पर मेलबोर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में एकमात्र टेस्ट मैच के लिए इंग्लैंड की मेजबानी करेगा। पहला टेस्ट मैच मार्च 1877 को ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एमसीजी में खेला गया था।

ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच 45 रन से जीता था। इन दोनों टीमों के बीच 1977 में टेस्ट क्रिकेट के 100 साल पूरे होने पर भी मैच खेला गया था जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने इसी अंतर से जीत हासिल की थी। इसके अलावा क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 2024-25 से 2030-31 तक के अगले सात सत्र के लिए पुरुष टीम के टेस्ट, वनडे, टी-20 अंतरराष्ट्रीय और अन्य मैचों के लिए मेजबान स्थलों को भी अंतिम रूप दिया।

**दूसरा टेस्ट** मेजबान वेस्टइंडीज को 40 रनों से हराया, लगातार 10वीं टेस्ट सीरीज अपने नाम की

# दक्षिण अफ्रीका ने 1-0 से जीती सीरीज

**एजेंसी, प्रोविडेंस ( गयाना )**

केशव महाराज की शानदार गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन ही 40 रन से हराकर दो टेस्ट मैचों की सीरीज 1-0 से जीती। दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज के सामने 263 रन का लक्ष्य रखा था, लेकिन उसकी टीम 222 रन पर आउट हो गई। यह लगातार 10वां अवसर है जबकि दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज से टेस्ट सीरीज जीती। पहली पारी में दो विकेट लेने वाले महाराज ने दूसरी पारी में 37 रन देकर तीन विकेट लिए।

तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने 50 रन देकर तीन विकेट लिए। वेस्टइंडीज की तरफ से 9वें नंबर के बल्लेबाज गुडाकेश मोती ने सर्वाधिक 45 रन बनाए।

महाराज ने टेस्ट क्रिकेट में अपने कुल विकेटों की संख्या 171 पर पहुंचा दी है और इस तरह से



विकेट लेने के बाद खुशी मनाते दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी।

वह दक्षिण अफ्रीका के सबसे सफल स्पिनर बन गए हैं।

उन्होंने ह्यू टेफील्ड को पीछे छोड़ा। महाराज ने वेस्टइंडीज के खिलाफ वर्तमान सीरीज में 13 विकेट लिए। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने पांच विकेट पर 223 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई लेकिन उसकी पूरी टीम 246 रन पर आउट हो गई।

वेस्टइंडीज के सामने 263 रन का लक्ष्य था लेकिन उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाज नहीं चल पाए। मोती और जोशुआ डा सिल्वा (27) ने 77 रन की साझेदारी करके उम्मीद जगाई लेकिन महाराज ने इन दोनों को आउट करके दक्षिण अफ्रीका की जीत सुनिश्चित की।

### 'प्लेयर ऑफ द सीरीज'



**दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 13 विकेट लेने के लिए केशव महाराज को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया।**

### अब खेली जाएगी टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज

दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 160 रन बनाए थे। इसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 144 रन पर आउट हो गई थी। इन दोनों टीम के बीच बारिश से प्रभावित रहा पहला टेस्ट मैच ड्रॉ रहा था। अब इन दोनों टीम के बीच तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच की सीरीज खेली जाएगी।

